# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 218, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स 746 अंक उछला, निफ्टी में भी बढ़त

बीएसई सेंसेक्स 746 अंक उछलकर 80,000 के ऊपर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी में 222 अंकों की तेजी रही।

} 14

## सदन को बंधक नहीं बनाया जा सकता : नड्डा

सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा जरूर होनी चाहिए लेकिन सदन को बंधक भी नहीं बनाया जा सकता। नड्डा ने कहा कई वधेयक पारित करने में विपक्ष ने बाधा डाली।

} 16



## पीएम ने सांसदों के लिए फ्लैट का किया उद्घाटन



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए राष्ट्रीय राजधानी के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने फ्लैट के बहुमंजिला परिसर का उद्घाटन किया और सुझाव दिया कि इनमें रहने वाले सांसदों को भारत के विभिन्न त्योहार सामूहिक रूप से मनाना चाहिए तथा स्वच्छता पर प्रतिस्पर्धा करना चाहिए। मोदी ने कहा कि परिसर में विभिन्न राज्यों के सांसदों का रहना एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक होगा और यदि वे अपने-अपने राज्यों के त्योहार यहां सामूहिक रूप से मनाएं तो यह अच्छा कदम होगा। उन्होंने अपने प्रतिद्वन्द्वियों पर तंज करते हुए कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी के अगले 25 साल के विकास का गवाह बनेगा मानसून सत्र

### 13-14 अगस्त को लगातार 24 घंटे सदन में होगी चर्चा, 'विकसित यूपी' का अपना संकल्प, विपक्ष करे सार्थक चर्चा, सरकार देगी जवाब

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सत्र की महत्ता, सरकार की योजनाओं और विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सत्र स्वतंत्रता के अमृत काल के तीसरे वर्ष में होने के साथ-साथ राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार का मानसून सत्र विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सरकार अगले 25 वर्षों की कार्ययोजना को सदन के पटल पर रखेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार 'विकसित यूपी' का विजन लेकर आगे बढ़ रही है। इस विजन को नीति आयोग और



विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी 13 और 14 अगस्त को लगातार 24 घंटे इस विजन पर सदन में चर्चा होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में सभी नेताओं के बीच इस पर सहमति बनी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चर्चा न केवल विधानसभा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सपा व लोकतंत्र नदी के दो छोर : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानसून सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर तीखा हमला बोला। सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए सीएम योगी ने कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

सीएम योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को एक वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा कि कुछ लोग उनके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि माता प्रसाद पांडेय जी, आप वरिष्ठ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में 13 गिरफ्तार

लखनऊ। बुलंदशहर और मिर्जापुर जिले में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिसने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिर्जापुर जिले में पुलिस ने सोमवार को अवैध धर्मांतरण के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, ओमकार नाथ केशरी नाम के व्यक्ति ने जमालपुर थाने में रविवार को एक शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि आरोपी ईसाई धर्म का प्रचार करने के बहाने गांव के भोले-भाले लोगों को धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी पुलिस को अभियुक्तों की गिरफ्तारी का निर्देश दिए। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जमालपुर में डबक नहर के पास स्थित एक मकान से नामजद चार लोगों चन्दन राम, उसकी पत्नी ऋतु, जगदीश राम और रामलोचन राम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से सात धार्मिक किताबें और ...शेष पृष्ठ 14 पर

### डेकेयर सेंटर में बच्ची की पिटाई करने वाली गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में पुलिस ने नोएडा स्थित एक डेकेयर में काम करने वाली एक सहायिका को 15 महीने की एक बच्ची की पिटाई करने और उसका सिर दीवार पर पटकने के आरोप में हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं बच्ची की मां ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी की जांघों पर काटने के निशान भी हैं। यह घटना चार अगस्त को मध्य नोएडा के सेक्टर 142 थानाक्षेत्र के सेक्टर 137 स्थित ब्लिपी नाम के डेकेयर में हुई। पुलिस ने नाबालिग सहायिका को हिरासत में ले लिया और सात अगस्त को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम 2023 की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान करना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी।

# हंगामे की भेट चढ़ा मानसून सत्र का पहला दिन

### ○ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया बार-बार अनुरोध ○ चार विधेयक पेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गोरखपुर दौरे के दौरान उनके साथ हुई बदसलूकी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे गाड़ी से खींचने की कोशिश की गई। सत्र के दौरान प्रदेश में परिषदीय स्कूलों के विलय और बिजली निजीकरण के मुद्दे पर गहमागहमी का माहौल बन गया। विपक्ष के लगातार हंगामा और नारेबाजी से सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

सत्र की शुरूआत होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गोरखपुर में बन रहे विरासत गलियारे को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर वे गोरखपुर के व्यापारियों की समस्याएं सुनने गए थे, जिनकी दुकानें तोड़ी जा रही हैं और मुआवजे की बात नहीं हो रही। माता प्रसाद ने बताया कि पांड़े हाता और जटाशंकर चौराहे पर उनके साथ बदसलूकी हुई। उनकी गाड़ी को रोका गया, बोनट पीटा गया, और अभद्र नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। पांडेय ने मुख्यमंत्री से इस घटना की जांच की मांग की।

जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, सपा और लोकतंत्र नदी के दो अलग-अलग छोर हैं। सपा को लोकतंत्र पर बोलना शोभा नहीं देता। सीएम ने कहा कि गोरखपुर का



विरासत गलियारा पुरानी मंडी के पुनरुद्धार और भीड़भाड़ खत्म करने के लिए बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले उन्होंने स्वयं व्यापारियों से मुलाकात की थी और मुआवजे का आश्वासन दिया था। योगी ने सपा पर आरोप लगाया कि वह विकास कार्यों में बाधा डाल रही है और व्यापारियों ने ही पांडेय का विरोध किया, न कि बीजेपी ने। योगी ने तंज कसते हुए कहा, गोरखपुर के व्यापारियों ने तो आपका सम्मान किया, अगर कोई और होता तो जवाब और कड़ा होता। उन्होंने सपा के शासनकाल में गुंडा टैक्स और अराजकता का जिक्र करते हुए कहा कि सपा को विकास और सुरक्षा की बात करने का कोई हक नहीं। इस जवाब से नाराज माता प्रसाद पांडेय ने फिर जांच की मांग की और कहा, सदन धमकी से नहीं चलता। इसके बाद सपा विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने निधन के निर्देश पढ़े।

इस दौरान सभी लोग शांत हो गए। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष के अपमान के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस कारण सदन को दो बार स्थगित करना पड़ा। 12.20 बजे से फिर से कार्यवाही शुरू हुई। सपा विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने विधानसभा में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। सतीश महाना ने नियम-56 के तहत सपा सदस्यों से बार-बार अपनी बात रखने का अनुरोध किया, लेकिन वे नारे लगाते रहे, इस बीच नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि सरकार की हठधर्मिता के कारण सदन नहीं चल पा रहा है। पांडेय ने कहा कि अगर बाढ़, बिजली और बेरोजगारी जैसे मामलों पर चर्चा नहीं हो पा रही है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की है.। संसदीय कार्य व वित्त मंत्री खन्ना ने पांडेय का जवाब देते हुए कहा, सपा नहीं चाहती है कि सदन चले। हम जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बाढ़ में राहत और बचाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाई गई मंत्रियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत ने पाकिस्तान को परमाणु धमकी पर दी चेतावनी

नयी दिल्ली। पाकिस्तानी फौज के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की अमेरिकी धरती से भारत को दी गई परमाणु हमले की धमकी पर नयी दिल्ली ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पड़ोसी मुल्क की आदत है।

भारत ने कहा कि मुनीर की टिप्पणी ने सेना और आतंकवादी समूहों के बीच सांठगांठ वाले पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण की विश्वसनीयता को लेकर व्याप्त संदेह को और पुष्ट किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता रहेगा। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश में कहा कि यह खेदजनक है कि ये टिप्पणियां किसी तीसरे मित्र देश की धरती से दी गई हैं। फ्लोरिडा के टाम्पा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कथित तौर पर परमाणु हमले की धमकी देते हुए कहा था कि भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश के अस्तित्व को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फतेहपुर में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़

### मकबरे को मंदिर बताकर किया प्रदर्शन, बढ़ायी गयी सुरक्षा-व्यवस्था

जिला संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में सोमवार सुबह हिंदू संगठनों के सदस्यों ने एक मकबरे को मंदिर बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से परिसर में प्रार्थना करने की अनुमति मांगी। हिंदू संगठनों ने दावा किया कि नवाब अबू समद का मकबरा ठाकुर जी के एक प्राचीन मंदिर को तोड़कर बनाया गया था।

हिंदू संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद फतेहपुर जिले में स्थित सदियों पुराने इस ढांचे के आसपास सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम कड़े कर दिए गए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में हिंदू संगठनों के सदस्यों को कथित तौर पर हंगामा करते हुए, ढांचे के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ करते हुए और



भगवा झंडा फहराते हुए देखा जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाई के अध्यक्ष मुखलाल पाल ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी थी कि वह हिंदू संगठनों के साथ मिलकर 11 अगस्त को उस जगह पर पूजा-अर्चना करेंगे। उन्होंने दावा किया था कि सदियों पुराना यह ढांचा एक मंदिर था क्योंकि समाधि के अंदर एक शिवलिंग स्थित है। पाल ने दावा किया कि यह स्थल ठाकुर जी का मंदिर था, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विपक्ष ने सदन से सड़क तक निकाला मार्च

### राहुल, प्रियंका समेत विपक्षी दलों के 30 से अधिक सांसदों को हिरासत में लिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च निकाल रहे विपक्षी दलों के 30 से अधिक सांसदों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए सांसदों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत और तृणमूल कांग्रेस की नेता सागरिका घोष शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि विपक्षी नेताओं को हिरासत में लेकर संसद मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया क्योंकि निर्वाचन आयोग ने केवल




30 सांसदों को ही अपने परिसर में प्रवेश की अनुमति दी थी लेकिन प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में थे। पुलिस ने कहा कि किसी ने भी निर्वाचन आयोग से विरोध मार्च की अनुमति नहीं मांगी थी। विपक्षी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रिजीजू ने विपक्ष से चर्चा में भाग लेने की अपील की

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संसद की कार्यवाही में बार-बार हो रहे व्यवधान के लिए सोमवार को कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि सरकार अब लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों में महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की दिशा में आगे बढ़ेगी, जिसके बाद संसद में आठ विधेयक पारित किए गए। रीजीजू ने संवाददाता सम्मेलन में मानसून सत्र जल्द समाप्त होने की ओर इशारा करते हुए और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों से संसद की कार्यवाही चलने देने की अंतिम अपील ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


○ जेलर समेत चार जेलकर्मी निलंबित (पृष्ठ-02)
○ पीडीए पाठशाला का मॉडल लेकर पहुंचे विधायक (पृष्ठ-02)
○ एसएमई को बीएसई की मुख्य सूची में लाने के मानक सख्त (पृष्ठ-14)
○ अस्थिरता की सोची समझी रणनीति : प्रधान (पृष्ठ-14)
○ सोना रिकॉर्ड स्तर से 900, चांदी एक हजार फिसली (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** आठ सप्ताह में लगभग 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनायें दिल्ली-एनसीआर के प्राधिकार

# सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के दिये निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। आवारा कुत्तों के काटने से, विशेष रूप से बच्चों में होने वाली रेबीज की समस्या के कारण अत्यंत गंभीर स्थिति के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर के प्राधिकारों को निर्देश दिया कि वे सभी आवारा कुत्तों को शीघ्रतापूर्वक उठाएं और उन्हें आश्रय स्थलों में रखें।

न्यायालय ने कहा कि समय के साथ कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ानी होगी। न्यायालय ने दिल्ली के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे छह से आठ सप्ताह के भीतर लगभग 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाएं। आवारा कुत्तों की समस्या



**आवारा कुत्तों की समस्या को अत्यधिक गंभीर है, यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने और उन्हें पकड़ने के काम में बाधा डालता है और इसकी सूचना हमें दी जाती है, तो हम ऐसी किसी भी बाधा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।**



को अत्यधिक गंभीर बताते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन ने कई निर्देश पारित किए और चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। पीठ ने कहा यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने और उन्हें पकड़ने के काम में बाधा डालता है और इसकी सूचना हमें दी जाती है, तो हम ऐसी किसी भी बाधा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। पीठ ने कहा कि क्या पशु कार्यकर्ता और कथित पशु प्रेमी उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज का शिकार हो गए। अदालत ने कहा, क्या वे उन बच्चों की जिंदगी वापस ला पाएंगे? जब स्थिति की मांग होती है, तो आपको कार्वाई करनी ही होती है। उच्चतम न्यायालय 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान में लिये गए उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जो राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज फैलने को लेकर था। शीर्ष अदालत ने सोमवार को दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा एवं गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी : सड़क हादसों के दौरान 7 लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

○ श्रावस्ती व भदोही में हुईं दुर्घटनाएं

**लखनऊ।** श्रावस्ती और भदोही जिले में हुए गंभीर सड़क हादसों के दौरान सात लोगों की मौत हो गईं। श्रावस्ती जिले में नवाबगंज-रूपईडीहा मार्ग पर सोमवार सुबह एक मोटरसाइकिल से टक्कर होने के बाद अनियंत्रित हुए ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बच्चियों समेत एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।

हरदत्त गिरन्ट थाना प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि बहराइच जिले के रिसिया थानाक्षेत्र के मंगलपुरवा गांव निवासी विजय वर्मा अपनी पत्नी व एक वर्षीय बेटी के साथ अपनी बहन व उसके दो बच्चों को बाइक से रूपईडीहा छोड़ने के लिए निकला था। बेगमपुर गांव के निकट एक ही परिवार के चार लोग सड़क पर सवारी का इंतजार कर रहे थे। सामने से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क पर खड़े अन्य लोगों को कुचल दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल छह लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्कों ने विजय वर्मा (30), उसकी बहन मंगलवती (40), मंगलवती की दो बेटियों नीतू (18) और ज्ञानपति (नौ) को मृत घोषित ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# प्रदेश के विकास व जनहित के कार्यों में विपक्ष की रुचि नहीं

## विपक्ष के गैरजिम्मेदाराना व अलोकतांत्रिक व्यवहार से सदन की कार्यवाही हुई स्थगित : खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा सोमवार को विपक्ष के अराजकतापूर्ण रवैया एवं हंगामें के कारण विधानसभा की कार्यवाही न चलने देने को प्रदेश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री एवं नेता सदन तथा पूरी सरकार की ओर से विपक्ष के सवालों का लोकहित में तर्कपूर्ण जवाब देने के लिए सदन में उपस्थित थे। परंतु विपक्ष के गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक

**विधानसभा**

व्यवहार से सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई। प्रदेश की सम्मानित जनता को भी विपक्ष की इस अराजकता एवं गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली को गंभीरता से लेनी चाहिए। विपक्ष की इस प्रकार की कार्यसंस्कृति जनहित एवं प्रदेश के विकास के लिए बाधक है।

बेवजह एवं अनुपयोगी मुद्दों को सदन में उठाकर सदन को न चलने देना किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। योगी सरकार विगत 08 वर्षों से लगातार जनहित के कार्यों और राज्य के विकास के लिए तत्पर है। प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं उन्नति विपक्ष को रास नहीं आ रही है। विपक्ष द्वारा अपने समय के कार्यकाल के दौरान किए गए जनता का उत्पीड़न और विकास कार्यों की अनदेखी पर मंथन करना चाहिए न कि वर्तमान योगी सरकार की कार्यसंस्कृति व विकास कार्यों पर सवाल उठाने चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्य कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर दिख रहे है, जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। संसदीय कार्य मंत्री श्री खन्ना ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास और यहां के निवासियों की खुशहाली के लिए विपक्ष की ओर से बेवजह सदन न चलने देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। सदन के इतिहास में यह पहला मौका था कि विपक्ष की ओर से शोक प्रस्ताव के समय परंपरा का भी पालन न करते हुए बहुत ही अशोभनीय कार्य किया गया और अव्यवस्था फैलाई गई। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के उठाए गए प्रश्नों का जवाब दिया। फिर भी विपक्ष अपनी गंदी मानसिकता से बाज नहीं आया।

## आठ अस्पतालों में कैंसर के इलाज की व्यवस्था: पाठक

विधायक पल्लवी पटेल ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कैंसर रोगियों के लिए सरकारी सुविधाओं और कैंसर संस्थान को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि क्या सरकार के विजन डॉक्यूमेंट में कैंसर के इलाज के लिए कोई सुविधा बढ़ाई जाएगी? प्रश्न का उत्तर देते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में कानपुर मेडिकल कॉलेज, केजीएमयू, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज समेत आठ बड़े अस्पतालों में कैंसर का इलाज किया जा रहा है। कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में रिसर्च जारी है। जरूरत हुई तो केंद्र सरकार से बात करके आगे भी रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे।

# पीडीए पाठशाला का मॉडल लेकर पहुंचे सपा विधायक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन विधान भवन प्रांगण में सदस्य विभिन्न अंदाज में दिखे। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने पोस्टर के साथ विरोध जताना शुरू किया तो भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी उनको देने उतरे। विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के विधायकों और एमएलसी सदन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। सपा विधायक बारिश में पीडीए पाठशाला का मॉडल लेकर पहुंचे थे। विपक्षी दल के सदस्यों ने हंगामा शुरू किया तो भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी पलटवार करने लगे। मानसून सत्र के पहले दिन सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों में पोस्टर वार होने लगा। सदन में और विधानसभा से बाहर मुख्य द्वार पर प्रतिपक्ष में सपा विधायक नारेबाजी और हंगामा करते रहे।

**सपा विधायक कांवड़ लेकर पहुंचे, स्कूल मर्जर पर उठाए सवाल :** समाजवादी पार्टी के विधानसभा और विधान परिषद सदस्य विधान भवन में विभिन्न रंग रूप में दिखे। कोई काले कपड़े पहने था तो कोई अलग स्टाइल के कपड़े धारण करके आया था। किसी ने तिरछी टोपी पहनी थी तो कोई अंगौछा धारण करके सरकार का विरोध कर रहा था। मेरठ की सरधना सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान कांवड़ लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे। इस कांवड़ में एक तरफ लिखा था हमें चाहिए पाठशाला और दूसरी तरफ था हमें नहीं चाहिए मधुशाला। उत्तर प्रदेश में गांवों में बेसिक शिक्षा के स्कूल बच्चों की नींव हैं। अतुल प्रधान ने सत्र में स्कूल

**विधानसभा**

मर्जर को लेकर सवाल उठाए और कहा कि सरकारी स्कूलों को बंद करने का नियम किसने बनाया है। 2019 में पहले बंद करने का काम किया। आखिर सरकारी स्कूलों में कौन पढ़ता है। यहां गरीब-मजदूर छोटा-मोटा व्यापार करने व्यापार करने वालो के बच्चे पढ़ते हैं। विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष पार्टियों ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। सपा ने पीडीए के मुद्दें को लेकर सड़क से सदन तक जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने भी सरकार को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। समाजवादी पार्टी के सभी विधायकों ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, प्राथमिक स्कूलों को बंद करने और मर्जर करने, खाद की समस्या, कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, वोट चोरी के विरोध और बाढ़ की समस्या को लेकर विधानसभा भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना देकर- प्रदर्शन किया। सपा के सभी विधायक लाल टोपी लगाकर हाथों में बैनर पोस्टर लेकर धरने में शामिल हुए। नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय, नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में धरने में सभी विधायक शामिल हुए। जनता के मुद्दों को लेकर विधायकों के धरने से एक दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में विधानमंडल की बैठक में रणनीति तय हुई थी। रणनीति के अनुसार पार्टी के सभी विधायकों ने जनता के मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया। सपा के विधायकों ने हाथों में मतदाता की आवाज दबाया, बीजेपी ने लोकतंत्र को बेबस बनाया।

## चुनाव आयोग भाजपा के कार्यालय से क्यों चल रहा है : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने चुनाव आयोग का रिमोट बीजेपी कार्यालय से चलने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग अब जनता के नहीं, बल्कि बीजेपी के आदेश पर चल रहा है। चैलेंज देने से पहले चुनाव आयोग यह जवाब दे कि वह बीजेपी के कार्यालय से क्यों संचालित हो रहा है। आज एआई और तकनीक के युग में, जब सेकेंडों में दुनिया का डेटा साझा हो सकता है, तब चुनाव आयोग विपक्ष और जनता को इलेक्ट्रॉनिक डाटा देने से क्यों डर रहा है? यह डर इस बात का सबूत है कि चुनाव की चोरी हो चुकी है और चुनाव आयोग इसमें बराबर का भागीदार है।

# नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे के साथ हुए दुर्व्यवहार की जांच हो : कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

- कांग्रेस विधानमंडल नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्पष्टीकरण देने की उठायी मांग

**विधानसभा**

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने नेता विपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पांडे जैसे वरिष्ठ नेता के साथ नेता सदन के द्वारा अमर्यादित भाषा और असम्मानजनक व्यवहार को लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला बताया है।

उन्होंने कहा कि यह एक गम्भीर विषय और अत्यंत दुखद है कि नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे ने नेता सदन के समक्ष, अपने साथ गोरखपुर में हुए दुर्व्यवहार की बात रखना चाहते थे और गोरखपुर की घटना की जांच चाहते थे, लेकिन आज जिस तरह सदन के अंदर नेता विपक्ष की बात न सुनकर, नेता सदन ने अमानवीय और असंवेदनशील रवैया अपनाया और विषय की गंभीरता को न समझ उपहास जैसा बयान दिया, यह बहुत गलत है। एक तरफ भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा का वादा करती, बातें करती है, लेकिन नेता विपक्ष के जिस तरह घटना हुई, भाजपा नेताओं ने दुर्व्यवहार किया और सुरक्षा की अनदेखी हुई यह सरकार के अहंकार को दर्शाता है। सरकार सदैव एक पार्टी की नही रहती, कभी हम भी सत्ता में थे आज विपक्ष में हैं, आप यहां थे आज सत्ता में हैं लेकिन मयार्दाएं टूटनी नही



चाहिए।सदन के किसी भी सदस्य का अपमान पूरे सदन का अपमान है, हमें उम्मीद थी कि सरकार आज इस पर गंभीर रुख अपनाकर जांच कराती और दोषियों पर कार्यवाही का भरोसा देती लेकिन उल्टा सदन के सदस्य को अमर्यादित भाषा से अपमानित किया जा रहा है ये दुर्भाग्यपूर्ण है। आराधना मिश्रा मोना ने नेता विपक्ष व पूर्व अध्यक्ष एवं सदन के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पांडे का अपमान लोकतंत्र की आत्मा, संसदीय गरिमा और राजनीतिक मयार्दाओं पर हमला है। कांग्रेस पार्टी की मांगें: नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने मांग की कि नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे के साथ गोरखपुर में सुरक्षा चूक और हुए दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को चिह्नित किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष को इस मामले में स्पष्ट और सार्वजनिक स्पष्टीकरण देना चाहिए। सरकार को सदन में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे से औपचारिक माफी मांगनी चाहिए। भविष्य में सदन के सदस्य और सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए आचार संहिता लागू की जाए। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अगर आज एक वरिष्ठ नेता के साथ ऐसा हो सकता है, तो कल किसी भी जनप्रतिनिधि की आवाज दबाई जा सकती है। यह लोकतंत्र का प्रश्न है, किसी एक दल का नहीं।

## सदन में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत दिवंगत सदस्यों को दी गयी श्रद्धांजलि

**विधानसभा**

**लखनऊ।** विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन के पूर्व सदस्य व पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी व कुंवर आनन्द सिंह समेत दिवंगत अन्य सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बागपत से पूर्व विधायक व पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, गाजियाबाद जिले के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी, गोंडा जिले के पूर्व सदस्य व पूर्व मंत्री कुंवर आनन्द सिंह, जौनपुर जिले के पूर्व सदस्य राम पारस रजक, मऊ के नत्थूपुर क्षेत्र से विधायक जगदीश, रायबरेली के विधायक गिरीश नारायण पांडेय, बलिया जिले के पूर्व विधायक हरदेव राम और कानपुर जिले के पूर्व विधायक नेक चंद्र पांडेय को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं कुशीनगर जिले से विधायक रहे पूर्णमासी देहाती, बुलंदशहर जिले के छत्रपाल सिंह छतर सिंह, एटा जिले के पूर्व विधायक रज्जन पाल सिंह, फरुर्खाबाद जिले से विधायक छोटे सिंह यादव, भदोही जिले के विधायक राम रति बिंद और प्रतापगढ़ जिले के पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण पांडेय गुरु को सदन की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी। महाना ने कहा, विधानसभा के इन पूर्व सदस्यों के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। मैं अपनी और सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा उनके शोक संतप्त परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# स्थानीय और बाहरी 1278 लोगों का किया गया सुरक्षित रेस्क्यू

प्रमुख संवाददाता (vol)

- धराली आपदा का सातवां दिन : 24 नेपाली मजदूर, 09 सेना के जवान, 13 बिहार व उप्र के 06 सहित 66 लापता लोगों की खोज जारी
- सीएम धामी के निर्देश पर 98 आपदा पीड़ितों को दी गई पांच-पांच लाख की चैकें
- हर्षिल क्षेत्र में भागीरथी नदी पर बनी अस्थाई झील से पानी की निकासी शुरू



**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में 5 अगस्त को बादल फटने से हुई भीषण आपदा के सातवें दिन भी राहत और बचाव कार्य पूरी गति से जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर प्रशासन और सेना मिलकर युद्धस्तर पर अभियान चला रहे हैं। सोमवार को धराली के 98 आपदा प्रभावितों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

साथ ही, हर्षिल में भागीरथी नदी पर बनी झील से पानी निकालने का कार्य भी तेज कर दिया गया है ताकि निचले इलाकों में संभावित खतरे को टाला जा सके। मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने उत्तरकाशी के आपदा प्रबंधन केंद्र में जानकारी दी कि अब तक स्थानीय व अन्य प्रदेशों के कुल 1278 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। धराली आपदा में अभी भी 66 लोग लापता हैं, जिनमें सेना के 9 जवान, धराली के 8 ग्रामीण, पास के क्षेत्रों के 5 लोग, टिहरी जिले का 1, बिहार के 13, उत्तर प्रदेश के 6 व्यक्ति और 24 नेपाली मजदूर शामिल हैं। आज धराली गांव के युवक आकाश पंवार का शव मलबे से बरामद हुआ, जिसके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बीती रात लिमच्यागाड में वैली ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है। अब डबरानी और सोनगाड के बीच क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है, जिसे मंगलवार शाम तक बहाल करने का लक्ष्य है। ब्रिज बनने के बाद भारी मशीनरी डबरानी क्षेत्र में भेज दी गई है।

खच्चरों के जरिए गैस सिलेंडर डबरानी से सोनगाड पहुंचाए जा रहे हैं। जहां सड़कें अवरुद्ध हैं, वहां ट्रांसशिपमेंट के जरिए आवश्यक वस्तुएं भेजी जा रही हैं। प्रशिक्षित आपदा मित्र और पंचायती राज विभाग लगातार गांवों से संपर्क बनाए हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क सक्रिय है और आपदा नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है, ताकि किसी भी समस्या पर तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप भी मौजूद रहे।

# सपा और कांग्रेस को दंगामुक्त प्रदेश बर्दाश्त नहीं : पाठक

- ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर लगाया समाज को बांटने का आरोप
- वोट बैंक की राजनीति करके प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे अखिलेश

**लखनऊ।** फतेहपुर में हुई घटना को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तीखा पलटवार किया है। पाठक ने अखिलेश पर भ्रामक और समाज को बांटने वाले बयान देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस की 'फूट डालो, हुकूमत करो' की नीति ने दशकों तक देश और प्रदेश को धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर विभाजित किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश अपने बयानों के जरिए केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे प्रदेश का माहौल खराब हो सकता है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि बीजेपी कभी भी नफरत फैलाने की राजनीति नहीं करती। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीजेपी सरकार का विजन 'तुष्टिकरण किसी का नहीं, संतुष्टिकरण सबका' है। बीजेपी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ प्रदेश के हित में लोक कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार के साढ़े आठ साल के शासन में दंगों को पूरी तरह नियंत्रित किया गया है, जो सपा को सहन नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि अखिलेश और उनके सहयोगी बार-बार ऐसी बयानबाजी करते हैं, जिससे सामाजिक तानाबाना टूटने का खतरा पैदा होता है। फतेहपुर के अबू नगर में हुई घटना को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। दोनों पक्षों को तथ्यों से अवगत कराकर स्थिति को नियंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि 10 पुलिस स्टेशनों की टीमें, पीएसी और प्रशासन की तैनाती से शांति और एकता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने दावा किया कि फतेहपुर में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और पुरानी संरचना पर दावा करने वाले लोग शांतिपूर्ण तरीके से तितर-बितर हो गए हैं। उन्होंने विपक्षी दलों से राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करने की अपील की।

**सपा पर हिंदू-मुस्लिम विवाद को बढ़ावा देने का आरोप :** डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर हिंदू-मुस्लिम विवाद को बढ़ावा देकर वोट बैंक मजबूत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अखिलेश जैसे नेता अफवाहें फैलाकर अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि बीजेपी समाज को जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीजेपी का लक्ष्य हर हाल में कानून का राज स्थापित करना और सुशासन को बढ़ावा देना है।

**शिक्षा के क्षेत्र में बीजेपी सरकार की उपलब्धियां :** डिप्टी सीएम ने बीजेपी सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा का पुनर्जागरण हुआ है। उन्होंने बताया कि इस साल के 'स्कूल चलो अभियान' में 27 लाख से ज्यादा नए बच्चों का नामांकन हुआ है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत ?11,500 करोड़ के निवेश से 96% स्कूलों में पेयजल, टॉयलेट, बिजली, ब्लैकबोर्ड, फर्नीचर और क्लासरूम मरम्मत जैसी 19 बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत सभी 18 मंडलों में विद्यालय शुरू हो चुके हैं, जहां 18,000 से ज्यादा श्रमिक और अनाथ बच्चों को मुफ्त आवासीय शिक्षा, खेल, लैब और स्किल ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है।

**सपा राज में हुआ शिक्षा का पतन :** ब्रजेश पाठक ने सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा राज में शिक्षा का पतन हुआ था। उन्होंने 2015 के अखबारों का हवाला देते हुए दावा किया कि सपा सरकार के दौरान 3.45 करोड़ बच्चे स्कूल से वंचित थे। इसके विपरीत, बीजेपी सरकार शिक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार निवेश कर रही है और स्कूलों को आधुनिक बना रही है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव के बयानों को समाज में अशांति फैलाने की कोशिश करार देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार कानून-व्यवस्था और सामाजिक एकता को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वह ऐसी बयानबाजी से बचें, जो प्रदेश की शांति और विकास को नुकसान पहुंचाए।

# सपा ने शिक्षा के गिरते स्तर के विरोध में विधान परिषद से किया बहिर्गमन

**लखनऊ।** शिक्षा के गिरते स्तर और स्कूलों के विलय के विरोध में सरकार के जवाब से सपा सदस्यों ने सोमवार को विधान परिषद से बहिर्गमन कर दिया। सपा विधायक की ओर से सपा के शासनकाल में शिक्षा की खराब स्थिति का उल्लेख किए जाने से नाराजगी व्यक्त की गई। इससे पूर्व सपा सदस्यों ने सदन में जमकर नारेबाजी की और सरकार पर शिक्षा की उपेक्षा करने तथा उसके स्तर को गिराने का आरोप लगाया। सपा के लाल बिहारी यादव, आशुतोष सिन्हा, डा. मान सिंह यादव व शाहनवाज खान ने कार्यस्थगन की मांग के तहत शून्यकाल में इस मामले को उठाया। डॉ. मानसिंह यादव ने कहा कि सरकार पेयरिंग जैसे नए-नए शब्दों को गढ़कर जनता को भ्रमित कर रही है। पेयरिग की प्रक्रिया गरीब और निचले स्तर के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश है। सपा के आशुतोष सिन्हा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में शिक्षा का हमेशा ह्रास हुआ है। बीते जून में ही प्रदेश के 10,827 प्राथमिक विद्यालय मर्ज किए गए, जिससे हजारों बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों को शिक्षित करना शुरू किया तो सरकार ने मुकदमे दर्ज करा दिए जबकि संविधान हमें अनपढ़ो या कम पढ़े-लिखों को शिक्षित करने का अधिकार देता है। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि बच्चों की संख्या 25 हो या 40 स्कूल बन्द नहीं किए जाने चाहिए। जवाब में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व शिक्षा की जर्जर व्यवस्था थी। बच्चों को विद्यालय तक पहुंचने व वहां बैठने तक की व्यवस्था नहीं थी। यही कारण था कि सपा के शासनकाल में 3.54 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पाते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह संकल्प लिया है कि राइट टू एजुकेशन एक्ट के अनुरूप किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसी सोच के तहत छोटे और कम संसाधनों वाले स्कूलों की नजदीकी स्कूलों से पेयरिंग की गई है ताकि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस पेयरिंग से न सिर्फ बच्चों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, खेल के अवसर और पियर लर्निंग जैसे अनुभव मिलेंगे, बल्कि शिक्षक-छात्र अनुपात भी बेहतर होगा। पेयरिंग से इन स्कूलों में ऑपरेशन कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर्स जैसे शौचालय, पेयजल, फर्नीचर, डिजिटल शिक्षा, बाल वाटिका आदि में सुधार संभव होगा। इस पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव समेत सपा के सदस्य अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे और इसके तत्काल बाद समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। बाद में नेता सदन की भूमिका में मौजूद लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि सपा के जमाने में बिना परीक्षा और शारीरिक परीक्षण के लोग सिपाही बन जाते थे। चार हजार से ज्यादा मदरसे कागजों पर चल रहे थे जबकि एक-एक व्यक्ति 6-6, 8-8 मदरसों में काम करते थे।

**प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों की जल्द बनेगी सेवा नियमावली :** निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए सेवा नियमावली जल्द बनेगी। विधान परिषद में यह आश्वासन माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने सोमवार को दिया। परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कार्यस्थगन में शिक्षकों की सेवा नियमावली और उनकी दयनीय हालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पहले वित्त विहीन विद्यालयों को अनुदान सूची में शामिल किया जाता था। एक बार सरकार ने अस्थाई तौर पर आर्थिक तंगी की बात कहकर दो साल के लिए उस पर रोक लगाई। उनकी कोई सेवा शर्त नहीं है।

**विधान परिषद**

उनका शोषण हो रहा है। वे असहाय और मजबूर हैं। इनकी सेवा नियमावली बनाने और 30 हजार रुपये मानदेय दिए जाने की भी मांग उन्होंने की। गुलाब देवी ने कहा कि इंटरमीडिएट एक्ट के मुताबिक निजी स्कूलों के सभी वित्तीय व्यय का जिम्मा प्रबंधतंत्र की जिम्मेदारी है। इस पर निर्दल समूह के राज बहादुर सिंह चंदेल और सपा नेता लाल बिहारी सहित कई अन्य सदस्यों ने कहा कि पिछले सदन में मंत्री ने आश्वासन दिया था। हमारी जानकारी है कि नियमावली विचाराधीन भी है। इस पर गुलाब देवी ने कहा कि जल्द नियमावली बन जाएगी।

**कैप्टन शुभांश शुक्ला को उनकी उपलब्धि पर दी गई बधाई :** लखनऊ। विधान परिषद ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांश शुक्ला को अंतरिक्ष स्टेशन पर दूसरे आईएसआरओ अंतरिक्ष यात्री बनने पर बधाई दी। शून्यकाल में भाजपा के विजय बहादुर पाठक, डॉ. जय पाल सिंह व्यवस्त एवं अनूप कुमार गुप्ता ने सदन में बधाई की सूचना दी जिसे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने स्वीकार कर पूरे सदन को अवगत कराते हुए सदन की ओर से कैप्टन शुभांश शुक्ला को उनकी उपलब्धि पर बधाई संदेश भेजने के निर्देश दिए।

**अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने एक साल में 8082 पदों पर की भर्तियां :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 8082 पदों पर भर्ती के लिए अंतिम चयन परिणाम घोषित किया। इसके अलावा 5165 पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया गया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने सोमवार को विधानसभा में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में बताया गया है कि आयोग ने इस दौरान 10432 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाल कर आवेदन मांगा है। इस दौरान 4414 पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा कराई गई।

**यातायात जाम से निजात के लिए एकीकृत बस अड्डे के निर्माण की मांग :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य मुकेश शर्मा ने राजधानी लखनऊ में लगातार बढ़ रहे यातायात जाम की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की है। मुकेश शर्मा ने सदन में कहा कि कैसरबाग, चारबाग, आलमबाग जैसे बस अड्डों से बड़ी संख्या में अंतरजिला बसों का लगातार आवागमन होता है, जो लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर जाम का प्रमुख कारण बन रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि लखनऊ की आउटर रिंग रोड पर एक एकीकृत बस अड्डे का निर्माण किया जाए और अन्य जिलों को जाने वाली बसों का संचालन वहीं से किया जाए, जिससे शहर को जाम से राहत मिल सके और यातायात सुचारू रूप से चल सके। मुकेश शर्मा ने कहा कि यह लोक महत्व का विषय है और मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस दिशा में आकर्षित करना चाहता हूं।

## जेलर समेत चार जेलकर्मी निलंबित

विशेष संवाददाता

- हत्यारोपी के जेल से प्रार होने का मामला

**लखनऊ।** कानपुरनगर जिला कारागार की दीवार फंद कर हत्यारोपी के फरार होने के मामले में डीजी कारागार पीसी मीणा ने सख्त कार्रवाई की है। प्रकरण में लापरवाही पाये जाने के बाद अब जेलर मनीष कुमार, डिप्टी जेलर रंजीत यादव समेत चार लोगों को निलंबित कर दिया है। कानपुरनगर जिला कारागार में हत्या के आरोप में निरूद्ध असरूद्दीन गत आठ अगस्त को जेल की 22 फिट दीवार फंद कर फरार हो गया था। असरूद्दीन के फरार होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में मामले की जानकारी जेल प्रशासन के आला अफसरों को दी। जिसके बाद संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। इस मामले में डीजी कारागार पीसी मीणा ने जेलर कानपुरनगर मनीष कुमार, डिप्टी जेलर रंजीत यादव, हेड वार्डन नवीन कुमार मिश्रा और दिलशाद को निलंबित कर दिया है।

संक्षेप

## युवकों ने लहराया तमंचा, बाजार में हड़कंप

प्रतापगढ़। शराब की दुकान पर बाइक सवार युवकों द्वारा तमंचा लहराने से हडकंप मच गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के साहबगंज बाजार में रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कम्पोजिट शराब की दुकान पर बाइक सवार दो अज्ञात युवक पहुंचे। शराब की खरीद को लेकर युवकों व सेल्समैन में कुछ कहासुनी हो गयी। तभी आरोपी युवकों में से एक ने हवा में तमंचा लहराते धमकाना शुरू किया। इससे दुकान पर खरीददारी को आये ग्राहक दुबक गये। वही बाजार में भी हडकंप मच गया। सेल्समैन ने इसी बीच लीलापुर पुलिस को फोन पर सूचना दे दी। आननफानन में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय दुकान पर फोर्स के साथ पहुंच गये। लीलापुर पुलिस ने दुकान पर लगे सीसी फुटेज को खंगाला। इधर घटना की जानकारी मिलने पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र भी पहुंचे। सीओ ने लीलापुर पुलिस को छानबीन कर आरोपी युवकों को चिन्हित किये जाने के कड़े निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि सीसी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आरोपी युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दलित पीड़िता के साथ मारपीट को लेकर दो के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। दलित पीड़िता के साथ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी को लेकर सीओ की फटकार पर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बलीपुर कटरा निवासी शिव कुमार सरोज की पत्नी विमला ने सीओ को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ अगस्त को दिन में दो बजे उसकी पुत्री सरिता बकरी चराने गयी थी। इसी बीच बगल के पूरे हरिकिशुन निवासी कलेशर प्रजापति के पुत्र शिवकुमार तथा राजकुमार प्रजापति वहां आ गये। आरोपियों ने पीड़िता की पुत्री के साथ गालीगलौज किया। इस पर पीड़िता ने शोर मचाया। इससे खफा आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए पीड़िता की पिटाई कर दी। आरोपियो ने पीडिता को जानलेवा धमकी भी दी। चुटहिल पीड़िता ने घर पहुंचकर आपबीती सुनाई। सीओ आशुतोष मिश्र ने घटना को लेकर कोतवाली पुलिस को फटकार लगायी। रविवार की देर रात पुलिस ने आरोपी राजकुमार समेत दो के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## मदरसे में पढ़ रहे बिहार प्रदेश के छात्रों के बाजार में मिलने से हड़कंप

प्रतापगढ़। आवासीय मदरसे में बिहार प्रान्त से पढ़ाई करने मदरसे में रह रहे आधा दर्जन छात्र देर रात बाजार में घूमते पाये गये। लीलापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर कैलहा में मदरसा इस्लामिया फैजुल कुरान आवासीय मदरसा संचालित है। इस मदरसे में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को तालीम मिला करती है। मदरसे में आसपास के अलावा दूसरे प्रदेश के भी छात्र तालीम लिया करते हैं। रविवार की देर रात मदरसे के आधा दर्जन बच्चे रानीगंज अजगरा बाजार में पैदल कहीं जा रहे थे। इस बीच गश्ती पुलिस की नजर छात्रों पर पड़ गयी। पुलिसिया पूछताछ में इनके हावभाव व बोलचाल की भाषा को लेकर आशंका बन गयी। पुलिस इन छात्रों को लेकर रात में थाने आयी। पुलिस ने मदरसे के प्रबन्धक आबिद अली को सूचित करते हुए उन्हें थाने बुलवाया। यहां प्रबंधक ने बताया कि बिहार के छात्र मदरसे में हाफिज के साथ पढ़ाई लिखाई करने रहा करते हैं। सोमवार को ग्राम प्रधान देवीप्रसाद मिश्र ने मदरसे में बिहार के आधा दर्जन छात्रों के होने की जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दी। इस बाबत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार का कहना है कि मदरसे को कक्षा एक से पांच तक की मान्यता मिली हुई है। एसडीएम लालगंज को वास्तविक स्थिति से अवगत कराये जाने के लिए फोन किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा के निर्देश पर नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र थाना मुख्यालय पहुंचे। नायब तहसीलदार ने भी बच्चों से पूछताछ की। वहीं लीलापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि बच्चों को हाफिज की मौजूदगी में उनके रिश्तेदारों को सुपुर्द किया गया है।

# डीएम - एसपी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली रैली



सिद्धार्थनगर । हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा रैली कलेक्ट्रेट परिसर से पुलिस लाइन पर समाप्त हुआ। तिरंगा रैली में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, डीडीओ सतीश सिंह, डीपीआरओ वाचस्पति झा, बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, पंचायती राज विभाग के कर्मचारी, व पुलिस विभाग के जवान, एनसीसी कैडेट, जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। तिरंगा रैली में लगभग 1000 से अधिक लोगो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा झण्डा लगाये तथा उसकी फोटो अपलोड करे ।

# बेगमपुर सड़क हादसे में पांच की मौत, दो घायल



**श्रावस्ती।** तहसील जमुनहा-बहराइच मार्ग पर बेगमपुर के पास सोमवार सुबह लगभग 8:30 बजे भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक और घायल सभी मंगलपुरवा, थाना रिसिया, बहराइच के निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया तत्काल जिला अस्पताल के आपातकालीन वार्ड पहुंचे और घायलों से हालचाल लिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र रेफर किया जाए। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार छह लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए, जिसमें पांच की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बाद में घटनास्थल पर पहुंचकर भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और चिकित्सक मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना साइबर क्राइम का विधि-विधान के साथ पूजन कर किया शिलान्यास



सिद्धार्थनगर। जनपद में आधुनिक उपकरणों से लैस थाना क्राइम साइबर का विधि-विधान के साथ पूजन करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शिलान्यास किया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, विश्वजीत शौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजन करने के पश्चात थाना साइबर क्राइम का शिलान्यास किया गया। आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्नीकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगो को न्याय दिला सकेंगे। जहां अत्याधुनिक तरीके से साइबर फ्रॉड मामलों का उदभेदन हो सकेगा। साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चलाते रहेंगे ताकि आम लोग साइबर ठगी के मामलों से बच सकें।

## नाबालिग से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी के आरोपित/वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी पुलिस क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में, तथा अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 11. अगस्त को पेड़ारी चौराहा से मु0अ0सं0 133/2025 धारा 74,352,351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित/अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता जनार्दन पुत्र रामकेवल निवासी गुलरिहा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया ।

# डीएम के निरीक्षण में बंद मिला बीज भंडार की दुकान किया सील



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मेसर्स त्रिपाठी बीज भण्डार, महादेवा तिवारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान बन्द पाये जाने पर । जिलाधिकारी ने मौके पर दुकान को सील कराते हुए अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला कृषि अधिकारी के साथ दुकान के क्रय विक्रय का रजिस्टर एवं स्टाक रजिस्टर चेक करे। कमी पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करे। बाद उसके जिलाधिकारी ने डा 0 राजा गणपति आर 0 ने मेसर्स कृष्ण मुरारी खाद भंडार धेनशा बाजार का औचक निरीक्षण किया गया दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने स्टाक रजिस्टर वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया वितरण रजिस्टर में 712 बोरी के सापेक्ष 115 बोरी उपलब्ध पाया गया जिसपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर ही दुकान सील कराया गया इसके अलावा जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त के सम्बन्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया जाये।

# बूंद-बूंद सिंचाई से कम पानी में अधिक उत्पादन



श्रावस्ती। भारत सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत लागू ह्यपर ड्राप मोर क्राप माइक्रोइरीगेशन कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी आधुनिक सिंचाई प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जिससे पानी की बचत के साथ उत्पादन में वृद्धि हो सके। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर पद्धति अपनाने से 40 से 50 प्रतिशत तक पानी की बचत संभव है। यह तकनीक पानी को सीधे फसल की जड़ों तक पहुंचाती है, जिससे बबार्दी रुकती है और पौधों को आवश्यकता अनुसार नमी मिलती रहती है। इस पद्धति से फसलों की पैदावार में 35 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि के साथ उपज की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। साथ ही, खरपतवार की वृद्धि नियंत्रित रहती है, जिससे उत्पादन लागत घटती है।

उद्यान विभाग अधिकारी बी.एस. चौधरी ने बताया कि वर्तमान में इस योजना का संचालन पूरी तरह वेब बेस्ड वढटक्ख पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

इच्छुक किसान ६६६.४ख्रेस्त्र.ल्ल पर पंजीकरण कराकर अपने खेतों में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करा सकते हैं। योजना के तहत स्थापित ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और माइक्रो स्प्रिंकलर पद्धतियों का थर्ड पार्टी निरीक्षण एवं ट्रायल रन कराया जाता है, ताकि गुणवत्ता और कार्यक्षमता सुनिश्चित हो सके। योजना में इन सिंचाई प्रणालियों का बीमा कराने का भी प्रावधान है। इससे किसी तकनीकी खराबी या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाने में मदद मिलेगी। बीमा सुविधा से किसानों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और वे नई तकनीकों को अपनाने में अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे। कृषि विभाग का मानना है कि इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और किसानों की सक्रिय भागीदारी से जल संरक्षण के साथ-साथ फसल उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह योजना न केवल भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने में मदद करेगी बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। बी.एस. चौधरी ने किसानों से अपील की है कि वे आधुनिक सिंचाई पद्धतियां अपनाकर पानी की बचत और अधिक उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाएं, जिससे कृषि क्षेत्र अधिक टिकाऊ और लाभकारी बन सके।

## पुलिस ने 4 नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाने की पुलिस ने वारण्टी अभियान के तहत 04 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। जोकि थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम की बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व मंयक द्विवेदी पुलिस क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में, तथा अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 11. अगस्त को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी द्वारा जारी वारन्ट वाद संख्या-1463/24 धारा -323,504 भादवि थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वारण्टी 01. शिवराम पुत्र जोखन चौधरी 02. कृपाशंकर पुत्र जोखन चौधरी 03. दयाशंकर पुत्र जोखन चौधरी साकिनान रमवापुर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर व वाद संख्या-1513/18 धारा 323,504 भादवि थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से संबंधित वारन्टी रामभवन पुत्र शिवमंगल साकिन सुहईकनपुरवा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर भेजा गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारण्टी में शिवराम पुत्र जोखन चौधरी साकिन रमवापुर थाना खेसरहा, कृपाशंकर पुत्र जोखन चौधरी साकिन रमवापुर थाना खेसरहा, दयाशंकर पुत्र जोखन चौधरी साकिन रमवापुर थाना खेसरहा, रामभवन पुत्र शिवमंगल साकिन सुहईकनपुरवा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीएमओ ने किया निरीक्षण



गिलौला श्रावस्ती। 11 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी गिलौला का दौरा किया। उन्होंने रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थित बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान की शुरूआत की। सीएमओ ने बताया कि यह दवा बच्चों को कुपोषण और एनीमिया से बचाने में मददगार है। इसके बाद उन्होंने कंपोजिट विद्यालय गिलौला में भी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर जागरूकता बढ़ाई। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. दीपक शुक्ला, एआरओ सुरेश यादव, जिला आरकेएसके कंसल्टेंट बबिता बाजपेई सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सीएमओ ने सीएचसी सोनवा का औचक निरीक्षण किया, जहां उपस्थिति रजिस्टर, साफ-सफाई और ओपीडी सेवाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने जिला अस्पताल में स्थापित एमआरआई मशीन के संचालन की स्थिति का जायजा लिया और इसे शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के.डी. भी मौजूद रहे। सीएमओ का यह दौरा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बहुमत के नशे में चूर मोदी सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा पर: प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने एसआईआर को लेकर लोकतांत्रिक ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदो को हिरासत मे लिए जाने के कदम को मोदी सरकार की तानाशाही की पराकाष्ठा करार दिया है। उन्होने कहा कि बहुमत के नशे में चूर मोदी सरकार पिछले तीन हफ्ते से चुनाव सुधार पर संसद में चर्चा को तैयार नही हुई। उन्होने कहा कि विपक्ष के लगातार प्रयास के बावजूद एसआईआर पर चर्चा का नाम सुनते ही केंद्र की भाजपा सरकार बिदक रही है। उन्होने कहा कि संसद मे चर्चा की मांग की अनदेखी के चलते ही इण्डिया गठबंधन के सांसदों को संसद भवन से निर्वाचन आयोग तक विरोध मार्च के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होने कहा कि जब विपक्ष ने संयुक्त रूप से विरोध मार्च का ऐलान कर दिया तब निर्वाचन आयोग का चर्चा का प्रस्ताव भेजना खोयी हुई अपनी साख पर लीपापोती का एक प्रयास मात्र है। उन्होने विपक्षी सांसदों के लोकतांत्रिक मार्च को लेकर सरकार की अलोकतांत्रिक कार्रवाई की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि इस समय देश में लोकतंत्र और संविधान को गहरा खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कांग्रेस की विरासत है। उन्होने कहा कि मत के अधिकार को विपक्ष किसी भी कीमत पर अब किसी को भी चोरी करने की इजाजत नही दे सकता। उन्होने कहा कि लोगों के मताधिकार की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष जेल और यातना सहने के लिए कमर कसे हुए है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि वोट चोरी की सच्चाई से देश का हर नागरिक अवगत हो चुका है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर हुई जागरूकता संगोष्ठी, दी गई दवा



प्रतापगढ़। स्थानीय सीएचसी में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता ने नौनिहालों व किशोरों को अलबेण्डाजोल की दवा प्रदान कर किया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान पर प्रकाश डालते हुए अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने बताया कि नौनिहालों व किशोरों को अभियान के जरिए दवा की खुराक दी जाएगी। उन्होने कहा कि इस अभियान का उददेश्य हाथी पांव जैसी बीमारियों से पीढ़ी को मुक्त रखना है। उन्होने अभियान से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों को पारदर्शिता के साथ इसे सफल बनाए जाने के गुर भी बताये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने अभियान अवधि में नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष साफ सफाई अभियान के जरिए सहयोग का भरोसा दिलाया। संचालन एएनएम शीलम पाण्डेय व अर्चना चौबे ने संयुक्त रूप से किया। अभियान का संयोजन बीपीएम बृजेश पाण्डेय, डीसीपीएम असदउल्ला ने किया। इस मौके पर डा0 सुधाकर, डा0 राहुल गुप्ता, डा0 अशोक, देवकुमार दुबे, अरविन्द शुक्ला, मान सिंह आदि रहे।

# कटरा बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति का जज्बा चरम पर



**कटरा श्रावस्ती।** विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा जैसे जोशीले नारों और देशभक्ति के गीतों से सोमवार को श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र का वातावरण गूंज उठा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंडल श्रावस्ती द्वारा आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सोमवार को दुबे दुनक्का तिराहा से हुआ। यात्रा कटरा बाजार होते हुए चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज तक पहुंची और फिर वापस ग्राम पंचायत कटरा के पंचायत भवन स्थित लेफ्टिनेंट कर्नल शहीद सुशील चंद्र चौधरी स्मारक स्थल पर सम्पन्न हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करना था, ताकि स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज हर घर पर लहराए। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री प्रेम सिंह नायक ने शहीद स्मारक की साफ-सफाई में स्वयं भाग लिया और अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा– आजादी अनगिनत बलिदानों के बाद मिली है। तिरंगा सिर्फ ध्वज नहीं, बल्कि हमारी एकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ह्यहर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना हमारा कर्तव्य है।

13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराकर हम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गीत गाए, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया और ह्भारत माता की जयह्व व ह्वंदे मातरम्ह्व के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अवधेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे, थाना नवीन मार्डन प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह, कन्हैया लाल जायसवाल, दाढ़ी बाबा, दिलीप दुबे, पुष्कर तिवारी, अनिल तिवारी, राहुल सिंह सोशल मीडिया प्रभारी सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के समापन पर सभी ने संकल्प लिया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर श्रावस्ती मंडल का हर घर तिरंगे से सजेगा और देशभक्ति की यह लौ आने वाली पीढ़ियों तक जलती रहेगी।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी बैठक

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आरंभ हुआ यह अभियान इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें जनपद के प्रत्येक घर, सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान, शहीद स्मारक व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को तिरंगा महोत्सव के तहत कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में वृहद तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट का आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, विशिष्ट व्यक्तियों व आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा मेला में स्वयं सहायता समूहों व एमएसएमई द्वारा निर्मित उत्पाद, ओडीओपी वस्तुएं व तिरंगा थीम आधारित सामग्री प्रदर्शित व बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगी। साथ ही तिरंगा प्रदर्शनी, ह्यलत्रछ्व सेल्फी बूथ, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम व तिरंगा बाइक/साइकिल रैली भी आयोजित होगी।

## कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

बांसी सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ दशरथ चौधरी ने ब्लॉक मिठवल मे प्राथमिक विद्यालय करही शुक्ल मे बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर शुभारंभ किया गया 'सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल/तिलौली के अधीक्षक डॉ 0 राजीव कुमार रंजन व डॉ0 दशरथ चौधर तथा सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से अपना अभूतपूर्व योगदान देकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गत सोमवार को उक्त माप अप राउन्ड 14 अगस्त 2025 को चलाया जाएगा इसमे छूटे हुए सभी बच्चों को 14 अगस्त को दवा खिलाना है 'ये अभियान 1 से 19 साल के बच्चों के लिए चलाया जा रहा है, जिसमें 1-2 साल के बच्चों को आधी गोली (200 मिली ग्राम) और 2-3 साल तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम पूरी गोली और 3-19 साल के बच्चों को 400 मिलीग्राम की पूरी गोली खिलाना अनिवार्य है ।

संक्षेप

## तिरंगा यात्रा के दौरान बंदर का हमला

इटावा। सदर इलाके में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सोमवार को निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा के समापन स्थल नुमाइश पंडाल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कार्यालय सहायक पर एक बंदर ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, कल्याण बोर्ड के कार्यालय सहायक विवेक कुमार पुत्र स्व. गया प्रसाद निवासी विजयनगर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर दोपहर करीब 12 बजे नुमाइश पंडाल पहुंचे थे। इसी दौरान एक खूंखार बंदर ने अचानक उन पर झपट्टा मारते हुए उनके हाथ में गहरा काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। हमले के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं कर्नल हयातुल्लाह और अन्य स्टाफ ने घायल विवेक कुमार को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

ऊसराहार, इटावा। क्षेत्र के कस्बा ऊसराहार में सोमवार को भाजपा कार्यकताओं ने धूमधाम से तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा कस्बा ऊसराहार से भरतिया कोठी तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाइक रैली के रूप में निकली इस यात्रा में कार्यकताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों के साथ गगनभेदी नारों की गूंज रही। तिरंगा यात्रा में कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपकनंदन व स्थानीय पदाधिकारियों और युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने किया। भाजपा नेता विवेक शाक्य ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है, इसकी रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है।

## झोलाछाप डॉक्टर व पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बकेवर, इटावा। झोलाछाप के उपचार करने से हालत बिगड़ने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने झोलाछाप व उसकी पत्नी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस में मृतक युवक के भाई के प्रार्थना पत्र पर मामला दर्ज किया है। ग्राम गौतमपुरा निवासी विकास पाल पुत्र स्व वंशलाल पाल ने थाना में दर्ज कराए मामले बताया कि उसका भाई सत्यनारायण शनिवार को दोपहर बीमार होने पर बकेवर में एक प्राइवेट कथित झोलाछाप वीर सिंह माथुर पुत्र नामालूम निवासी ग्राम सराय नरोत्तम थाना बकेवर के क्लिनिक पर उपचार के लिए आया तो वहाँ झोलाछाप वीर सिंह व उनकी पत्नी ने बिना किसी बीमारी पता लगाए बिना झोलाछाप की पत्नी ने एक इंजेक्शन सत्यनारायण को लगा दिया। और वीर सिंह ने उसे कुछ दवा खिला दी थी जिससे उसके भाई की तबियत और बिगड़ गयी। ज्यादा तबियत बिगड़ने पर भाई को उपचार का लिए सैफई मिनी पीजीआई ले गए जहां उपचार के बाद ही कुछ देर में सत्यनारायण की मौत हो गयी। वीर सिंह व उनकी पत्नी दोनों ही पंजीकृत चिकित्सक नहीं हैं।

**सूचना**

80 फुट लम्बा व 80 फुट चौड़ा 6 हजार क्विंटल क्षमता का गोदाम जो कि जीटी रोड महसुनिया-महोली, सीतापुर में स्थित है, किराये हेतु खाली है। इच्छुक लोग सम्पर्क करें।

**राजेश गुप्ता**
**मोबाइल-6387760563**

**सूचना**

मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में पिता का नाम त्रुटिवश अब्दुल अलीम सिद्दीकी दर्ज है जबकि मेरे आधार व सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम मोहम्मद अलीम सिद्दीकी दर्ज है। मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में भी मेरा सही नाम मोहम्मद अलीम सिद्दीकी दर्ज किया जाये। **मोहम्मद अलीम सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद नईम नि.- 12/34का, बाबू बनारसी दास नगर, पुराना किला, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अब्दुल कलाम व उसकी पत्नी फौजिया को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अब्दुल सलाम पुत्र स्व. मोहम्मद समी व श्रीमती इशरत जहां पत्नी अब्दुल सलाम नि.- 431/115, नेवाती टोला, थाना सआदतगंज, लखनऊ।**

# यूरिया की किल्लत से किसानों में मचा हाहाकार

## समितियों पर यूरिया के लिए चक्कर काट रहे किसान



गोला, गोरखपुर।गोला क्षेत्र में यूरिया खाद न मिलने के कारण किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। खरीफ के फसल के सीजन में इस समय जहां किसानों को धान के फसल की रोपाई करने के बाद निराई कराकर तत्काल यूरिया डालना पड़ता है। लेकिन समितियों पर खाद नही मिलने से किसान परेशान है और किसान हर दिन समितियों पर चक्कर काटने को मजबूर है।

बता दें, खरीफ के सीजन में धान के फसल समेत तमाम सब्जियों के अच्छी फसल तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाली खाद की काफी किल्लत चल रही है। गोला व गोपालपुर क्षेत्र की समितियों पर खाद नदारद है। किसान समितियों पर खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं। समिति सचिव किसानों से रैक नही आने की बात कहकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं। हालत यह है कि अगर समय युरिया खाद नही मिला तो फसलों पर काफी बुरा प्रभाव पड़ेगा। गोला क्षेत्र में 10 समितियां नामित है, जिसमें से भर्रोह को छोड़कर सभी समितियां कागज में सक्रिय चल रही है। वही पोखरी गांव निवासी अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा के जिला उपाध्यक्ष व किसान विनय चंद्र कौशिक व चौकड़ी गांव निवासी मनीष तिवारी उर्फ रिंकू तिवारी ने कहाकि किसानों के साथ छलावा हो रहा उनका दुर्भाग्य इन सभी समितियों से खाद नदारद है। वहीं संबधित विभाग के एडीओ सचिव एवं रैक काउंटर आफिसर रोज लोगो से रैक लगने की बात कह हवाला दे गुमराह करने में भी पीछे नही है। जबकि किसान अरुण राय, हेमंत राय, महेंद्र चौधरी, राजकुमार दुबे आदि ने बताया कि मार्केट में कुछ चुनिन्दा दुकानदारों के वहां खाद उपलब्ध है जो निर्धारित दर से अधिक दाम पर विक्रय कर मालामाल हो रहे है। इस संदर्भ में गोला ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी कृषि राम केशव ने बताया की संबंधित उच्च अधिकारीयों को किसानो की समस्याओ से अवगत करा दिया गया है। रैक आ गया है। दो दिन के अंदर क्षेत्र के सभी समितियों पर खाद उपलब्ध हो जाएगी।

## पूर्व जिपंस ने खाद की किल्लत को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी सपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनानंद यादव ने सोमवार को एसडीएम गोला अमित कुमार जायसवाल को ज्ञापन सौंप क्षेत्र में यूरिया खाद के किल्लत की समस्या से अवगत कराया और जल्द समितियों पर खाद उपलब्ध कराने की मांग किया। सपा नेता व पूर्व जिपसं श्री यादव ने बताया कि खरीफ के फसल के मुख्य सीजन में ही समितियों से खाद का नदारद होना सरकार के किसान हितैषी होने के खोखले दावे की पोल खोलने के लिए काफी है। इस समय किसी भी सहकारी सीमित पर यूरिया उपलब्ध नही है जिससे किसानो को समय से खाद न उपलब्ध होने से फसल बर्बाद हो रही है। जिसको लेकर आये दिन किसान काफी परेशान हो रहे है। तो वही यूरिया की खाद की काला बाजारी चरम सीमा पर हो रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से कालाबाजारी पर लगाम लगाते हुए किसानों को अविलम्ब युरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग किया है। ज्ञापन के दौरान राजेश यादव एडवोकेट, राम निवास यादव, सदानंद, कैलाश, बलीराम मौर्य, शैलेश, विपिन व बबलू आदि लोग उपस्थित रहे।

# 275 सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद आरोपियों तक पहुंची पुलिस

- पिपराइच क्षेत्र में हुई भीषण चोरी का एसएसपी ने किया खुलासा
- लगभग 11 लाख के जेवरात के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- एंटीथेफ्ट सेल, सर्विसलांस सेल और पिपराइच पुलिस ने की मेहनत आई काम



गोरखपुर । चोर चाहे कितना ही शातिर क्यों ना हो एक न एक दिन वह पुलिस की पकड़ में जरूर आता है । पिपराइच क्षेत्र में रिटायर्ड पुलिस कर्मी के घर पर 2 अगस्त को चोरी हुई थी। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए 275 सीसीटीवी कैमरे की फुटेज ख ?गालने के बाद आरोपियों तक पहुची। पकड़े गए आरोपी ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है नशे के लिए यह चोरी की घटना को अंजाम दिया करते थे। एसएसपी राजकरन नैय्यर व एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन और क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग के नेतृत्व में कार्य करते हुए पिपराइच थाना प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह, एंटी थेफ्ट सेल प्रभारी सुनील कुमार राय ,सर्विसलांस सेल प्रभारी उप निरीक्षक छोटेलाल और आई टी एम एस हेड कांस्टेबल मोहम्मद नौशाद के प्रयासों की वजह से पिपराइच थाना क्षेत्र में रिटायर्ड पुलिस कर्मी के घर हुई चोरी का खुलासा एसएसपी राजकरन नैय्यर ने किया। जिसमें पुलिस ने लगभग 11 लाख रुपए की जेवरात के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास है इससे पहले भी कई चोरी की घटना को यह अंजाम दे चुके हैं।

एसएसपी राजकरन नैय्यर ने पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि एसपी नॉर्थ के निर्देशन में कार्य करते हुए पिपराइच पुलिस ,एंटीथेफ्ट सेल सर्विसलांस की टीम ने पिपराइच क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है पकड़े गए आरोपी इरफान उर्फ मुन्ना पुत्र स्वर्गीय छोटन खान निवासी मोहनलालपुर पर 13 मुकदमे, शमशेर उर्फ.मामा पुत्र स्वर्गीय आलम खान निवासी असकरगंज थाना कोतवाली पर पांच मुकदमे और अयाज अहमद उर्फ बाबू पुत्र स्वर्गीय नियाज अहमद निवासी मिजार्पुर को गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने उनके पास से लगभग 11 लाख रुपए के जेवरात बरामद किया है ।फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली गयी तिरंगा यात्रा



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा मंडल में भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा आर पी डी विद्यालय से शुरू होकर मां करवल देवी मंदिर पर संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्य समिति सदस्य संतोष चंद मौजूद रहे। कार्यक्रम में गगहा मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष चंद, महामंत्री विनय शुक्ला, मनोज सिंह, पंकज सिंह, हरीकेश चंद, राकेश सिंह, बबलू शाही, लाला गौड़, शशि भूषण राय सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने भारत माता की जय के गगन भेदी नारे लगाए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना था। इस अवसर पर कार्यकताओं ने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की। तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए सभी भाजपा कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने एक दूसरे को तिरंगा झंडा भेंट कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं उरुवा भारतीय जनता पार्टी उरुवा मंडल द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा निकाल कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सोमवार के दिन तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद मिश्र ने हरी झंडी दिखा कर यात्रा का शुरूआत किया। और मिश्र ने कहा भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा उरुवा कस्बे में पैदल मार्च कर निकाल कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दे रही है। भाजपा देश के शहीदों का हमेशा सम्मान करती है। शहीदों के प्रति भाजपा का उद्देश्य हमेशा समाज के हितों का होता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र तिवारी, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष नीरज दुबे, इन्द्रजीत पाण्डेय, बबलू तिवारी, शिव कुमार सिंह, विकास पाठक, गणेश शुक्ला, जेपी त्रिपाठी, नवीन कुमार सिंह, रविन्द्र सोनकर, धर्मेंद्र दुबे सहित लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता की गरिमा और एकजुटता का लिया संकल्प

### पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न, अभिमन्यु बने मीडिया प्रभारी



बांसगांव, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की बांसगांव तहसील इकाई की मासिक बैठक रविवार को गोला रोड स्थित मानवी मैरेज हॉल में आयोजित हुई। बैठक में पत्रकारिता की गरिमा, संगठन की सक्रियता, सदस्यता नवीनीकरण पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकार हृदय नारायण सेठ एवं ओमप्रकाश तिवारी ने सदस्यों का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके सदस्य हैं, जबकि राष्ट्रीय सहसंयोजक महेंद्र प्रताप सिंह ने संगठनात्मक एकता को चुनौतियों के समाधान की कुंजी बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं महासचिव सुधाकर तिवारी ने अनुशासन व पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। बैठक में स्थापना दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अभिमन्यु राय को बांसगांव तहसील का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष संजय जायसवाल तथा आयोजक संतोष गुप्त ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। बैठक में अनिल गौतम, केपी राय, विनोद गुप्ता, कृपाशंकर सिंह, आलोक दुबे, मुन्नीलाल जायसवाल, अमन वर्मा, जयप्रकाश यादव, नरसिंह यादव, डॉ. शिवधन प्रजापति, सुबाष सिंह, गौरव सिंह, अनेन्द्र सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, सुरेश राजभर, अशोक सिंह, अनिल कुमार, अजय भट्ट, राजा प्रजापति, शेषनाथ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

सरहरी,गोरखपुर। जंगल कौड़िया विकास खंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल जंगल कौड़िया के कार्यकताओं द्वारा हर घर अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमे पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य हर घर पर हो राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। तिरंगा यात्रा मजनु चौराहा, डोहरिया बाजार होते हुए सिंहोरवा बाजार तक निकाला गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को यह बताना है कि तिरंगा एक ध्वज नहीं राष्ट्रीय एकता अखंडता का प्रतीक है ।ऐसे कार्यक्रमों से देश वासियों में सामाजिक समरसता व देशभक्ति की भावना प्रबल होती है, । आगामी स्वतंत्रता दिवस के पहले हर घर तक तिरंगा लगाने का कार्यकताओं द्वारा संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मत्स्य विकास बोर्ड के अध्यक्ष रमाकांत निषाद, मंडल अध्यक्ष राघवेद्र चतुवेर्दी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश दूबे, सुरेश पांडेय, सदानंद शर्मा, मनोज सिंह, हरिकेश पासवान, रामअवतार तिवारी, रामलखन यादव, परशुराम मल्ल, देवानंद तिवारी, शांतनु सिंह, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, विवेकानंद शुक्ला, चंद्रकांता सिंह, अशोक जायसवाल व सुरेश पांडेय, बृजेश विश्वकर्मा, राकेश पाठक, पवन गुप्ता, सूर्यनारायण ओझा, बृजेश निषाद, चन्द्रिका सिंह, शम्भु प्रसाद सहित सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दलदल में वृद्धा को चारपाई पर लिटाकर बनाया वीडिओ

## सोशल मीडिया पर की वायरल



चकरनगर, इटावा। गांव का रास्ता न बनने से परेशान नवयुवकों ने एक वृद्धा को चारपाई पर लिटाकर रास्ते में भरे दलदल से निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचलित कर अपनी समस्या सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। जिसे अखबारों ने भी प्रकाशित किया, किन्तु फिर भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा, 1.8 किमी लंबे रास्ते में भरे दलदल से ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो रहा है। रास्ता बनाने में वन विभाग अड़ंगा लगाए हुए है और इसकी ओट में जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

चकरनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत जगतौली के गोहरा गांव जाने के लिए 1.8 किमी तक कच्चे रास्ते में दलदल भरा है। इस चिकनी मिट्टी से बाइक व साइकिल तो निकलना दूर, यहां पैदल भी निकलना खतरे से खाली नहीं है। ऐसी स्थिति में कोई बीमार होता है, तो उसे चारपाई पर लिटाकर चार व्यक्ति 1.8 किमी तक पैदल निकाल कर ले जाते है। यह कोई नई समस्या नही है, बल्कि आबादी बसने से लेकर आज तक यह समस्या निरंतर बनी हुई है। सोमवार को गांव के रास्ते पर खड़े होकर ग्रामीणों ने हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन किया और सुनवाई न होने पर धरना देने की प्रशासन को चेतावनी दी है। ग्रामीण सुरेंद्र कुमार, कप्तान सिंह, देशराज, राजू, जगराम, ज्ञान सिंह, मोनू, श्याम सिंह, शैलेन्द्र, शिवभान आदि की मानें तो वन विभाग 1.8 किमी में से मात्र 3.60 मीटर अपनी भूमि बता रहा है, लेकिन अन्य रास्ते में तो सड़क बिछनी चाहिए, किन्तु ग्राम प्रधान से लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद ने भी इस रास्ते को बनाना उचित नहीं समझा। सड़क न बनने से उक्त गांव की करीब ढाई सौ की आबादी आज भी नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। यह समस्या बारिश के दौरान तीन महीने तो रहती ही है, साथ ही आसमान से बूंद टपकते ही ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन जाती है और जनप्रतिनिधि वन विभाग की ओट लेकर आज तक अपनी जिम्मेदारी से बचे है। उक्त समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के द्वारा तहसील दिवस से लेकर विभिन्न पोर्टलों पर अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे आहत होकर गांव के नवयुवकों ने रक्षाबंधन के दिन शनिवार को गांव की सबसे बुजुर्ग करीब 85 वर्षीय वृद्धा द्रौपदी को चारपाई पर लिटाया और फिर चार व्यक्ति चारपाई को कंधे पर उठाकर दलदल से गुजकर कर कुछ दूर आगे तक लाए फिर वापस घर पर लिटा दिया। इस मौके पर फोन करके एंबुलेंस भी बुलाई गई और फिर वृद्धा द्रौपदी के छत से गिरने का एक झूठा वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचलित किया गया। लेकिन फिर भी कोई भी कर्मचारी युक्त गांव की समस्या को जानने नहीं पहुंचा। बताते चलें कि विकास खंड का सड़क विहीन यह कोई पहला गांव नहीं है बल्कि कांयछी, नगला महानंद, बिरौनाबाग, कोटरा, गुरभेली, तेलियन खोड़न, नौरगा खोड़न आदि गांव की भी आज तक सड़क नहीं बनी है और सभी उक्त समस्या से जूझ रहे है। लेखपाल मौके पर गया है, रिपोर्ट के मुताबिक आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

-ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया एसडीएम चकरनगर।

करीब 800 मीटर हमारा पड़ता है, अन्य रास्ता तो बना सकते हैं और परमिशन भी मिल सकती है, लेकिन किसी ने प्रयास ही नहीं किया। एसडीएम के द्वारा एक रिपोर्ट भेजी गई है, जो परमिशन के लिए गई है। - सूर्यकांत शुक्ला, डिप्टी रेंजर वन विभाग।

## डॉक्टर एसोसिएशन ने कुलपति का किया स्वागत



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के फैकल्टी डॉक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को नवागत कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह से पहली शिष्टाचार भेंट की। संगठन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नरेश पाल और सचिव डॉ. राफे अब्दुल रहमान ने बधाई पत्र व शुभकामनाओं के साथ कुलपति का औपचारिक स्वागत किया। कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने उपस्थित फैकल्टी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक, शैक्षणिक और चिकित्सकीय सेवाओं में सुधार के लिए सुझावों पर चर्चा की। बैठक में मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कुलपति ने कहा कि टीम वर्क और समन्वित प्रयासों से ही विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, शोध और प्रशिक्षण को और बेहतर बनाया जा सकता है। बैठक में यह भी तय हुआ कि सेवा-मानकों को सुदृढ़ करने, मानव संसाधन व प्रशिक्षण को बढ़ाने, रोगी सहायता प्रणाली को मजबूत करने और भविष्य की योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्रो. डॉ. रीना शर्मा, प्रो.सोमेंद्र पाल सिंह, डॉ. राजमंगल, डॉ. अजय गुप्ता और डॉ. सोनिया विश्वकर्मा ने फूलों के गमले भेंटकर कुलपति का सम्मान किया। बैठक में प्रो.डॉ. राहुल मिश्रा, प्रो.वैभव कांति, प्रो.रूपक अग्रवाल और गगनदीप कौर भी उपस्थित रहे।

## वोट - चोरी को लेकर कांग्रेस का धरना -प्रदर्शन



इटावा। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गिरफ़्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इलेक्शन कमीशन का घोटाला उजागर कर वोट चोरी के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा जिस तरह से उन्हें और प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे को गिरफ़्तार किया गया वह निंदनीय है। धरना प्रदर्शन के दौरान सीओ सिटी अभयनारायन राय व शहर कोतवाल यशवंत सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। उक्त बात शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कही। पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वोट चोरी का मतलब है। आज देश का हर आम नागरिक राहुल गांधी के साथ में है। धरना प्रदर्शन में कोमल सिंह कुशवाहा, कामरेड प्रेमशंकर यादव, वाचस्पति द्विवेदी, श्याम सिंह कुशवाहा, अफजाल वारसी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, सतीश नागर, अंबुज त्रिपाठी, अवनीश वर्मा, सतीश शाक्य, अंशुल यादव, आसिफ जादरान, सरवर अली, मोहम्मद नजम, सरला जाटव, हरिओम सिंह, सचिन शंखबार, अल्ताफ अहमद, नरेंद्र यादव, अंसार अहमद, इमरान अंसारी, मोहसिन अली, सुहेल वारसी, मोहम्मद शानू, असलम अंसारी, तहसीम अंसारी उपस्थित रहे।

## बढ़पुरा में पीडीए पाठशाला का आयोजन



इटावा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा उत्तर प्रदेश विनीत कुशवाहा के निदेर्शानुसार समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक ने ब्लॉक बढ़पुरा में पीडीए पाठशाला का आयोजन लवकुश राजपूत एवं विकास गोयल के सयोजन में किया और सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और पीडीए पाठशाला के कार्यक्रम को सफल बनाया। जिलाध्यक्ष रवी यादव ने कहा जिस तरह भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर कर गरीब, किसानों और मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है इससे साफ पता चलता है कि भाजपाइयों की सोच कैसी है, भाजपा नहीं चाहती कि गरीबों के बच्चे में पढ़ें और आगे बढ़ें। जिलाध्यक्ष ने कहा हम समाजवादी लोग गांव-गांव जाकर पीडीए पाठशाला चलाएंगे और सभी बच्चों को पढ़ाएंगे और शिक्षित बनाएंगे एवं किसी भी बच्चे को पढ़ाई संबंधित कॉपी किताब कलम से लेकर आवश्यकता पड़ेगी वह हम देने के लिए तैयार हूं हर समय बच्चों की मदद करूंगा। साथ में उपस्थित रहे बढ़पुरा से देवेंद्र यादव, जिलाउपाध्यक्ष छात्रसभा आरिफ हुसैन, जिलासचिव लालू यादव, विकास गोयल एवं अन्य साथी भी मौजूद रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
अधिषासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) सेक्टर-5, गोमती नगर, लखनऊ

अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-निविदा) संख्या 05/विजाखं (वि.)/ एल / ई-टेन्डर/2025-26

कार्य का नाम :- विद्युत जानपद खण्ड (वितरण)-लखनऊ

| | |
|---|---|
| 1 | **ई-निविदा विशिष्ट सं. 59/विजाखं (वि.)/एल/ई-टेन्डर/2025-26 :-** म.वि.वि.नि.लि. लखनऊ परिसर में एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य ।ई -निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 590.00, धरोहर राशि :- 4,000.00 (रू. चार हजार मात्र), समयावधि :- एक माह। निविदा अपलोड करने की 28.08.2025 निविदा खुलने की तिथि :- 29.08.2025 |
| 2 | **ई-निविदा विशिष्ट सं.60/विजाखं(वि.)/एल/ई-टेन्डर/2025-26:-** म.वि.वि. नि.लि. लखनऊ में सी.पी.सी. एवं अन्य कक्षों में फाल्स सीलिंग एवं प्रोफाइल सीट लगाने का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र का :- रू. 590.00, धरोहर राशि :- रू. 4,000.00 (रू० चार हजार मात्र), समयावधि :- एक माह। मूल्य निविदा अपलोड करने की तिथि 28.08.2025 निविदा खुलने की तिथि :- 29.08.2025 |
| 3 | **ई-निविदा विशिष्ट सं. 61/ विजाखं(वि.)/ एल/ ई-टेन्डर /2025-26 :-** विधान सभा में फॉयरवॉल का निर्माण कार्य। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू0 590.00, धरोहर राशि :- रू. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र), समयावधि :- एक माह। निविदा अपलोड करने की तिथि :- 28.08.2025 निविदा खुलने की तिथि :- 29.08.2025 |
| 4 | **ई-निविदा विशिष्ट सं. 62/ विजाखं (वि.)/ एल/ ई-टेन्डर/2025-26 :-** सी.जी.आर.एफ. उपभोक्ता फोरम मध्याचंल मुख्यालय हेतु शौचालय का निर्माण कार्य। ई-निविदा प्रपत्र का :-रु. 590.00, मूल्य धरोहर राशि :- रू. 4,000.00 (रू. चार हजार मात्र), समयावधि :- एक माह। निविदा अपलोड करने की तिथि :- 28.08.2025 निविदा खुलने की तिथि :- 29.08.2025 |

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

| Name of Beneficiary & Its details | | Beneficiary Bank branch & Address | Account No. | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|
| Name | Unit/Area/ Division | | 0294002100078232 | PUNB0586900 |
| ECD(D) Lko | 33\11 KV Sub Station first Floor Gomti Nagar Extension Sector-5, Lucknow-226010 | Punjab National Bank Gomti Nagar Extension Sector-1 | | |

**अधिशासी अभियन्ता**
**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''(पत्रांक : 1223, दिनांक : 06.08.2025)**

संक्षेप

## प्रधान ने दर्ज कराया मारपीट का केस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में कुछ लोगो ने रंजिशन प्रधानपति पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम मदारपुर बसही निवासी प्रधान मुनीशा देवी पत्नी रामसरन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके ससुर की तबियत खराब चल रही है, पड़ोसी डालचंद के बच्चे उसके घर के बाहर बाजा बजा रहे थे। बाजा बजाने से मना करने पर डालचंद ने उसके पति रामसरन को पुरानी नाले खंडजे की रंजिश मानते हुये गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर डालचंद उसका पुत्र रजनीश, आकाश व उसका दामाद विक्रम धारदार हथियार लेकर आये और उसके पति पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गये। बीच बचाव करने आई उसकी ननद रामरती तथा पुत्री महक के साथ भी मारपीट की। उसके पति का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

## घर से सब्जी लेने निकला युवक लापता

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर ब्लॉक ए निवासी इकरार अली पुत्र आशिक अली का 24 वर्षीय पुत्र शहबाज अली रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। घटना 10 अगस्त की शाम करीब 3.40 बजे की है। परिजनों के अनुसार शहबाज अली रोज की तरह घर पर पढ़ाई कर रहा था। शाम को वह सब्जी लेने की बात कहकर निकला, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। लापता युवक ने घटना के समय भूरे रंग की टी-शर्ट, क्रीम कलर का लोवर और पैरों में हवाई चप्पल पहन रखी थी। परेशान परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है।

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली पुलिस ने सोमवार को अवैध तमंचा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान सुहैल खान पुत्र इकलाख, निवासी ग्राम सुखदासपुर नेवदिया थाना माधोटांडा पीलीभीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा और 315 बोर के दो कारतूस बरामद हुए हैं। उसे हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया। मामले में थाना गोला में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई कर चालान भेज दिया गया है।

## पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

लखीमपुर खीरी। एलआरपी चौकी क्षेत्र में ब्लड बैंक के सामने तुलसी अस्पताल के पास पिकअप ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी सवार दिलीप गुप्ता निवासी मोहला संकटा देवी कोतवाली सदर बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हुए। घायल दिलीप को जिला अस्पताल मोतीपुर ले जाते समय उनकी रस्ते में मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हेलमेट न होने के चलते हेड इंजरी में खून बह गया जिससे दिलीप की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शिल्पग्राम के संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लें

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। दुधवा के जंगलों के बीच बसे थारू जनजाति की संस्कृति और हुनर को अब दुनिया के सामने और भव्य रूप में पेश करने की तैयारी शुरू हो गई है। तहसील पलिया के सुदूरवर्ती वन क्षेत्र में स्थित थारू शिल्पग्राम को एक पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन ने मास्टर प्लान तैयार किया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इको टूरिज्म निदेशक प्रखर मिश्रा भी विशेष रूप से शामिल हुए।

डीएम ने कहा कि थारू शिल्पग्राम न सिर्फ थारू जनजाति की कला, परंपरा और जीवनशैली को सहेजने का केंद्र बनेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय पर्यटन के नए आयाम भी स्थापित करेगा। इसके लिए परिसर को पूरी तरह सौर ऊर्जा से संतृप्त करने का निर्णय लिया गया, जिससे यह पर्यावरण अनुकूल और सतत ऊर्जा का आदर्श उदाहरण बने।

बैठक में तय किया गया कि शिल्पग्राम परिसर में थारू म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव संस्कृति विभाग को भेजा जाएगा। जिसमें थारू जनजाति की पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, लोकगीत, नृत्य और दैनिक जीवन की झलकियां प्रदर्शित होंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना लागू की जाएगी।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिल्पग्राम के संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां 20 सितंबर तक पूरी कर ली जाएं। संचालन के लिए गठित समिति का सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकरण भी इसी अवधि में करा दिया जाएगा, ताकि आगे कार्यक्रमों और गतिविधियों का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सके।

### दुधवा महोत्सव का भी होगा आयोजन

नवंबर में प्रस्तावित दुधवा महोत्सव को लेकर भी बैठक में योजना बनी। डीएम ने बताया कि महोत्सव का आयोजन शिल्पग्राम के आसपास स्थल चिह्नित कर किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक थारू संस्कृति, भोजन और हस्तशिल्प का आनंद एक साथ उठा सकेंगे।

### परियोजना अधिकारियों ने साझा की रूपरेखा

बैठक में परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास परियोजना यूके सिंह ने थारू शिल्पग्राम को नई पहचान देने की कार्ययोजना साझा की। बैठक में पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, रत्नाकर मिश्रा, डीसी (एनआरएलएम) जितेंद्र कुमार मिश्र, बीडीओ पलिया सर्वेश कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाली गयी



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पदयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया है। रामलीला मैदान पर भाजपा कार्यालय से वैभव प्रताप सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता और विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर बरसात मे भीगते हुए बच्चों ने परवाह किए बिना नगर के प्रमुख रास्तों पर पदयात्रा निकालकर भारत मां के जयकारे लगाए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में सम्मिलित हुए हैं।

## मामूली विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में झाड़ू लगाते समय कागज का टुकड़ा दूसरे के यहां गिर जाने पर जमकर लाठी डन्डे व धारदार हथियार चलने से एक युवक घायल हो गया। जिसके पिता ने तीन अज्ञात समेत आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुये क्रास मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला राजेन्द्र नगर निवासी सुशील चंद गुप्ता पुत्र केशव गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पत्नी छत पर झाड़ू लगा रही थी। तभी एक कागज का टुकड़ा छत से नीचे आकर गिर गया। इसी बात को लेकर पडोसी धीरू सिंह, जितेन्द्र सिंह उर्फ छोटू, प्रान्शु सिंह पुत्रगण नरेश सिंह व तीन अज्ञात लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने धारदार हथियार व लाठी डन्डो से उसके पुत्र आशीष गुप्ता, गौरव गुप्ता पत्नी आशा गुप्ता पर हमला कर दिया। जिसमें उसका पुत्र आशीष गुप्ता व गौरव गुप्ता घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष से सुमन पत्नी नरेश सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ले के सुशील गुप्ता और उसके पुत्र गौरव गुप्ता, शानू, आशीष घर में घुसकर गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घूसों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला का कहना कि सुशील का एक भाई मनीष गुप्ता है जो गैंगस्टर है। जिस पर लूट हत्या जैसे अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छत पर लटका मिला युवक का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर की सिनेमा रोड स्थित मोहल्ला ऊंचीभूड़ में उस समय हड़कंप मच गया, जब मकान की छत पर टीन शेड के नीचे दुपट्टे के फंदे से लटकता असगर शाह के 40 वर्षीय पुत्र अमीरुल शाह उर्फ पप्पू का शव मिला है। बताते हैं कि अमीरुल के परिजन मकान बंद कर बाजार गए थे, घर में ताला पड़ा था। परिजनों का कहना है कि इस बीच न जाने अमीरुल कहां से छत पर पहुंच गया। वहीं छत पर एक पानी का मग और शराब के पाउच पड़े मिले हैं, जिससे घटना पर रहस्य और गहरा गया है। सूचना मिलते ही कोतवाल अम्बर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी है। घर में कोहराम मचा है।

## बस सेवा शुरू कराने की उठी मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ग्राम झाऊपुर में सर्व मानव सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गोला बस डिपो से झाऊपुर, लन्दनपुर ग्रन्ट, अमीर नगर होते हुए वाया मैगलगंज तक बस सेवा शुरू करने की मांग की गई। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इस मार्ग पर बस सेवा शुरू होने से परिवहन विभाग को राजस्व प्राप्त होने के साथ-साथ हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। समिति ने लन्दनपुर ग्रन्ट-झाऊपुर में चैराहा निर्माण और झाऊपुर मोबाइल टावर से गांव की ओर जाने वाली जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण की भी मांग रखी। बैठक में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा करते हुए जितेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज में भ्रष्टाचार इसलिए पनपता है। कुछ लोग इसे बढ़ावा देते हैं और जागरूक लोग इसका विरोध नहीं करते। उन्होंने भ्रष्टाचार मिटाने के लिए समाज को जागरूक होने का आह्वान किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष अनूप कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार, सक्रिय कार्यकर्ता मनोज कुमार सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## व्यक्ति पर ईंट पत्थरों से हमला, घायल

जंगबहादुरगंज खीरी। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति पर लोगो ईट पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया है पुलिस ने केश दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम कस्बा जंगबहादुरगंज निवासी बेहन्नू पुत्र श्री कृष्ण ने पसगवां पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 9 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 3 बजे बह अपने घर से जंगबहादुरगंज चौराहे पर जा रहा था तभी मेरे गांव की ही निवासी सुमित, बलराम, कालीचरण पुत्रगण इतवारी व इतवारी पुत्र माखन पासी ने मुझे गाली गलौज किया जब मैंने गलौज करने से मना किया तो उक्त लोगों ने मेरे ऊपर ईट पत्थरों से हमला कर दिया जिससे मेरे सिर में चोटे आई है जब मेरे शोर किया तो इन लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकीं दी मेरा मासिक संतुलन ठीक नहीं रहता है पसगवां पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बी एन एस की धारा 115 (2), 151(3), 152 में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

शाहजहाँपुर, । यातायात पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत के नेतृत्व में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय और समाज सेवी संगठन ने सुभाष चौराहे पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। नियमों का पालन करने वालों को गुलाब का पुष्प देकर सम्मानित किया गया। लोगों से हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, मोबाइल फोन से परहेज, ट्रिपल राइडिंग व नशे में वाहन न चलाने की अपील की गई। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी और संगठन के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# महिला थाना में बाल मित्र केंद्र का शुभारंभ



शाहजहाँपुर / पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने महिला थाना में बाल मित्र केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र थाने में आने वाले बच्चों को भयमुक्त, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करेगा तथा किशोर न्याय अधिनियम व मानवाधिकार संरक्षण की भावना के अनुरूप संचालित होगा।

एसपी ने निर्देश दिए कि इसे सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से चलाया जाए। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने इसे बाल सुरक्षा की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

# जन्म प्रमाण पत्र देने में हीलाहवाली न करें कर्मचारी: चेयरमैन



सोनभद्र। सरकार के दिशा निर्देश पर जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र देने में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली न की जाए। क्यों कि बच्चों के भविष्य का सवाल है, इसलिए इसमें तेजी और पारदर्शिता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने में मदद करता है।

इसीलिए उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे जन्म प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया में तेजी लाएं और इसमें पारदर्शिता और ईमानदारी का पालन करें।

तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद में 2. नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 5, नगर पंचायत रेनुकूट में 4, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा मे 4, समस्त निकायों में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। चेयरमैन रूबी प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है। इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# 80 लाख से ओवर ब्रिज पर फाइबर सीट लगकर तैयार



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर के हीरालाल धर्मशाला के पास बनाए गए ओवर ब्रज पर लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुवे लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 1 ने घटनाओं को रोकने के लिए ओवर ब्रज की रेलिंग पर करीब 80 लाख रुपए से फाइबर सीट एवं लोहे के एंगल लगाए गए है।

फाइबर सीट एवं एंगल लग जाने से वाहन चालक वाहन लेकर नीचे नहीं गिरेंगे। इस कार्य से लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 1 की प्रशंसा हो रही है। बताते चले कि रेलवे स्टेशन के सामने से पंजाबी कालोनी गेट तक ओवर ब्रज का निर्माण किया गया था। रेलिंग की ऊंचाई कम होने के कारण कई बार लोगों के वाहन नीचे गिर गए वाहन चालक भी गिरकर घायल हो गए। लगातार हो रही घटनाओं के बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 1 ने फाइबर शीट एवं लोहे का एंगल लगाकर घटनाओं को रोका गया है। इस संदर्भ में के के झा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड 1 ने बताया ओवरब्रिज पर फाइबर शीट एवं एंगल का जाल लगाया गया है। जिस पर लगभग 80 लाख रुपए खर्च आया है।

# छात्राओं को खिलायी एल्बेण्डाजॉल की गोली

सोनभद्र। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह व मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अश्वनी कुमार ने पी०एम०राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राबर्ट्सगंज में छात्राओं को एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र/छात्राओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलाकर उन्हे कृमि मुक्त बनाना है, सामान्य 03 तरह के कृमि व्हुक कृमि, व्हिप कृमि एवं राउण्ड कृमि हमारे पेट में पाये जाते है जो हमारे भोजन में मौजूद पोषक तत्वों को खाते है जिसके कारण हमारा शरीर पोषक तत्वों की कमी से विभिन्न बिमारियों एवं कुपोषण का शिकार हो जाता है, इसलिए सभी को एल्बेण्डाजॉल की गोली अवश्य खानी चाहिए।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जब भी कोई बच्चा कृमि संक्रमण से ग्रसित होता है तो उसमें दस्त, पेट दर्द, कमजोरी, उल्टी, भूख न लगना इत्यादि लक्षण दिखाई देते हैं। बच्चों के पेट में मौजूद कृमि आंत से चिपके रहते है तथा आवश्यक पोषक तत्वों को खाकर जीवित रहते है, परिणाम स्वरूप उनके शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है जिससे बच्चें का शारिरिक एवं मानसिक विकास बाधित हो जाता है. बच्चा कुपोषण का शिकार हो जाता है, उसमें खून की कमी हो जाती है तथा वह अक्सर बीमार रहने लगता है, जिसके कारण उसकी शिक्षा-दीक्षा तथा कौशल का विकास पूर्ण रूप से नहीं हो पाता एवं बच्चा अपने पूर्ण क्षमता के अनुसार कार्य करने में असमर्थ हो जाता है। उन्होने कहा कि कृमि संक्रमण से बचने के लिए खुले में शौच न करें, खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से अवश्य हाथ धोयें, साफ-सफाई रखें, जूते पहनें, नाखुन साफ व छोटे रखें, खाने को ढक कर रखें, फल व सब्जीयों को साफ पानी से धोयें तथा हमेशा साफ पानी पीयें।

# पशुओं के झुंड से बाइक टकराने से चालक की मौत

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर क्षेत्र में मोहम्मदी लखीमपुर मार्ग पर शाहजहांपुर जा रहे बाइक सवार के सामने आवारा पशु आ जाने से टक्कर हो गई जिससे चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे काफी देर पडा रहा सूचना मिलने पर पुलिस ने एंबुलेंस सी एच सी मोहम्मदी पहुंचे डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया है। रिश्तेदार द्वारा शव की शिनाख्त करने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना फरधान के गांव पड़रिया निवासी जावेद अली पुत्र अजीज अंसारी 26 वर्षीय अपनी बाइक से शाहजहांपुर जरूरी काम को लेकर घर से निकले थे। सोमवार सुबह 3:30 बजे करीब उनकी बाइक कठिनापुर के आगे आते ही आवारा गोवंश के झुंड से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े राहगीर ने घटना की सूचना पुलिस के नंबर पर दी थी मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए सी एच सी मोहम्मदी पर भर्ती कराया था डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया है। पुलिस में मृतक के पास मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी रिश्तेदार के शिनाख्त करने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी अंजुम बानो के गर्भ में शिशु पर रहा है जिसका रो-रो कर बुरा हाल है।

# बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं: अजय मिश्रा




जिला संवाददाता(vol)

तिकुनिया खीरी। मां भगवती सरस्वती इंटर कॉलेज से स्कूल चलो अभियान की रैली का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं इनको ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली के माध्यम से प्रेरित करके स्कूल में पढ़ने के लिए कहा जाता है। जिससे अभिभावकों में जागरूकता हो और ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन स्कूलों में कराया जाए, जिससे शिक्षा का चौमुखी विकास हो सके। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का विकास जितना ज्यादा होगा देश उतना ही मजबूत होगा। विना शिक्षा के जीवन मे आगे बढ़ना मुश्किल भरा है। रैली में नारे लगाते हुए बच्चे कस्बे से होकर टायर चौराहा पहुंचे और वहां से मुड़कर रैली का समापन फिर कालेज में किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य विकास मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉकअध्यक्ष प्रतीक दीक्षित, आरएसएम ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम यादव, आशीष अग्रवाल, पंकज मिश्रा, संतोष मिश्रा, कृष्ण सिंह, रूप सिंह यादव, वैभव पांडे, छबिलाल सोनकर, रमेश कुमार, डीएस तोमर, टीएन कटियार, विनीत गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता सहित अभिभावक व छात्र मौजूद रहे।

# बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत



निघासन खीरी। सिंगाही रोड पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बस में तोड़फोड़ कर हंगामा किया।

निघासन कोतवाली क्षेत्र के टपरी कृपाकुंड निवासी लवकुश (25) पुत्र जागेश्वर बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान तिकुनियां से हरिद्वार जा रही रोडवेज बस ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में लवकुश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोग उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और शव वाहन को रोककर चाबी निकालने का प्रयास करने लगे। इस दौरान आरोपी बस चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा हुआ। सूचना पर कोतवाल महेशचंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बस को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया साथ ही चालक को भी कब्जे में लिया इसी दौरान परिजनों को शांत करके पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

**पत्र सं.-495/15वां वि.अ./स्टा.शुल्क/नि.कार्य/टेण्डर/2025-26 दिनाँकः 06 अगस्त, 2025**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं.-494/रा.वि.आ. - पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2025-26 दिनाँक 06 अगस्त, 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्यों हेतु नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र निर्धारित सीमा के अन्दर के हो) को सूचित किया जाता है, कि 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में से रु. 5.00 लाख से कम लागत के 19 कार्यों एवं 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु. 5.00 लाख से कम लागत के 01 निर्माण कार्य सहित कुल 20 निर्माण कार्यों हेतु जी०एस०टी० रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निर्धारित निएम एवं शर्तों के अधीन दिनांक 21 अगस्त, 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशित की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँक 19 अगस्त, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत रहेगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद बहराइच।

संक्षेप

## पारिवारिक विवादों का करें निस्तारण

देवरिया ।अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री राम मिलन सिंह के निदेर्शानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया श्री बद्री विशाल पाण्डेय के अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत किया गया। माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया बद्री विशाल पाण्डेय के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 के सफलता हेतु प्री-ट्रायल बैठक में परिवार न्यायालयों में अधिक से अधिक संख्या में पारिवारिक वादों को चिंन्हित कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। उनके द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित वादों पर चर्चा कर उसके निस्तारण हेतु बल दिया गया है माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठाया जा सकें।

# 87 शिकायतें मिलीं, 27 निस्तारित



जिलासंवाददाता

देवरिया ।जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।

पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों

**समाधान दिवस**

पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की जनसमस्याओ को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना कोतवाली पर कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 87 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 26 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया ।

## श्रीरामचरित मानस श्रीराम का ग्रंथावतार : डॉ जनार्दन उपाध्याय

अयोध्या । श्रीराम मंगलावतार हैं और श्रीरामचरित मानस भगवान श्रीराम का ग्रंथावतार है। ऐसा विद्वानों का मत है। और यह धार्मिक, अध्यात्मिक, भौतिक, प्रयोग और अनुप्रयोग के धरातल पर समय-समय पर सिद्ध भी होता रहा है। ये विचार तुलसी साहित्य के मर्मज्ञ डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने व्यक्त किए। डॉ उपाध्याय अखिल भारतीय साहित्य परिषद, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अवधी भाषा विभाग व अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास पखवाड़े के अवसर पर आयोजित व्याख्यान एवं कवि गोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। व्याख्यान का विषय था गोस्वामी तुलसी दास का लोक चिंतन। यह व्याख्यान अवध विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केंद्र के सभागार में आयोजित हुआ। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि भारतीय आर्ष ग्रंथों में जिस प्रकार से काव्य व कथा दोनों प्रकार के वैभव निहित हैं, ठीक उसी प्रकार से गोस्वामी जी के साहित्य में भी यह अनुशासन देखने को मिलता है। कविता में कोई बंद बार-बार सुनने की इच्छा होती है, और कथा में आगे की कथा जानने की जिज्ञासा होती है, ये दोनों तत्व गोस्वामी जी के ग्रंथों में विशेष रूप से श्रीरामचरित मानस में समाहित हैं। उन्होंने तुलसी साहित्य में लोक चिंतन पर कहा कि किसी भी मनीषी की रचना के तीन तत्व प्रमुख होते हैं, एक आध्यात्मिक-धार्मिक चिंतन, दूसरा काव्य और तीसरा लोक मंगल की भावना। भगवान श्रीराम तो मंगलावतार हैं। उनका पूरा जीवन ही लोक कल्याण को ही समर्पित है।

उनकी कथा भी उनके चरित्र के अनुरूप ही होगी। गोस्वामी जी ने तो लोक को प्रथम रखा और लोकभाषा में ही अपनी रचनाएं कीं। व्याख्यान की भूमिका बीएनकेबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबपुर अंबेडकरनगर के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी का कालखंड ऐसा था कि देश के राजे-रजवाड़े जिन पर लोक हित की चिंता का दायित्व था, वे कंचन-कामिनी में फंसे थे, ऐसे में गोस्वामी जी ने लोकभाषा में एक ओं अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## निःशुल्क नशा मुक्ति केंद्र की सुविधा उपलब्ध, आधार कार्ड पर होगी भर्ती

देवरिया । जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चयनित संस्था साइंस एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी को जनपद देवरिया में नशा मुक्ति केंद्र (डीडीएसी झ जिला डी-एडिक्शन सेंटर) संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है यह केंद्र ओरा-चौरी, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट, देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर संचालित है, जहां 15 मरीजों के लिए आवासीय रूप से निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। यहां शराब, तंबाकू, स्मैक, गांजा, चरस, कोकीन, सॉल्यूशन, वाइटनर एवं प्रतिबंधित दवाओं सहित सभी प्रकार के नशे से ग्रसित व्यक्तियों का दवा एवं भर्ती कर उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जाता है। भर्ती मरीजों के लिए नाश्ता, भोजन आदि की संपूर्ण व्यवस्था भी संस्था द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती ह केंद्र में नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों का उपचार करने के साथ-साथ, नशा छुड़ाने हेतु मनोवैज्ञानिक परामर्श, मेडिटेशन और शारीरिक व्यायाम जैसी गतिविधियों के माध्यम से भी मरीजों को नशे से दूर करने का प्रयास किया जाता है संस्था के प्रबंधक/सचिव डॉ. ए.के. सिंह के निर्देशन में मरीजों का इलाज डॉ. केशव सिंह, परियोजना प्रबंधक डॉ. रोहित सिंह एवं परियोजना समन्वयक डॉ. विजेता पांडेय की देखरेख में किया जा रहा है इलाज के लिए मरीज का आधार कार्ड आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6307161288 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि अपने आसपास नशे से ग्रसित व्यक्तियों को इस केंद्र से जोड़कर इस योजना का लाभ दिलाएं।

## दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

देवरिया । मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना अंतर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सभा वरमामीर छापर, न्याय पंचायत वरमामीर छापर, विकास खंड देसही देवरिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान विष्णु कुशवाहा ने फीता काटकर किया इस अवसर पर उद्योग स्थापना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा विभिन्न योजनाओं के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में कुल 30 महिलाओं एवं पुरुषों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसके समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। वन क्रॉप जागरूकता अभियान के तहत किसानों को विपणन व निर्यात की दी गई जानकारी

## देश की आन, बान, और शान है तिरंगा: डॉ.रमापति



देवरिया । भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत देवरिया विधानसभा के गौरी बाजार नगर पंचायत के डाक बंगले से होते हुए चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज से होते हुए रामपुर चौराहा तक तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व देवरिया के पूर्व सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी रहे । लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस यात्रा में सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। कुछ लोग गाड़ियों से तो कुछ पैदल चलकर यात्रा का हिस्सा बने। देशभक्ति के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। यात्रा ने क्षेत्रवासियों में देशप्रेम का उत्साह और बढ़ा दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि तिरंगा

हमारे देश की आन, बान और शान है। यह देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता का प्रतीक है। हम सब का स्वाभिमान हमारा राष्ट्रीय ध्वज सदैव आसमान में लहराता रहे। उन्होंने सभी भारतीयों से घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील भी की। अभियान के इसी क्रम में विधानसभा रामपुर कारखाना के रामपुर मंडल में अभियान के जिला संयोजक राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भीमपुर गौरा से रामपुर चौराहा, शहीद सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति होते हुए, रविंद्र किशोर शाही के मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात शहीद रामचंद्र विद्यार्थी इंटरमीडिएट कॉलेज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा के दौरान भाजपा नेता कृष्ण नाथ राय, रामपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मद्धेशिया, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, विनय जायसवाल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मल्ल, अजीत कुमार सिंह, कमलेश मौर्य, प्रिंस पांडे, आशुतोष राय, प्रिंस मोदनवाल, महेंद्र राय, बृजेश गुप्ता, अभिनंदन सिंह चुन्नू ,संजय कुमार, सुमित राव, धीरज राव, महामंत्री गौतम सिंह, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडे, जितेश चौबे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवनीत मिश्र बने दलीप ट्रॉफी सेंट्रल जोन के मैनेजर

कुशीनगर। सेवरही विधानसभा क्षेत्र के मठिया श्रीराम निवासी भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष डॉ. प्रेमचंद्र मिश्र के सुपुत्र इंजीनियर नवनीत मिश्र को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी के सेंट्रल जोन मैनेजर के रूप में चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों, खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है। ई. नवनीत मिश्र के चयन पर राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, कुशीनगर सांसद विजय दूबे, पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पांडेय, विधायकगण डा. शलभमणि, पीएन पाठक, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, विनय प्रकाश गौड़, मनीष जायसवाल, मोहन वर्मा, विवेकानंद पांडेय, पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा, नंदकिशोर मिश्र, जगदीश मिश्र ऊर्फ बाल्टी बाबा, भाजपा के जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, समाजसेवी प्रदीप तिवारी, पुनीत पांडेय, अनिल जायसवाल, जिला मंत्री रामसागर कुशवाहा, पूर्व जिलाअध्यक्ष जेपी शाही, अखिलेश मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, बरिष्ठ भाजपा नेतागण अजय तिवारी, सत्येंद्र मिश्र, डा. बच्चा पांडेय नवीन, संतोष दत्त राय, राधेश्याम पांडेय, चंद्रप्रकाश यादव चमन, डा.कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह, डा.डी.के.गुप्ता, डा.पीएन राय, अजय राय, डा. कन्हैया शर्मा, श्रीनिवास राय, रमेश ब्याहुत, सांसद प्रतिनिधि पं. धीरज त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, रामनरेश मिश्र, अभिषेक शुक्ला, अंकित पांडेय, संजय गुप्ता, डा. बाबुलाल यादव, अशोक यादव, विवेकानंद मिश्र, शिक्षक प्रेम तिवारी समेत सैकड़ों लोगों ने हर्ष जताया है और ई. नवनीत मिश्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## धौली प्याऊ मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा में देशभक्ति की गूँज, नेताओं के प्रेरक संबोधन

मथुरा। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा मथुरा महानगर के धौली प्याऊ मंडल द्वारा रविवार शाम 5 बजे बजरंग धर्मकांटा से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो महोली रोड होते हुए प्रेम देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीभागवत गीता (बिरला) मंदिर से अग्रसेन चैक मसानी तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाजपाई सहित अन्य ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज के गौरव, जन-जन के लोकप्रिय नेता, प्रदेश सरकार में पूर्व ऊर्जा मंत्री रह चुके एवं वर्तमान में मथुरा-वृंदावन विधानसभा क्षेत्र के विधायक पं. श्रीकांत शर्मा तथा भाजपा संगठन के कुशल नेतृत्वकर्ता, संघर्षशील एवं कर्मठ भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर ह्यराजूह्न यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संबोधन करते हुए पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान मथुरा-वृंदावन विधायक श्री कांत शर्मा ने कहा तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की अनगिनत बलिदान गाथाओं और देशभक्ति की भावना का प्रतीक है। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा आज की इस भव्य तिरंगा यात्रा में आपकी उत्साहपूर्ण भागीदारी ने सिद्ध कर दिया है कि मथुरा महानगर के प्रत्येक कार्यकर्ता और नागरिक के हृदय में राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और सम्मान है। इस अवसर पर अभियान संयोजक चंद्रपाल कुंतल सह संयोजक पवन हिंडोल तिरंगा अभियान संयोजक युवामोर्चा महानगर अध्यक्ष यज्ञ दत्त कौशिक मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक संजय शर्मा हरिओम शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा दिनेश अग्रवाल विपिन चाहर श्वेता शर्मा दीपा अग्रवाल पार्षद कुलदीप पाठक पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



देवरिया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को पीएमश्री राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरिया में विशेष जागरूकता एवं दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने स्वयं एल्बेंडाजोल दवा का सेवन कर किया।

जिलाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लस्वस्थ बच्चे ही देश का भविष्य हैं। केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी बच्चों का स्वस्थ होना आवश्यक है। आजकल बच्चों का अधिक समय इंटरनेट पर बीतता है, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करता है। मोबाइल और इंटरनेट का सीमित उपयोग करें, किताबें पढ़ने की आदत डालें, इनडोर-आउटडोर खेलों में भाग लें, घूमने जाएँ और संतुलित व पौष्टिक आहार लें।ह्व

उन्होंने बताया कि जनपद में एक से 19 वर्ष की आयु के लगभग 15.3 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य है। यह दिवस वर्ष में दो बार – फरवरी और अगस्त – आयोजित होता है। जो बच्चे किसी कारणवश दवा नहीं ले पाए हैं, उन्हें 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के माध्यम से दवा दी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को स्वच्छता अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण से बचाव के लिए नाखून छोटे और साफ रखें, हमेशा साफ पानी पिएं, खाने को ढककर रखें, फल-सब्जियां धोकर खाएं, आसपास सफाई रखें, जूते पहनें, खुले में शौच न करें और हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। खाने से पहले और शौच के बाद हाथ साबुन से धोना न भूलें।

कार्यक्रम में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि संक्रमण के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डीएम और एसपी ने बच्चों के साथ मिलकर दवा का सेवन किया और सभी को इसे नियमित रूप से लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ॰अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. अश्वनी पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, स्वास्थ्यकर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। मुकुंद भास्कर मणि, जयदीप त्रिपाठी, राजकुमार जायसवाल, भरत मणि त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, शिव शंकर सिंह, चंदू वर्मा, आलोक त्रिपाठी राजन, डॉ.एस.के.पाठक, रत्नेश मल्ल पिंटू, सत्यप्रकाश मणि, सुनील कुमार तिवारी, जुलेखा खातून, कुलदीप यादव, रविन्द्र मल्ल, पन्नालाल पाठक, रीता देवी, कमलेश मिश्रा, शेषनाथ गोंड़, अशोक गोंड ।

# एक रुपए की पर्ची पर ओपीडी में लिखी जा रहीं हजारों की बाहरी दवाएं



मिल्कीपुर-अयोध्या। सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में मरीजों के साथ आर्थिक शोषण का मामला सामने आया है। अस्पताल में एक रुपए की पर्ची पर इलाज कराने आने वाले मरीजों को चिकित्सक बाहर से महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं।अस्पताल में रोजाना पांच सौ से बात सौ मरीजों की ओपीडी होती है। चिकित्सक मरीजों को तीन सौ रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक की बाहरी दवाएं लिख रहे हैं। ये दवाएं केवल अस्पताल के सामने स्थित मेडिकल स्टोर पर ही उपलब्ध हैं। इलाज कराने आए कुबेर नामक मरीज ने बताया कि उनके हाथ में दर्द था और डॉक्टर ने तीन सौ रुपए की बाहरी दवा लिख दी। डॉक्टर का कहना था कि अस्पताल की दवाओं से वे ठीक नहीं होंगे। श्रीमती मरीज को चार सौ साठ रुपए की बाहरी दवा लिखी गई। हलियापुर की मंजू सिंह को पांच सौ रुपए की दवा लिखी गई।राकेश सिंह को 12 सौ रुपए की दवा लिखी गई, लेकिन पैसे न होने के कारण वे दवा नहीं खरीद पाए। मालती तिवारी को पांच रुपए की बाहरी दवा लिखी गई। रानीगंज पूरव गांव के उमाशंकर ने बताया कि उनके पैर में मामूली समस्या थी, लेकिन डॉक्टर ने दो रुपए की दवा लिख दी, जिसे वे खरीद नहीं पाए।

मरीजों का कहना है कि वे एक रुपए के पर्चे पर इलाज कराने आए थे, लेकिन डॉक्टरों ने हजारों रुपए की दवाएं लिख दीं। अस्पताल में आए मरीजों ने कहा कि हम तो सोचे थे यहां पर बढ़िया इलाज होता है लेकिन यहां तो डॉक्टर साहब डकैती डाल रहे हैं। इससे ठीक तो झोला छाप डॉक्टर ही रहते हैं। एक मेडिकल स्टोर संचालक ने गुमनाम रहने की शर्त पर बताया कि पहले उन्हें दवा बेचने के लिए 35 से 40 प्रतिशत कमीशन डॉक्टरों को देना पड़ता था, जिसके कारण उन्होंने अपना मेडिकल बंद कर दिया है। बाहर से लिखी जा रही दावों की जानकारी के लिए अस्पताल के सीएमएस डॉ. रवि पांडेय बात करने का प्रयास किया गया तो पता चला कि प्रशिक्षण पर गए है ।

## राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण

देवरिया । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया।

## अखिलेश यादव की गिरफ्तारी से भड़के सपाई , पुलिस ने लिया हिरासत में




देवरिया। समाजवादी पार्टी के युवा फ्रंटल संगठनों के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओ ने दिल्ली में वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं अन्य विपक्षी नेताओ की गिरफ्तारी के विरोध में शहर के सुभाष चौक पर धरना -प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक व वरिष्ठ सपा नेता अनुग्रह नारायण सिंह उर्फ खोखा सिंह ने कहा कि जैसे ही उन्हें अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना मिली। वह धरने में बैठ गए और उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन यह आंदोलन चलता रहेगा। क्योंकि जो चुनाव आयोग लगाया कि भाजपा की सरकार और चुनाव आयोग वोट का खेल कर रहे हैं। पीडीए का वोट काटा जा रहा है और यह आंदोलन चलता रहेगा। धरने में मुख्य रूप से सयुस जिलाध्यक्ष रणवीर यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव, सपा नेता अवनीश यादव, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मनोज यादव, चौधरी रामप्रकाश, बेचूलाल चौधरी, पूर्व विधायक खोखा सिंह, राजवंशी राजभर, सूरज, मनीष सैथवार, लारेब रहमान, सूरज, सुहेल, अर्जुन, गिरीश जायसवाल, हरेंदर त्यागी, देवेंद्र यादव, सचिन यादव, हरिकेश भटनी, हरिकेश यादव, रामनरायण, बीरबहादुर, संदीप आदि रहे।

## हाटा गन्ना समिति क्षेत्र के किसानों को हुआ 5272 लाख रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान

कुशीनगर। हाटा तहसील क्षेत्र केढाढा चीनी मिल द्वारा सहकारी गन्ना विकास हाटा परिक्षेत्र के 180 गांवों के 12199 कृषकों 5272 लाख रुपया गन्ना मूल्य भुगतान किया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक एवं गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता ने क्षेत्र के ग्राम डुमरी एकलास में आयोजित गोष्ठी में दी। श्री गुप्ता ने बताया कि हाटा समिति क्षेत्र के कृषकों ने वर्ष 2024- 25 में 14.30 लाख कुंतल, वर्ष 2019-20 में 28 लाख कुंतल गन्ना ढाढा चीनी मिल को आपूर्ति किया। वैज्ञानिक ढंग से खेती करके शरद काल में ट्रेंच विधि से अधिक उपज देने वाली प्रजातियों की बुवाई करके पुनः28 लाख कुंतल गन्ना आपूर्ति हो, तो उसका मूल्य लगभग एक हजार लाख रुपए होगी। आवश्यकता है कृषि यंत्रों का प्रयोग कर, सह-फसली खेती भी करें, 400 से 500 कुंतल एकड़ उपज प्राप्त कर सकते हैं। ढाढा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह के अनुसार शरद काल में 15 हजार एकड़ क्षेत्र में गन्ना बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को कृषि यंत्रों से जोड़ा जा रहा है। गन्ना यंत्रों के प्रयोग से लागत घटेगी मजदूरों की समस्या दूर होगी। चीनी मिल के सहायक गन्ना उपाध्यक्ष मनोज बिश्ननोई, रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गन्ना विकास के लिए चीनी मिल द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रशिक्षण अभियान चल रहे हैं। गन्ना फसल की बंधाई करें, मथमुडिया किट नियंत्रण के लिए नटेरा का प्रयोग करें। इस दौरान अनिल कुमार, ओमप्रकाश मल्ल, मदन, राम हरेश यादव, राजेश यादव, जनमेजय आदि किसान उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय तिरंगा मेला का हुआ आयोजन



कुशीनगर। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आज जनपद स्तरीय तिरंगा मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष बीज विकास निगम (दर्जा प्राप्त मंत्री) राजेश्वर सिंह एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर तथा अन्य गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मंत्री ने कहा कि इस तिरंगा मेले से सभी सभी युवाओं/छात्र /छात्राओं एवं पूरे जनपद वासियों को देश के प्रति सच्ची सद्भावना देश के प्रति प्रेम व देश भक्ति का जज्बा जागृत करेगा। उन्होंने सभी से संकल्प लिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी को आपस में मिल जुल कर देश के लिए एकजुटता पर बल दिया गया। उन्होंने देश की आजादी में वीर गति को प्राप्त करने वाले शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, शाहिद भगत सिंह, असफाकउल्लाह खान सहित अन्य वीर जवानों ने कम उम्र में देश की खातिर अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया, इसके पीछे बहुत बड़ा त्याग/साहस रहा है। उन्होंने मां0 मुख्यमंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि देश तभी विकसित होगा जब हम सब में एकरूपता आएगी, तभी भारत देश फिर से सोने की चिड़िया बनेगा।

उन्होंने नारी सुरक्षा के संबंध में कहा कि आज की बेटियां रानी लक्ष्मीबाई हैं जिस घर में बेटियां सुरक्षित हैं उस घर में कोई आफत/बला नहीं आती, उन्होंने किसानों के आय दुगुनी के संबंध में कहा कि विभाग प्रत्येक गांव में घूम कर वैज्ञानिक विधि से खेती किए जाने का गुर दे रहा है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि हर भारतवासी के दिल में देश के प्रति एक भावना /एकरूपता आए। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इस वर्ष पूरे देश में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर लगभग 05 करोड़ झंडा फहराया जाएगा, इसी क्रम में जनपद कुशीनगर में 08 लाख झंडे का वितरण कर जनपद के प्रत्येक घर में झंडा फहराने का कार्य किया जाएगा, इसी क्रम में इस तिरंगा मेला का आयोजन कर देश के प्रति हर नागरिक के दिल में देश प्रेम की भावना जागृत कर समाज को एकरूपता में लाए जाने के प्रयास में एक कदम है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में कल पुलिस लाइन से तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। आज के कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी संबंधित को धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि भारत देश एक सामान्य देश नहीं है, ये देवताओं द्वारा निर्मित देश है यहां राम, और कृष्ण, महादेव, ऋषि, मुनियों का देश है, ऐसे देश में हम सब पैदा हुए। उन्होंने कहा कि हजार वर्ष अपार संघर्ष के बाद देश का आम जनमानस गुलामी को स्वीकार्य नहीं कर पाया अंततः गुलामी की जंजीरों से मुक्ति मिली इसके लिए लाखों माता - पिता की गोद सुनी होने के बाद आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि यहां कोई हिन्दू मुस्लिम नहीं है हम सब हिन्दुस्तानी है और आने वाले 2047 तक सभी को नए भारत की संकल्पना देखने को मिलेगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि मात्र तीन दिनों में पाकिस्तान घुटने के बाल आ गया। उन्होंने स्वदेशी अपनाए जाने सहित समाज को छोटी छोटी बातों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इसके परिणाम भविष्य में बड़े होंगे, तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और ये जन आंदोलन का रूप लेगा। इस अवसर पर जनपद के भूत पूर्व सैनिकों/उनके आश्रितों को सम्मानित भी किया गया।

## भाजपा ने तमकुहीराज में निकाली तिरंगा यात्रा



तमकुहीराज, कुशीनगर। स्थानीय कस्बे में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा कोईदी ब्रह्मस्थान से शुरू होकर कस्बे का भ्रमण करते हुए ओवरब्रिज चौराहे के समीप सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा तक गई। यात्रा में स्थानीय लोगों एवं भाजपा कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम् आदि देश भक्ति की भावना से जुड़े के नारे लगाए। सोमवार को तमकुहीराज कस्बे के कोईदी ब्रह्मस्थान से सरदार पटेल की प्रतिमा तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में तमकुहीराज विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। भारत माता की जय, वन्देमातरम आदि देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा सकुशल सम्पन्न हुई।

तिरंगा यात्रा के समापन के बाद तमकुही ब्लॉक सभागार में आयोजकों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों के आश्रितों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व प्रमुख विजय कुमार राय, केशव पाण्डेय, रामसागर कुशवाहा, मुन्नू मिश्रा, सत्यम पाण्डेय, प्रदीप सिंह, विनोद सिंह राजपूत, प्रदीप श्रीवास्तव, आनन्द मिश्रा, संजय राय आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## कोर्ट आये बुजुर्ग की बाइक चोरी

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित तहसील परिसर में बाइक चोरी की वारदात ने फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार को एक बुजुर्ग अपने बेटे के साथ एसडीएम कोर्ट में तारीख कराने आए थे। वे बाइक संख्या यूपी 32 एफटी 4491, हांडा स्प्लेंडर प्रो, को तहसील परिसर में बरगद के पेड़ के पास खड़ा कर कोर्ट गए थे। तारीख मिलने के बाद जब वे लौटे तो बाइक गायब थी। पीड़ित ने बताया कि क्षेत्र में कोतवाली, अस्पताल और तहसील परिसर के बाहर खड़ी बाईकों को चोर आसानी से निशाना बना रहे हैं। चंद मिनटों में बाइक गायब हो जाती है और चोर बेखौफ भाग निकलते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त सिर्फ नाम मात्र की है और चोरों को खाकी का कोई डर नहीं है। हाल के दिनों में इसी इलाके से कई बाइकें चोरी हो चुकी हैं, मगर पुलिस चोर गिरोह पर पूरी तरह नकेल कसने में नाकाम रही है। जनता ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने और कोतवाली व तहसील परिसर में सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## अज्ञात बोलेरो ने मारी टक्कर, दो घायल

उन्नाव। रायबरेली मार्ग के अंतर्गत कोरारी ग्राम के अन्तर्गत तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। फिर टक्कर मार कर नव निर्माण लखनऊ हाइवे की तरफ रफूचक्कर हो गया। बाइक में सवार दो पुरुष की पहचान नहीं हो पाई दोनों की हालत बहुत ही गम्भीर है। मौके पर एंबुलेंस व पुलिस को सूचित कर उन्नाव जिला अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया। दुर्घटना में पाई गई बाइक पैशन प्रो जो कि कानपुर नम्बर से रजिस्ट्रेशन है। जिसका गाड़ी नम्बर यूपी 78 एफडी 6490 है।

## नहाने गया युवक नदी में डूबा

सीतापुर। जिले के रामकोट इलाके में पिराई नदी में दोस्तों संग नहाने गए एक युवक की डूबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अल्लीपुर निवासी सुमित 18 वर्ष अपने दोस्तों के साथ पिराई नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर खोजबीन शुरू की। गोताखोरों की मदद से कई घंटों तक तलाश की गई लेकिन सुमित का कुछ भी पता नही चल सका। इसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई सूचना पाकर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। टीम ने नदी में गोताखोरी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जो देर शाम तक जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि पिराई नदी में बारिश के कारण जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है और धार तेज है जिससे खोजबीन में दिक्कत आ रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि एसडीआरएफ टीम के साथ सुमित की तलाश जारी है और शव मिलने के बाद पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# डीएम व एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



सीतापुर। नगरीय निकाय उपनिर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने महमूदाबाद एवं मिश्रिख नगर पालिका क्षेत्र स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय महमूदाबाद नवीन, प्राथमिक स्कूल पैगम्बरपुर, पी०एम० श्री संविलियित विद्यालय नूरपुर एवं तहसील परिसर महमूदाबाद में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर चल रही मतदान प्रक्रिया को देखा। मिश्रिख नगर पालिका क्षेत्र के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रिख द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र मिश्रिख, महर्षि दधीचि इण्टर कालेज मिश्रिख आदि मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत एवं स्थानीय निकाय) द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुये मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करायी जाये। सभी संबंधित अधिकारी संबंधित मतदान केन्द्रों पर भ्रमणशील/उपस्थित रहकर मतदान को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करायें। सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मतदाताओं के पहचान पत्र की नियमानुसार जांच सुनिश्चित की जाये। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान संबंधित उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियमितता पर दो दुकानों के लाइसेंस निरस्त



उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में एसडीएम व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक दिन अधिक बिक्री करने वाले उर्वरक विक्रेताओं की जांच की गई। अनियमितता पर दो दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए। उप जिलाधिकारी एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में अधिक बिक्री करने वाले विक्रेताओं की जांच की गई।

जांच में शशांक चौधरी जिला कृषि अधिकारी एवं संबंधित एसडीएम पुरवा एवं सदर ने जांच की। जिसमें उमेश एग्री जंक्शन हिलौली, गोल्डी खाद भंडार बिछिया व बालाजी खाद भंडार बरौली तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता एवं संबंधित एसडीएम द्वारा साधन सहकारी समिति अकबरपुर पीसीएफ केंद्र बीघापुर व साधन सहकारी समिति सुमेरपुर की जांच की गई। जांच में अनियमितता पाए जाने के कारण गोल्डी खाद भंडार बिछिया व उमेश एग्री जंक्शन का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई तथा सचिव साधन सहकारी समिति सुमेरपुर की प्रतिकूल प्रविष्टि अंकन करने हेतु संस्तुति की गई।

## बीजेपी ने तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को याद किया



पाटन, उन्नाव। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय परमात्मा दीन और शहीद अमर बहादुर सिंह की स्मृति सोमवार को तिरंगा यात्रा के माध्यम से जीवंत हो उठी। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम गोबरहा स्थित परमात्मा दीन के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनको याद किया।

बाइक पर सवार सैकड़ों कार्यकताओं का तिरंगा काफिला ग्राम बजौरा पहुंचा, जहां शहीद अमर बहादुर सिंह के शहीद स्थल पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा का समापन यहीं हुआ।

इस अवसर पर अतिथियों ने शहीद के पिता मनमोहन सिंह को तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। रास्ते में भगवंतनगर, मनिकापुर समेत कई स्थानों पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार बाबा सहित अनेक नेता शामिल हुए। जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा भारत शौर्य का प्रतीक है, इसके मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमें एकजुट रहना होगा। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर भारतवासी के हृदय में जनजागरण करना है।

वहीं अमितेश सिंह नंदू ने कहा तिरंगा यात्रा शहीदों की शौर्य गाथा को घर-घर पहुंचाने और उन्हें याद करने का संकल्प है। यात्रा में सूरज सिंह चैहान, शिवबीर सिंह उर्फ वीरू, अजय बाजपेई, आशीष कुमार उर्फ रिंकू शुक्ला, कल्लू तिवारी, शिव प्रताप सिंह अनिल सिंह, रामप्रसाद लोधी, आशू सिंह, अतुल सिंह, जितेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हरियाली तीज उत्सव पर किया लोक नृत्य



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। लायन्स क्लब द्वारा हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हरियाली तीज उत्सव, उमंग और हर्षोल्लास से मनाया। महिला सदस्यों ने हरे रंग के परिधान पहनें। क्लब की प्रथम महिला जूली गुप्ता ने समस्त सखियों का हल्दी कुमकुम लगाकर व बालो में गजरा लगाकर स्वागत किया। सभी को चूड़ी, मेहंदी बिन्दी व उपहार भेंट किए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने झूला झूल कर खूब आनंद उठाया। और आकर्षक मेंहदी लगाई। तीज पर आधारित संस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें लोकगीत और लोकनृत्य शामिल रहे। और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

पूर्व अध्यक्ष सोना बैंकर ने कहा कि यह पर्व न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह महिलाओं के एकजुट होने, श्रृंगार करने, नाचने - गाने और खुशियां मनाने का एक अवसर भी है। पूजा त्रिपाठी, ज्योति कपूर, गीता गुप्ता, कविता वर्मा, रविन्द्र कौर, हेमा श्रीवास्तव, शैल मौर्य, प्रीति गुप्ता, पुष्पा श्रीवास्तव, रविन्दर कालरा, सुधारानी, ज्योति मौर्य, डा प्रकाशनी अग्रहरी, आरूषि मौर्य आदि उपस्थित रही।

## शहर में शान के साथ निकली तिरंगा यात्रा



तम्बौर सीतापुर। तम्बोर कस्बे के सरदार पटेल इंटर कॉलेज मैदान से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर मुख्य - मार्ग पर शान के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई ।जय कुमार वर्मा भाजपा नेता ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का आरंभ किया ।रैली पुरानी बाजार होते हुए रेवसा मोड़ पहुंचीं। इसके बाद बेहटा, कुटी सपोली होते हुए जईम खान सभासद के रुकी जय कुमार वर्मा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मे बेहटा मण्डल अध्यक्ष अमित सिंह, सुवेश श्रीवास्तव सभासद, जईम खान सभासद, राज किशोर कनोजिया जिला पंचायत सदस्य,शिवम्‌ वर्मा सभासद,राम सिंह,अजय पटेल,सज्जन वर्मा,संजय अवस्थी,प्रदीप जीवन जायसवाल,मो जियाउल हक,नबी अहमद प्रधान, जुनैद अहमद प्रधान, मनोज नाग, असाद खान,तौफीक खान, शकील खान, नोमान असरफ, काफी संख्या मे प्रधान और क्षेत्र के लोग उपस्थिति रहें ।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली बाइक रैली

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत राज अधिकारी सीतापुर के सौजन्य से सफाई कर्मचारियों द्वारा एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली देश की आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से हुआ। जहां मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी डा0 निरीश चन्द्र साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बाइक रैली में सफाई कर्मचारियों द्वारा तिरंगा झंडा हाथों में लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विभिन्न चैक-चैराहों से निकली। जिसमें देशभक्ति गीतों के साथ आमजन को हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस बाइक रैली के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय पर्व को गौरवशाली बनाएं और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## विधायक ने किया जलमग्न गांवों का स्थलीय निरीक्षण

सीतापुर। पिसावां में हुई मूसलधार वर्षा से दुबावां, मैनिया सहित दर्जनों गांव जलमग्न हो गए। सोमवार को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी दुबावां पहुंचे और जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात कर 50 पीड़ित परिवारों को राशन सहायता एवं बाढ़ किट वितरित की। ग्रामीणों ने विधायक से गांव की खराब सड़कों के निर्माण की मांग की। साथ ही उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर और केबल बदलने की भी मांग रखी। विधायक ने मौके से ही बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को फोन किया। उन्होंने बिजली व्यवस्था तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। विधायक ने गांव की अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान का भी आश्वासन दिया। उन्होंने जलभराव से फैलने वाली बीमारियों के खतरे को लेकर लोगों को सतर्क किया। साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने गांव की शौचालय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव, ग्राम प्रधान कुशाग्र दीक्षित मौजूद थे। कानूनगो संतोष कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल अरुणेंद्र कुमार, ऋषभ कुमार सहित क्षेत्र के कई लोग भी उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा साहित्य संगम की 613वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। शहर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था अन्नपूर्णा साहित्य संगम की 613वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर के मोहल्ला नई बस्ती स्थित अन्नपूर्णा सेवा संस्थान कार्यालय में आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अयोध्या प्रसाद गौतम द्वारा की गई। संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी के संरक्षण तथा यासीन इब्ने उमर के संचालन में आयोजित काव्य गोष्ठी का शुभारंभ विजय प्रकाश पांडे कंठ के द्वारा वाणी वंदना के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर संस्था संस्थापक अनिल द्विवेदी को याद करते हुए सभी साहित्यकारों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके द्वारा स्थापित की गई काव्य गोष्ठी श्रृंखला को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद गौतम ने काव्य पाठ करते हुए देश की आलोकिक सुंदरता और विशिष्टता को प्रदर्शित करती हुई रचना प्रस्तुत की। वरिष्ठ शायर मंजर यासीन ने मधुर कंठ से गजल सुना कर माहौल को अत्यधिक खुशनुमा बना दिया, रामदास वैश्य रामू ने सामाजिक कुरीतियों पर व्यंग प्रस्तुत करते हुए रचना सुनाई। यासीन इब्ने उमर ने जीवन के मूल्यों को समझाते हुए मात-पिता का आदर करने तथा घर परिवार को जोड़ने का संदेश दिया। विजय प्रकाश पांडे कंठ ने सु मधुर कंठ से गजल सुना कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। रियाजुद्दीन रियाज ने अपनी रचना के माध्यम से देश भक्ति की भावना को जगाने का काम किया। राजबहादुर वर्मा ने बहनों की दशा और दिशा पर प्रकाश डालते हुए रक्षाबंधन के महत्व का वर्णन किया। विदुषी विदू ने शिव भक्ति पर आधारित रचना सुनाई। अंत में वरिष्ठ कवित्री व साहित्यकार स्व० विनोदनी रस्तोगी के देहांत पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने सभी कवि कवित्री शायर व साहित्यकारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## कीपैड मोबाइल चोरी करने का लगाया आरोप

हरगांव (सीतापुर)। सोनू पुत्र सुरेश वर्मा ग्राम निवासी ग्राम मुदरासन थाना हरगांव का कीपैड मोबाइल शुक्रवार को गायब हो गया था। सोनू ने गांव के ही भरतरी पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में शिकायत की थी। जिसके बाद सोनू, भरतरी, अनिल और पंकज के मध्य समझौता हो गया। रविवार दोपहर अचानक सोनू अपनी जगह में बने मोबाइल टावर पर दूसरी बार चढ़कर हंगामा करने लगा। लोगों ने अपील की कोई वह नीचे उतर आए तो दूसरा मोबाइल दिलवा दिया जाएगा। लेकिन वह वहीं मोबाइल लेने के लिए हंगामा करते हुए अनिल, पंकज और भरतरी को पकड़ने की मांग करने लगा। सूचना पाकर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविन्द पाण्डेय ने समझा बुझाकर उसे नीचे उतरवाया, नीचे उतरकर वह भाग गया। ज्ञात हो इससे पहले भी भाई से झगड़ा करने के बाद सोनू 10 मई 2025 को मोबाइल टावर पर चढ़ गया था तथा खूब हंगामा किया था। तब आरक्षी रवी पाठक ने जान पर खेलकर उसे नीचे उतारा था।

## नपाप अध्यक्ष ने फीता काटकर किया पैथोलॉजी शुभारम्भ

लहरपुर (सीतापुर)। मरीजों को बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने नगर के मोहल्ला गन्नी टोला में ममता पैथोलॉजी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने कहा कि आधुनिकतम मशीनों से ममता पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में लोगों को कम पैसों में विश्वसनीय जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी उन्होंने उपस्थित लोगों से सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर प्रमुख रूप से मनीष शुक्ला सभासद, रहमत अली, शोएब, उस्मान, नबी अहमद, शोएब नानू, समीर राईन, मोईन, संतोष मिश्रा, आशीष शुक्ला, नीतीश शुक्ला, गोविंद शुक्ला, गोपाल शुक्ला, प्रीतू मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सक्षम संस्था का 265वां नेत्रदान संपन्न

सीतापुर। मानवता की मिसाल पेश करते हुए नगर के आर्य नगर निवासी 68 वर्षीय राजाराम पुत्र स्व0 बूटा सिंह ने अपनी मृत्यु के बाद भी जीवन का अनमोल तोहफा दिया। रात्रि 9.50 बजे उनके निधन के पश्चात उनके पुत्र करण वाधवा ने सक्षम संस्था के सुभाष अग्निहोत्री को फोन कर नेत्रदान कराने की इच्छा व्यक्त की। सूचना मिलते ही रात्रि 11.30 बजे नेत्र अस्पताल की टीम डॉ. निधि, डॉ. सिद्धार्थ गुप्त, डॉ. शेखर, हरिओम, ईरा और अरुणेश मिश्रा ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दोनों कार्निया सुरक्षित कर लिए। यह कार्निया जल्द ही दो नेत्रहीन व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। जिससे उनकी अंधेरी दुनिया में स्थायी उजाला भर जाएगा। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने परिवार का आभार जताते हुए कहा आंखों से कीमती कोई रत्न नहीं है। मरने के बाद जो हमारा नहीं है उसे दान देने में हर्ज नहीं बल्कि यह सर्वोच्च पुण्य है। संस्था के अध्यक्ष संदीप भरतीया ने बताया कि सिख समाज भी नेत्रदान की इस मुहिम में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्था का यह 265वां नेत्रदान है। सक्षम का मानना है कि नेत्रदान से किसी नेत्रहीन को जीवन में रंग देखने का अवसर मिलना उसके जीवन का सबसे अमूल्य क्षण होता है, और हमारी छोटी सी कोशिश किसी का भविष्य खुशहाल बना सकती है।

## परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर लगाया जाम, पहुंची पुलिस

आजमगढ़। जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज तरवां मार्ग पर पल्हना बाजार में ब्लॉक के समीप तरवां से लालगंज की तरफ तेज गति से जा रही पिकअप गाड़ी से दब जाने के कारण एक 8 वर्ष के किशोर की मौत हो गई। शिवम राजभर पुत्र चंद्रशेखर राजभर उम्र 8 वर्ष निवासी लहुवा खुर्द मढैया थाना कोतवाली देवगांव अपनी माता खुशबू के साथ सुबह 10 बजे अपने ब्यूटी पार्लर दुकान पर आया था। माता खुशबू पल्हना ब्लॉक के सामने दुकान में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। शाम को लगभग 3 बजे शिवम खेलते हुए सड़क पर आ गया और तरवा से लालगंज जा रही तेज गति पिकअप से कुचल गया। आनंद-फानन में परिजन शिवम को सौ सैया हॉस्पिटल लालगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज के उपरांत रेफर कर दिया। घायल बालक को लेकर परिजन तुरंत जौनपुर जा रहे थे की रास्ते में ही शिवम की मृत्यु हो गई। मृतक कक्षा 2 का छात्र था उसकी बड़ी बहन सानिया की उम्र 10 वर्ष है। परिजन मृतक का शव लेकर वापस घर आने के बाद रोड पर प्रदर्शन करने लगे, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

## अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर ग्रामीण

जौनपुर । कलेक्ट्रेट परिसर में सिकरारा थाना क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। ग्रामीण नेता भूपाल सिंह भोले के अनुसार, सिकंदरा से जाम तक का संपर्क मार्ग 35 वर्ष पहले खड़ंजा के रूप में बना था ।वर्तमान में यह मार्ग नाले में तब्दील हो चुका है। इस मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती है। हजारों लोगों के आवागमन वाला यह मार्ग दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है ।ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि जब तक मार्ग का निर्माण नहीं होगा, भूख हड़ताल जारी रहेगी ।धरने में उमेश सिंह, चन्द्र प्रकाश यादव, देवेंद्र यादव, राम रथी यादव, कृष्ण मुरारी सिंह, श्याम बिहारी सिंह, सुलभ गौड़ और रामनवल यादव सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

# जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

जिला संवाददाता(vol)




सिधौली (सीतापुर)। जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 के बालिका वर्ग की प्रतियोगिता सोमवार को श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज सिधौली में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में रघुराज हायर सेकेंडरी स्कूल कब बालिकाओं के दबदबा रहा। वहीं श्री गांधी विद्यालय उपविजेता रही। प्रतियोगिता में अंडर-14 (एकल) में रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा) सगुन विजेता रही। नेशनल इंटर कॉलेज, सिधौली शालिनी मौर्य उप विजेता रही।

अंडर-14 डबल्स) में भी सगुन व पूजा राठौर विजेता बनी। वहीं उपविजेता अभी अवस्थी, अनुष्का राज (नेशनल इंटर कॉलेज, रही। अंडर-17 एकल विजेता सुगंधी (रघुराज हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा)।उपविजेता अलका (गांधी इंटर कॉलेज, सिधौली)। अंडर-17 डबल्स में विजेता सुगंधी, आदर्शनी (रघुराज हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा)।उपविजेता आरुषि, अंजलि (जनता इंटर कॉलेज, कल्याणपुर)। अंडर-19 एकल में विजेता चांदनी (रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा)। उपविजेता रोशनी (श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, सिधौली)।

अंडर-19 डबल्स विजेता चांदनी, अंजलि (रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा)। उपविजेता रोशनी, प्रियांशी (श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, सिधौली) रघुराज हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा ने अधिकतर खिताब जीतकर प्रतियोगिता में दबदबा बनाए रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.के. शुक्ला एवं जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पाण्डेय ने किया। संचालन शारीरिक शिक्षक भूषण मिश्रा ने किया। रेफरी की भूमिका दीप वर्मा एवं डॉ. निखिल रस्तोगी ने निभाई। जबकि स्कोरर पवन कुमार और अनूप सिंह रहे। प्रतियोगिता के दौरान शारीरिक शिक्षा शिक्षक विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, पंकज गिहार, मुख्तार अली, अपर्णा, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के गुरुबख्शपुर गांव में एक किसान की तबियत धान के खेत में दवा छिड़काव के दौरान अचानक बिगड़ गई। 60 वर्षीय मनोहर लाल पुत्र ननके सोमवार को अपने खेतों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे थे। छिड़काव के दौरान किसान ने न तो मास्क पहना था और न ही किसी कपड़े से मुंह को ढका था। इस कारण जहरीली दवा उनके मुंह में चली गई। दवा मुंह में जाते ही मनोहर लाल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत खराब होने पर परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। अस्पताल के अनुसार फिलहाल किसान की हालत स्थिर है। चिकित्सक मनीष मिश्र कहते हैं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने से ऐसी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। किसानों को हमेशा मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरण पहनकर ही कीटनाशकों का छिड़काव करना चाहिए।

## बंद प्राथमिक विद्यालय में बालवाटिका का संचालन

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। विकास क्षेत्र हसनगंज के अंतर्गत मर्ज हुए प्राथमिक विद्यालय



फिरोजाबाद, जो पहले बंद होने की स्थिति में था, में आज से बाल वाटिका का संचालन शुरू हो गया है। यह संचालन शासन के निर्देश एवं खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार के आदेशानुसार प्रारंभ किया गया।

शासन की इस पहल के तहत बंद हो रहे विद्यालयों को पुनः सक्रिय करते हुए क्षेत्र के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले दिन बच्चों की उपस्थिति उत्साहजनक रही और विद्यालय प्रांगण में खेल-कूद व शिक्षण गतिविधियाँ सुचारू रूप से संपन्न हुईं। खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार ने बताया कि बाल वाटिका संचालन से न केवल छोटे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर भी ऊँचा होगा। इस अवसर पर शिक्षकगण, ग्रामीण एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे और इस पहल का स्वागत किया।

संक्षेप

## राम मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन की मांगी अनुमति

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने आज एक बड़ा सवाल उठाते हुए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव को पत्र लिखकर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ आयोजन की अनुमति मांगी है। शरद शुक्ला ने यह पत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के बाद जारी ट्रस्ट महासचिव को भेजा है। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट महासचिव चंपत राय स्वयं उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने कहा, ह्लश्रीराम के भक्त केवल किसी एक संगठन के नहीं, बल्कि पूरे देश के हैं। जब मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम हो सकते हैं, में सुंदरकांड पाठ अर्पित करने में क्या आपत्ति हो सकती है?

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद: डीएम

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संबन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन एवं तहसील प्रशासन द्वारा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव से संबंधित कार्य युद्ध स्तर पर संचालित हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि बिजनौर तहसील सदर एवं तहसील चांदपुर के 10-10 गांव तथा तहसील धामपुर के 22 ग्रामों में 2,500 परिवारों के 11342 सदस्य बाढ़ से प्रभावित हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में कुल दो बाढ़ राहत कैंप बनाए गए हैं, जिनमें एक तहसील बिजनौर के ग्राम घासी वाला तथा दूसरा बाढ़ राहत शिविर तहसील चांदपुर के ग्राम खानपुर खादर में स्थापित किया गया है। जबकि तहसील बिजनौर के ग्राम पंचायत इटावा ग्राम घासी वाला (राहत शिविर में) तथा ग्राम रावली एवं ब्रह्मपुरी तथा तहसील चांदपुर के ग्राम खानपुर खादर में स्थापित (राहत शिविर में) किचन संचालित हैं जहां ताजा भोजन बाढ़ पीड़ितों को उपलब्ध कराए जाने की समुचित व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी बाढ़ पीड़ितों को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ खाद्यान्न एवं राहत उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में बाढ़ प्रभावित शिविरों एवं लोगों को 1070 खाद्यान्न किटों का वितरण किया गया है, जिनमें बिजनौर तहसील में 425, नजीबाबाद में 100, चांदपुर में 470, तथा धामपुर में 100, खाद्यान्न किटों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गंगा नदी एंव खो नदी खतरे के निशान से नीचे प्रवाहित हो रही है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने यह भी बताया कि तहसील चांदपुर एवं धामपुर में पीएसी की 1-1 बटालियन, बिजनौर में एनडीआरएफ तथा चांदपुर में एसडीआरएफ की एक-एक बटालियन बाढ़ से संबंधित किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए कैंप की हुए हैं। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तहसील वार आयोजित मेडिकल कैंपों की जानकारी देते हुए बताया कि तहसील धामपुर के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 19, चांदपुर में 14, बिजनौर एवं नजीबाबाद में 10-10 तथा नगीना तहसील में 8 मेडिकल कैंपों का आयोजन कर बाढ़ प्रभावितों को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## भाकियू ने सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार से नाराज होकर किया प्रदर्शन का ऐलान



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत ग्राम बाकपुर में चैधरी मुन्ना सिंह की अध्यक्षता और मास्टर मुनेश कुमार के संचालन में हुई है, जिसमें जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार से केवल किसान ही नहीं आम जनमानस भी अत्यंत त्रस्त है। तहसील हो या आरटीओ, चकबंदी हो यातायात सभी तो किसानों को परेशान किए हुए हैं।

विभाग की लापरवाही से जंगलों में गुलदार की समस्या, घरों में चोर की समस्या, बाढ़ की समस्या, स्मार्ट मीटर की समस्या, स्वास्थ्य विभाग की समस्या, किसान चारों ओर से तो बाद की बात है, कोई अधिकारी तो किसान की परेशानी सुनने को भी तैयार नहीं है। अब एक और नहीं समस्या यह किसानों के सामने आ रही है और वह के यह है कि किसान छोटे-मोटे कृषि कार्य के लिए अपनी सोसाइटी से ऋण ले लेते थे। जिन किसानों ने सोसाइटियों से ऋण ले रखा है, उनके बैंक के क्रेडिट कार्डो का का रिनिवल नहीं हो रहा है। इसी लिए किसान मजबूर होकर 13 अगस्त को बिजनौर कलेक्ट्रेट में शुरू करेंगे। अगर किसानों की मांगे पूरी नहीं हुई तो 15 अगस्त को बिजनौर कलेक्ट्रेट में ही झंडा फहराएंगे। पंचायत में युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र की 4 टप्पेबाज महिलाएं गिरफ्तार



**बांदा।** ई-रिक्शा और ऑटो में टप्पेबाजी करने वाली चार महिला अपराधियों को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के चलते पुलिस ने चारों महिलाओं को नवाब टैंक तिराहे के पास से पकड़ा है। 15 जुलाई को अनसुईया देवी बिजली का बिल जमा करने पावर हाउस पीली कोठी जा रही थी। इसी दौरान अज्ञात महिलाएं भी ई-रिक्शा में सवार हुईं। अनसुईया का ध्यान भटकाने के लिए उन्होने पैर कुचल दिया और फिर उसी दौरान उनके गले से चैन चुरा ली। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी महिलाओं की पहचान की। इनके पास से 48 हजार 520 रुपये बरामद हुए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि पूंछताछ में आरोपी महिलाओं ने बताया है कि वह सभी नागपुर महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। उन्होने स्वीकार किया कि कुछ दिन पूर्व उन्होने अतर्रा चुंगी से बाबूलाल चैराहे के बीच ऑटो में वारदात की थी। कुछ माह पूर्व अतर्रा चुंगी के पास ई-रिक्शा में बैठी महिलाओं के गहने चुराए थे। बरामद रुपये चोरी के गहनों की बिक्री से मिले हैं। गिरफ्तार अभियुक्ताओं में अरूणा विचुरकर, सविता शेडे, निकिता व संगीता पात्रे शामिल हैं। यह सत्तरापुर थाना कन्हान जनपद नागपुर महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। पुलिस अब इन महिलाओं से अन्य किन जिलों में ऐसी वारदातें की हैं जांच कर रही है। पुलिस ने चारों महिला आरोपियों को अदालत में पेश किया है। अदालत ने उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## दो पक्षों में जमकर मारपीट, वीडियो वायरल



**बिजनौर।** जिला मेडिकल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दो गुटो में जमकर मारपीट हो गई। घटना के तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

रविवार की रात्रि पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में लोग आपस में मारपीट करते वीडियो में दिख रहे हैं। वीडियो में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल दिखाई दे रहा है, जिसका इलाज किया जा रहा है। पहले वीडियो में जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मारपीट हो रही है। दूसरा वीडियो भी अस्पताल की इमरजेंसी का है जहां हंगामा हो रहा है। तीसरा वीडियो एसपी आवास के पास जिला अस्पताल के गेट के बाहर की घटना दिखा रहा है। रविवार की रात कुछ युवकों ने उस युवक के साथ मारपीट कर दी। अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड और अस्पताल के बाहर हुई इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने वीडियों के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता




**बांदा।** स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने 14 एवं 15 अगस्त की रात ऐतिहासिक भवनों, स्मारकों, पार्क एवं सरकारी भावनों, ब्लाक में शहीद स्मारकों एवं समस्त ग्राम पंचायत भवनों में झालरों से रोशनी की व्यवस्था करने के अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं अधिशाषी अधिकारी विद्युत को निर्देश दिये। 15 अगस्त को जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः 6:30 बजे विद्यालयों में साक्षरता, देशभक्ति, शहीदों की स्मृति सम्बन्धी बैनर लेकर नारे लगाते हुए शिक्षण संस्थाओं के बच्चे प्रभात फेरी निकालेंगे।

● ध्वजारोहण 7 बजे

प्रभात फेरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यालय, कॉलेज को रनिंग शील्ड प्रदान की जायेगी। प्रातः 6:30 बजे नगर की दो मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। 7:00 बजे सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महापुरूषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की सफाई व माल्यार्पण, सरकारी, गैरसरकारी इमारतों पर ध्वजारोहण और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को सम्मानित किया जायेगा। 8:30 बजे मैराथन दौड़, पेन्टिंग प्रतियोगिता, 9:30 बजे दृष्टिबाधित छात्रों को निःशुल्क चश्मा वितरण, मोतियाबिन्द का परीक्षण जिला चिकित्सालय में होगा। 10 बजे आवासीय विकलांग विद्यालय, राजकीय दृष्टि बाधित विद्यालय महोखर, जिला अस्पताल में फल, मिष्ठान वितरण किया जायेगा। 10:30 बजे आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज में प्रदर्शनी, 11 बजे जिला कारागार में फल, मिष्ठान वितरण, 11 बजे वृक्षारोपण, 11:30 बजे रक्तदान शिविर, 12 बजे विकास प्रदर्शनी, झांकी तथा जनपद के अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडए, उप जिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षिका का रील बनाते वीडियो वायरल, जांच के आदेश

बांदा। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिका का फिल्मी गाने पर रील बनाते हुए वीडियो वायरल हुआ है। शिक्षिका वीडियो में फिल्मी गाने पर रील बनाती नजर आ रही हैं। उन्होने डीएम कार्यालय पहुंचकर सोमवार को अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह वीडियो छात्राओं को संगीत और नृत्य सिखाने के उद्देश्य से बनाया गया था। शिक्षिका ने आरोप लगाया कि विद्यालय की वार्डन ने उनके एकाउंट से वीडियो को वायरल किया है। शिक्षिका ने कहा कि उन्होने ऐसा कोई भी कार्य नही किया जिसे शिक्षक पद की गरिमा को आघात पहुंचे फिर भी उन्होने वीडियो के लिए माफी मांगी। उन्होने कहा कि विद्यालय की अनियमितताएं उजागर न हों इसके लिए वार्डन ने दबाव बनाने के लिए उनके विरूद्ध षड्यंत्र किया है। बीएसए के आदेश पर वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच शुरू की गयी है।

## बैंक, एटीएम के आस-पास विशेष चेकिंग अभियान




**बांदा।** पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के आदेश और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए सोमवार को बैंकों तथा आस-पास के क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने एटीएम, बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों को चेक किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर बैंकों व एटीएम चेक किए। इस दौरान एटीएम बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म और अग्निशामक यंत्रों को चेक किया तथा सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। पुलिस ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था देने का भरोसा दिया। बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देश दिए कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों ताकि सड़क पर आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। पुलिसकर्मियों ने बैंकों एटीएम के आस-पास घूम रहे संदिग्ध लोगों और वाहनों की भी जांच की और कड़ी चेतावनी भी दी।

## जनपद स्तरीय लोकनृत्य, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**महोबा।** राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय लोकनृत्य, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की कक्षा 10 की छात्रा इकरा ने प्रथम व पंडित दीनदयाल राजकीय माध्यमिक विद्यालय कनकुआ के छात्र नितेश ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय के बबलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक विद्यालय कनकुआ की छात्रा चांदनी ने प्रथम एवं इसी विद्यालय की सविता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने उपहार देकर पुरस्कृत किया एवं बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका नीलम सोनी, हर कुंवर, शबाना सिद्दीकी, आसाराम, राम प्यारी, रश्मि श्रीवास्तव, नीरजप्रभा निगम आदि ने निभाई। इस मौके पर शिक्षक अभिभावक संघ की अध्यक्ष रंजन धुरिया ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एल्बेंडाजोल दवा का बेहिचक करें सेवन: कैलाश निरंजन



जिला संवाददाता

ललितपुर। राजकीय बालिका इण्टर कालेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है, यह दवा पूर्णतया सुरक्षित है इसका कोई दुष्प्रभाव नही है तथा उन्होंने बेहिचक दवा का सेवन करने की जनपद के सभी अभिभावक, बच्चों से अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि कृमि के कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और विकास में रूकावट आदि समस्यायें हो सकती है। जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीडे निकालने के लिये एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो साल के बच्चों को टेबलेट का चूरा कर पानी के खिलाया जाएगा। बडे बच्चो को दवा चबा चबाकर खानी है। उन्होंने कहा कि बीमार बच्चे को कृमि मुक्ति की दवा नही खिलाई जाएगी। उप सीएमओ/नोडल अधिकारी (एनडीडी) डा.प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि 01 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए जनपद में 6.57 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

● जिले में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

छूटे हुए बच्चों को मॉपअप दिवस 14 अगस्त 2025 को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। पब्लिक हैल्थ स्पेशिलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि बच्चों के पेट में कीडे होने पर शरीर में खून की कमी हो जाती है और शरीर कुपोषित हो जाता है इससे सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास भी नही हो पाता है। उन्होंने खाने से पहले और षौच के बाद अपने हाथ साबुन से धोने, साफ और स्वच्छ पानी पीने की सलाह बच्चों को दी तथा हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन डीईआईसी मैनेजर डा.सुखदेव पंकज द्वारा किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य अंजना वर्मा, डीपीएम रजिया फिरोज, डा0 सौरभ सक्सेना, डीएमसी (यूनीसेफ) सबा परवीन एवं जीजीआईसी के शिक्षक तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कृमि दिवस का सीएमओ ने किया शुभारम्भ

बांदा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ अपर प्राथमिक बालिका विद्यालय कनवारा तथा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजेन्द्र सिंह ने किया। उनकी मौजूदगी में बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल 400 एमजी की गोली खिलाई गई।

इस दौरान बच्चों को कृमि संक्रमण के कारण होने वाली समस्याओं एनीमिया, कुपोषण, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र, और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के साथ ही, डिवर्मिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। जानकारी दी गयी कि यह बच्चों को स्वस्थ रखने, उनकी लर्निंग कैपेसिटी, स्कूल में उपस्थिति, और एकाग्रता को बेहतर बनाने में मदद करता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को स्वस्थ खान-पान अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए। हरी सब्जियां, फल, और पोषण युक्त भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि सभी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनें। नोडल अधिकारी ने कहा कि हमारा विभाग विद्यालय के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी निरंतर कार्यरत है और आगे भी पूरी सजगता के साथ काम करता रहेगा। इस दौरान नोडल अधिकारी, एसीएमओ डॉ. अजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर०एन०प्रसाद, डीपीएम कुशल यादव, डी०क्यू०ए०सी० डा० सत्येन्द्र शुक्ला, डीईआईसी मैनेजर वीरेंद्र प्रताप, चैतन्य कुमार परिवार नियोजन मैनेजर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के सदस्य मौजूद रहे। संचालन डॉक्टर अर्चना भारती ने किया।



## अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका ने बनायी परिधि

**ललितपुर।** एसडीएम सदर/प्रशासक मनीष कुमार के निर्देशन में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाये जाने हेतु अतिक्रमण प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने नपा टीम द्वारा अभियान चलाया। इस दौरान टीम द्वारा स्टेशन तिराहा से लेकर गेंदालाल पेट्रोल पंप तक तथा पानी की टंकी से इलाईट चैराहा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग तक सड़क पटरी के दोनों तरफ चूना आदि डालते हुए समस्त दुकानदारों को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रभारी द्वारा समस्त दुकानदारों को निर्देश दिये गये कि नगर पालिका द्वारा चूना डालकर बनाई जा रही परिधि में ही समस्त दुकानदार अपना व्यवसाय करें, यदि कोई भी दुकानदार नगर पालिका द्वारा बनाई गई परिधि के बाहर सामग्री रखकर व्यवसाय करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध जुमार्ना वसूली की कार्यवाही करते हुए सामग्री को जब्त कर लिया जायेगा। अतिक्रमण प्रभारी द्वारा कहा गया कि शहर में फैले अतिक्रमण के चलते राहगीरों को आवागमन में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके चलते रोजाना दुर्घटनाएं भी हो रही है। इस दौरान प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, नजूल लिपिक सुधीर कुमार रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, धीरेन्द्र घावरी, संतोष कुमार, फरदीन खान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहीदों की कहानियों का प्रस्तुतीकरण, पौधरोपण



**बांदा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में ह्यहर घर झंडा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के निर्देशन में डॉक्टर सबीहा रहमानी ने छात्राओं को शहीदों के बलिदान के प्रति जागरूकता के लिए ह्यवीर सपूतोंह्ल के जीवन पर आधारित कहानियां प्रस्तुत की। छात्रा यशी द्विवेदी और अदीना ने चंद्रशेखर आजाद एवं वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित कहानियां सुनाईं। विभागाध्यक्ष इतिहास डॉक्टर जयप्रकाश सिंह ने छात्राओं को प्रेरणा देते हुए वीर सपूतों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेरा युवा भारत की ओर से वृक्षारोपण किया गया। प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर सबीहा रहमानी, डॉक्टर सपना सिंह, डॉ माया वर्मा ने एन एस एस वाटिका में ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल पांच पेड़ कॉलेज वाटिका में लगाए। इस दौरान मेरा युवा भारत, बांदा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के एम टी एस रवि अवस्थी ने सभी का आभार जताया।

## दीवार गिरी, बड़ा हादसा टला



**बिजनौर।** मूसलाधार बारिश के चलते बिजनौर के मोहल्ला भाटन में सोमवार की सुबह एक कच्चे मकान की दीवार और छत का कुछ हिस्सा अचानक ढह गया।

हादसे के समय आस-पास बच्चे खेल रहे थे गनीमत यह रही कि कोई घायल नहीं हुआ। दीवार के मलबे के नीचे मोहल्ले के ही इकरामुद्दीन की रिक्शा दबकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उनका रोजगार ठप हो गया। ढही हुई दीवार का बचा हिस्सा अब जर्जर हालत में खड़ा है और कभी भी गिर सकता है, जिससे आसपास के लोगों और राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। मकान बुध्दू पुत्र भोना का है, जो अधिवक्ता फहद अली खान एवं अधिवक्ता जैद खान के किरायेदार हैं।

# कॉरपोरेट जगत की हस्तियों में शुमार हुई आनंदमयी



**ललितपुर।** बजाज ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की बेटी आनंदमयी बजाज (22) भारतीय बिजनेस घराने एक नई इबारत लिखने जा रही हैं। वह इस महीने की शुरूआत में 2.5 अरब डॉलर के पारिवारिक व्यवसाय में महाप्रबंधक (रणनीति) के रूप में शामिल हुईं। समूह में उनका प्रवेश प्रमुख व्यावसायिक परिवारों की महिलाओं द्वारा प्रबंधन भूमिकाएं संभालने के बढ़ते चलन का हिस्सा है। आनंदमयी, जिनकी मां वासवदत्ता बजाज आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला की बहन हैं, ने जून में कोलंबिया विश्वविद्यालय से वित्तीय प्रबंधन में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। एक अर्थशास्त्र और गणित में निपुणता के साथ अपनी नई भूमिका संभाल रहीं हैं। वह कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने से पहले समूह के विभिन्न व्यवसायों में नेतृत्व टीमों के साथ सहयोग करेंगी। पशु देखभाल और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित आनंदमयी के दो भाई हैं। युगादिकृत (20) और विश्वरूपी (17)। युगादिकृत डिग्री हासिल कर रहे हैं और दो साल में समूह में शामिल होने वाले हैं। एचआर कॉलेज के छात्र विश्व रूपे पोलो चैंपियन हैं। आनंदमयी की नियुक्ति पर, कुशाग्र बजाज ने कर्मचारियों से कहा कि वह युवा जिज्ञासा और जमीनी जिम्मेदारी का एक अनूठा मिश्रण लेकर आई हैं। उसकी यात्रा सिर्फ उसकी नहीं है। यह हमारी सामूहिक कहानी का ही एक विस्तार है। अपनी नई भूमिका पर आनंदमयी बजाज ने कहा कि बजाज समूह से औपचारिक रूप से जुडना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सीखने, बढ ? और समूह की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगी। बजाज समूह चीनी, इथेनॉल, बिजली और पर्सनल केयर व्यवसायों में सक्रिय है और 12,000 से अधिक लोगों को रोजगार देता है। बजाज समूह की स्थापना महात्मा गांधी के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले स्व.जमनालाल बजाज द्वारा देश औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर करने के लिए रखी थी, तब से लेकर आज तक विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में ये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

● सौ वर्ष की व्यवसायिक धरोहर को संभालेगी पांचवीं पीढ़ी

## अभ्यर्थी चयन के लिए 13 को आयोजित होगा साक्षात्कार

**बहराइच।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन हेतु 13 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामोद्योगी टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों के चयन हेतु 13 अगस्त 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच में चयन समिति द्वारा साक्षात्कार किया जायेगा।

श्री वर्मा ने सभी आवेदनकताओं से अपेक्षा की है कि समस्त अभिलेखों यथा आधार, पैन, जाति, मार्कशीट, राशन कार्ड की छाया प्रति व मूल प्रति के साथ समय जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच (निकट जिला उद्योग केन्द्र) में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हों।

## मेले में पार्किंग के नाम पर हो रही धन उगाही

**महोबा।** नगर के ऐतिहासिक कजली मेले में चिन्हित जगहों पर वाहन पार्किंग का ठेका दिया गया है ताकि यातायात में अवरोध उत्पन्न ना हो। इसका फायदा उठाकर पार्किंग का ठेका लेने वाले ठेकेदार पार्किंग के नाम पर दोगुना वसूली कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले की शिकायत की गई है, जिसमें बाइक के दस रुपए के स्थान पर बीस रुपए वसूलने का आरोप गाया गया है। पार्किंग वसूली कर रहे व्यक्ति कहते है कि जो उनसे कहा गया है, वहीं ले रहे है। इस मामले में अपर जिला अधिकारी न्यायिक/मेला सुखबीर सिंह ने कहा कि वाहन पार्किंग के नाम पर यदि कोई अधिक रुपए की वसूली करता है तो कार्यवाही की जाएगी। मेला में पार्किंग के पांच स्थल बनाए गए है और रेट भी निर्धारित किया है। बाइक स्वामी से बीस रुपए वसूलने के मामले में ट्रैफिक प्रभारी को निर्देशित किया है, जिनकी जांच के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नये शीतयुद्ध के आसार

दुनिया एक लंबे समय तक शीतयुद्ध के साये में जीने को अभिशप्त थी। शीतयुद्ध के दिनों में हालांकि अमरीका और सोवियत संघ सीधे युद्ध में तो नहीं आये लेकिन इन महाशक्तियों के बीच टकराव और इनके शस्त्रागार में विनाशक हथियारों की भारी मौजूदगी के कारण हमेशा युद्ध का साया मंडराता रहता था। दुनिया पूंजीवादी और साम्यवादी खेमों में बंटी थी। सोवियत संघ के पतन के बाद शीतयुद्ध का दौर खत्म हो गया था। रूस और अमरीका के बीच कूटनीतिक संवाद और संबंधों को बेहतर करने की शुरूआत भी हुई थी लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की कूटनीतिक अज्ञानता के कारण लगता है एक बार फिर से शीतयुद्ध का दौर वापस आ सकता है। अगर इस बार भी ऐसी स्थिति बनी तो अमरीका के लिए स्थितियां पहले से अधिक कठिन होंगी। अमरीका के रूस-विरोधी रवैये के मद्देनजर शीत युद्ध के आसार बन गये हैं। रूस और अमरीका के बीच 8 दिसंबर, 1987 को एक संधि हुई थी कि दोनों देश 500 किमी. से 5000 किमी. तक प्रहार करने वाली मिसाइलों को नष्ट करेंगे। रूस ने 38 साल पुरानी वह संधि रद्द कर दी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ थोपा



है, उसका बुनियादी कारण रूस ही बताया है। अमरीकी राष्ट्रपति को रूस के साथ तेल और हथियारों के, भारत के कारोबार पर, घोर आपत्ति है। रूस ने न केवल टैरिफ बढ़ाने की निंदा की है, बल्कि अमरीका के साथ 38 साल पुरानी संधि भी तोड़ दी है। रूस के रडार पर सभी नाटो देश हैं। रूस उन पर कभी भी हमला कर सकता है। रूस के पास 16,000 किमी. तक हमला करने वाली बैलेस्टिक मिसाइलें भी हैं। अमरीका उनके प्रहार की परिधि में है। राष्ट्रपति ट्रंप को पूर्व राष्ट्रपति रीगन के बयान पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि व्यापार और टैरिफ बदला लेने को नहीं होते। दूसरे देश भी पलटवार में ऊंचे टैरिफ लगा सकते हैं। अन्य देशों में नौकरियां जा सकती हैं और अमरीका में भी महंगाई के कारण अराजकता फैल सकती है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप जिस सोच के तहत देशों के आयात पर टैरिफ थोप रहे हैं, उससे रातोंरात अमरीका एक बार फिर महान नहीं बन सकता। फैक्ट्री और कारखाने नहीं खुल सकते। अमरीका देखते ही देखते मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ नहीं बन सकता। एक उदाहरण केले का ही लें। अमरीका ने 2024 में 28,000 करोड़ रुपये का केला आयात किया। उसमें भारत से सबसे अधिक आयात किया गया। अमरीका फल-सब्जियों, ऑटो पार्ट्स, दवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर चिप्स, स्मार्ट फोन आदि के लिए भारत समेत अन्य देशों पर आश्रित है। किस-किस देश पर टैरिफ थोपेंगे? चीन को 90 दिनों की छूट क्यों दी गई है, जबकि अमरीका उसे सबसे बड़ा दुश्मन देश मानता है? अमरीका में 10 फीसदी लोग ही कृषि में नौकरी या काम करते हैं। कुल 2.21 करोड़ अमरीकी कृषि से जुड़े बताये जाते हैं। अमरीकी प्रशासन को 2025 में ही 3.65 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ी है। अमरीका इस घाटे को पाटना चाहता है, लिहाजा भारत को लगातार बाध्य कर रहा है कि वह कृषि और डेयरी उद्योग के क्षेत्र अमरीका के लिए खोल दे। भारत अनुमति नहीं देने पर अडिग है। भारत-अमरीका के बीच टैरिफ और व्यापार समझौते का मुख्य विवाद यही है। अब तो राष्ट्रपति ट्रंप ने बयान दे दिया है कि जब तक टैरिफ का विवाद नहीं सुलझता, तब तक व्यापार समझौते पर वार्ता भी नहीं होगी। क्या व्यापार समझौता भी खटाई में पड़ गया है? बहरहाल रूस ने नाटो देशों के खिलाफ अपना बैलेस्टिक मिसाइलें तैनात कर दी हैं और अमरीका ने भी परमाणु पनडुब्बियां सागर में उतार दी हैं। यदि एक और युद्ध छिड़ता है, तो विश्व के प्रमुख देश भी निशाने पर होंगे। क्या एक और विश्व युद्ध छिड़ सकता है? यदि युद्ध छिड़ता है, तो दुनिया भर में सप्लाई लाइन बिगड़ सकती है। भारत को टैरिफ से नुकसान होना स्वाभाविक है, लेकिन युद्ध भी प्रभावित करेगा। बहरहाल भारत घरेलू खपत पर आधारित अर्थव्यवस्था है, लिहाजा हमें घरेलू खपत बढ़ानी होगी। स्वदेशी पर जोर देना होगा। मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नीति बनानी होगी। ट्रंप की टैरिफ नीति के आगे झुकने के बजाय भारत को अपनी अर्थव्यवस्था का स्वदेशीकरण करना चाहिए। इससे देश में रोजगार के मौके बनेंगे और हमारी अर्थव्यवस्था बुनियादी तौर पर मजबूत होगी।

विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
-गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
-हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
-स्वामी विवेकानन्द.

# देश के किसानों के हितों का जरूरी है संरक्षण



शाहिद ए चौधरी

कृषि उत्पादों पर शून्य टैरिफ, जिसकी ट्रम्प मांग कर रहे थे, वह भारतीय कृषि को बर्बाद कर देगा, देश में बेरोजगारी की बाढ़ आ जायेगी, भारत की खाद्य सुरक्षा पटरी से उतर जायेगी और हमें आयात पर अधिक निर्भर होना पड़ जायेगा। इसलिए भारतीय किसानों के हितों को सुरक्षित रखना आवश्यक है।

हमारे लिए हमारे किसानों के हित उच्च वरीयता हैं। भारत कभी भी किसानों, मछुआरों व डेयरी किसानों के हितों के साथ समझौता नहीं करने का। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल में दिये गये इस बयान को गहराई से समझने की आवश्यकता है। उन्होंने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ और फिर बतौर जुर्माना अतिरिक्त टैरिफ लगाये जाने के बाद कही। जिस समय भारत व अमेरिका के बीच व्यापार करार पर वार्ता चल रही थी तो ट्रम्प ने 25 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया, जिसके कुछ दिन बाद रूस से तेल लेने के नाम पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत का जुर्माना लगा दिया। इससे कुल टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया, जबकि अमेरिका स्वयं रूस से खाद व अन्य चीजें आयात कर रहा है। इसके बाद ट्रम्प ने कहा कि अब भारत से कोई व्यापार डील नहीं होगी। दरअसल, यह डील होनी भी नहीं थी, क्योंकि ट्रम्प टैरिफ को हथियार बनाकर भारत पर दबाव बना रहे थे कि नई दिल्ली अपने बाजार अमेरिका के कृषि उत्पादों के लिए खोल दे यानी उन पर ड्यूटी कम कर दे। अगर भारत ट्रम्प की शर्तों पर व्यापार समझौता कर लेता तो न सिर्फ भारतीय किसानों को जबरदस्त नुकसान होता बल्कि अपने देश में भयंकर बेरोजगारी फैल जाती। इसलिए भारतीय किसानों को आयात से सुरक्षित रखना जरूरी था।

गौरतलब है कि जिन मुख्य वस्तुओं पर भारत ने बहुत अधिक टैरिफ लगाया हुआ है, उनमें अमेरिका सहित शेष संसार से आयात होने वाले फूड प्रोडक्ट्स हैं। साल 2022 में अमेरिका से फूड आयात पर औसतन 40.2 प्रतिशत का टैरिफ था और अन्य देशों को मिलाकर यह लगभग 49 प्रतिशत था। ऐसा इसलिए करना पड़ा, क्योंकि जबरदस्त सरकारी सब्सिडी देकर अंतर्राष्ट्रीय कृषि दामों को कृत्रिम रूप से बहुत ही कम कर दिया जाता है, जिससे भारतीय किसान मुकाबला नहीं कर पाते हैं। सब्सिडी की वजह से अंतर्राष्ट्रीय दाम तो कम हो जाते हैं, लेकिन भारतीय दाम श्रम आधारित कृषि और कम उपज के कारण ऊपर चले जाते हैं। खरीफ की जो 13 मुख्य फसलें हैं, उनमें से अंतर्राष्ट्रीय दरों (2024) की तुलना में भारत में केवल चार के दाम ही कम हैं- सोयाबीन मील, चावल, उड़द व मूंगफली। भारत में सरकार की मुफ्त राशन योजना




के कारण चावल व गेहूं के दाम स्थिर रहते हैं। साल 2024 के चौथे क्वार्टर के प्रति क्विंटल दामों पर एक नजर डालने से यह बात अधिक स्पष्ट हो जाती है। सोयाबीन मील के घरेलू दाम 3,142 रुपए व अंतर्राष्ट्रीय दाम 3,330 रुपए थे। चावल के घरेलू दाम 3,537 रुपए व अंतर्राष्ट्रीय दाम 4,184 रुपए थे। उड़द के घरेलू दाम 7,290 रुपए व अंतर्राष्ट्रीय दाम 8,390 रुपए थे। मूंगफली के घरेलू दाम 5,922 रुपए व अंतर्राष्ट्रीय दाम 13,040 रुपए थे। इन चार फसलों को छोड़कर खरीफ की शेष 9 मुख्य फसलें व उनके उत्पाद भारत में अंतर्राष्ट्रीय बाजार से बहुत महंगे थे। आगे कोष्टक में जो दाम लिखे जा रहे हैं उनमें पहला घरेलू दाम है और दूसरा अंतर्राष्ट्रीय दाम व सभी दाम रुपयों में प्रति क्विंटल हैं। साल 2024 के चैथे क्वार्टर में- सोयाबीन तेल (14,202/9,300), सूरजमुखी तेल (14,395/10,403), सूरजमुखी बीज (5,781/3,712), मूंगफली तेल (15,802/14,559), ज्वार (2,956/1,958), कपास (7,069/6,271), सोयाबीन (4,133/3,623), मक्का (2,181/1,673), तूर (9,254/9,234), सरसों तेल (10,196/8,202), सरसों बीज (5,736/3,869), लेंटिल (6,564/5,610), चना (6,245/5,610), गेहूं (2,823/2,317) और जौ (2,192/1,957)। आपने गौर किया कि सोयाबीन तेल (4,902 रुपए) के दामों में सबसे अधिक अंतर है और उसके बाद सूरजमुखी तेल (3,993 रुपए) व सूरजमुखी बीज (2,069 रुपए) आते हैं। घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय दामों में यह अंतर तीन मुख्य कारणों से है। एक, भारत में पांच मुख्य उत्पादकों की तुलना में फसलों की प्रति हेक्टेयर उपज कम है। गेहूं, मूंगफली, तूर/अरहर व गन्ने को छोड़कर अधिकतर मुख्य फसलों की भारत में प्रति हेक्टेयर उपज प्रमुख देशों की तुलना में कम हैं।

चिंतन

मसलन, कुछ मुख्य फसलों का 2023 में उत्पादन व उपज के हिसाब से चीन, भारत व अमेरिका का (इसी क्रम में) तुलनात्मक डाटा किलो प्रति हेक्टेयर के आधार पर देखिये- गेहूं (5,781 चीन/3,521 भारत/3,269 अमेरिका), सोयाबीन (1,953 चीन/1,145 भारत/3,399 अमेरिका), मक्का (6,532 चीन/3,545 भारत/11,131 अमेरिका), मूंगफली (3,973 चीन/2,075 भारत/4,154 अमेरिका), चावल (7,133 चीन/4,322 भारत/8,573 अमेरिका), सरसों (2,162 चीन/1,428 भारत/2,010 अमेरिका), चना (5,576 चीन/1,172 भारत/1,474 अमेरिका), गन्ना (80,258 चीन/83,349 भारत/79.309 अमेरिका), कपास (6,635 चीन/1,209 भारत/2,843 अमेरिका) और तूर/अरहर (1,720 मालावी/1,144 तंजानिया/814 भारत)। तूर/अरहर के लिए चीन व अमेरिका का डाटा उपलब्ध नहीं है।

दामों में अंतर का दूसरा बड़ा कारण यह है कि ग्लोबली किसानों को सब्सिडी दी जानी आम बात है, जबकि भारत में यह नेगेटिव है, जैसा कि वर्ष 2022 के ओईसीडी (आर्थिक सहयोग और विकास संगठन) के डाटा से मालूम होता है। चीन ने 2022 में अपने कृषि क्षेत्र को 310 बिलियन डॉलर का आर्थिक सहयोग दिया, जोकि विश्व में सबसे अधिक है। इसी तरह अमेरिका (135 बिलियन डॉलर), जापान (33 बिलियन डॉलर), दक्षिण कोरिया (24 बिलियन डॉलर), ब्राजील (10 बिलियन डॉलर), फिलीपीन्स (9 बिलियन डॉलर) यूके (8 बिलियन डॉलर), कनाडा, तुर्की व स्विट्जरलैंड ने 7-7 बिलियन डॉलर का आर्थिक सहयोग अपने किसानों को दिया।

दूसरी ओर ओईसीडी का कहना है कि भारत अपने किसानों को कुछ सब्सिडी अवश्य प्रदान करता है लेकिन निर्यात पर जो पाबंदी लगी हुई हैं, उससे किसानों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उनके कारण वह संभावित लाभ में 42 बिलियन डॉलर का नुकसान उठाते हैं। वैसे भी भारत में जब बहुत सी फसलें बहुत महंगी पड़ती हैं, जिनके दाम अंतर्राष्ट्रीय बाजार से महंगे हैं तो निर्यात करना आसान भी नहीं है। तीसरा मुख्य कारण यह है कि भारत में अधिकतर कृषि श्रम आधारित है जिससे उत्पादन खर्च बढ़ जाता है। यूके व जर्मनी में कृषि कार्यबल के केवल 1 प्रतिशत को रोजगार देती है, जबकि उनका जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) में योगदान 1 प्रतिशत से भी कम है। भारत में कार्यबल का 44 प्रतिशत खेती किसानी में लगा हुआ है और जीवीए हिस्सा 16.4 प्रतिशत का है। चीन में कार्यबल का 22 प्रतिशत कृषि से जुड़ा है व जीवीए हिस्सा 6.8 प्रतिशत है। दक्षिण अफ्रीका में कार्यबल का 19 प्रतिशत कृषि में है व जीवीए हिस्सा 2.9 प्रतिशत है।

शेष प्रमुख देशों में कार्यबल का कृषि में प्रतिशत 10 से भी कम है और जीएवी 0.6 (यूके) से लेकर 5.6 प्रतिशत (ब्राजील) तक है। भारत में किसानों के पास कृषि भूमि निरंतर कम होती जा रही है, श्रम महंगा है व उत्पादन कम है, जिससे दाम अधिक बढ़ जाते हैं। चूंकि सब्सिडी के कारण अंतर्राष्ट्रीय दाम कम रहते हैं, इसलिए भारतीय किसानों के लिए निर्यात की संभावनाएं कम हो जाती हैं। कृषि उत्पादों पर शून्य टैरिफ, जिसकी ट्रम्प मांग कर रहे थे वह भारतीय कृषि को बर्बाद कर देगा, देश में बेरोजगारी की बाढ़ आ जायेगी, भारत की फूड सुरक्षा पटरी से उतर जायेगी और हमें आयात पर अधिक निर्भर होना पड़ जायेगा। इसलिए भारतीय किसानों के हितों को सुरक्षित रखना आवश्यक है।

सोशल मीडिया



वे हमे हिरासत में लें, जनता की आवाज उठाने से रोकें, लेकिन वोट चोरी के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी, कायर सरकार के आगे हम झुकेंगे नहीं। प्रियंका गांधी.



पिछले 11 वर्षों से, हमारी सरकार ने लोगों के लिए बेहतर संपर्क और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। जेपी नड्डा.



सुबह इतनी काली है, तो रात का आलम क्या होगा? सर्वोच्च नेता के हैं दो मतदाता कार्ड, तो इनके कार्यकर्ता का हाल क्या होगा? तेजस्वी ने अपने लोगों के क्या दो दो कार्ड बनवायें हैं? संबित पात्रा.

# लोकसभा में पक्ष-विपक्ष की बहस से ही लोकहित संभव



विमर्श

अरुण कुमार दीक्षित

लोकसभा और राज्यसभा में ज्वलंत मुद्दों पर आदर्श चर्चा की जिम्मेदारी सरकार और प्रतिपक्ष की बराबर होती है। गत वर्षों में देखा जा रहा है कि सदन में कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। सदन ठीक से नहीं चल पाने के कारण भारतीय जनमानस का नुकसान होता है। निराशा होती है। जनता से जुड़े बुनियादी सवालों पर चर्चा नहीं होने से अनेक मामले लंबित रह जाते हैं। निष्कर्ष नहीं आते। फिर चाहे वह आंतरिक सुरक्षा की बात हो चाहे राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा की बात हो अथवा आतंकवादी हमलों जैसे गंभीर विषय हों। अच्छी चर्चा नहीं होने से सत्ता पक्ष के मंत्रियों को जहां सुविधा होती है कि उन्हें प्रश्नों के उत्तर नहीं देने पड़ते, उनकी जवाबदेही तय नहीं हो पाती है। वहीं प्रतिपक्ष की नाकामी भी दिखाई पड़ती है। प्रतिपक्ष जो बातें सदन के बाहर करता है, वे सभी बातें यानी प्रश्न लोकसभा राज्यसभा में क्यों नहीं कर पाता है।

प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष पर दोष मढ़कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करता आया है। यह आदत और ढंग अब बदलने चाहिए। सदनों की कार्यवाई मीडिया में सीधे प्रसारित होती है। सोशल मीडिया में भी दिखाई पड़ती है। इससे या प्रतिपक्ष ने क्सा कहा और सत्ता पक्ष ने क्या किया? वह सब जनमानस में दृष्टिगत होता रहता है। आदर्श लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए सदनों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष को पारदर्शी ढंग अपनाने होंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो जनता के मन में राजनीतिज्ञों और चुनकर जाने वाले जन प्रतिनिधियों के ऊपर घटते विश्वास को और अधिक बल मिलेगा। लोकसभा सबसे बड़ी और जिम्मेदार संवैधानिक संस्था है। लोकसभा भारत के जन गण मन का मंदिर है। लोकतांत्रिक आस्था का केंद्र है लोकसभा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा कि यह सत्र भारत के विजयोत्सव का सत्र है। यह भारत के गौरव गान का सत्र है। यह विजयोत्सव सिंदूर की सौगंध पूरा करने का सत्र है। यह विजयोत्सव आतंकी हेड क्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का सत्र है। भारत की सेना के शौर्य साहस की विजयगाथा का विजयोत्सव है। यह सत्र भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की एकता का अप्रतिम विजयोत्सव है। उन्होंने प्रतिपक्ष से कहा कि हमसे किसी तीसरे देश ने युद्ध को लेकर बात नहीं की। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस का प्रधानमंत्री ने नाम लेकर कहा कि उन्होंने उनसे कहा कि पाकिस्तान भी जवाबी कार्रवाई करेगा। तो हमनेकहा कि वह गोली चलाएंगे तो हम जवाब गोले से देंगे। मगर प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य से प्रतिपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। प्रतिपक्ष उत्तर में चाहता था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के उस वक्तव्य पर जिस पर ट्रंप ने कई बार कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत का ऑपरेशन सिंदूर हमने रुकवाया है पर चर्चा हो। प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जा क्यों नहीं किया गया। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 62 के चीन युग में क्या हुआ। 38 हजार वर्ग किमी. भूमि अक्साई चीन को छोड़ दिया। उस समय जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तब नेहरू ने कहा था कि उस भूमि पर तो घास भी नहीं उगती है। क्या करेंगे उस भूमि का। जिस तरह नेता प्रतिपक्ष और अन्य प्रतिपक्षी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर घेर रहे हैं। वह संचार माध्यमों से सभी ने देखा हैं। जबकि पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री के स्पष्ट वक्तव्य सदन में स्वयं उनके द्वारा आ चुके हैं। पहले सप्ताह में सदन नहीं चलने पर संसदीय कार्य मंत्री ने चिंता जताई थी।

यह आश्चर्य की बात है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी लोकसभा और राज्य सभा मे प्रतिपक्ष पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री के साथ खड़ा नहीं दिखाई दे रहा था। हंगामा होता रहा। होना तो चाहिए था कि भारत राष्ट्र से किसी देश से हो रहे युद्ध को लेकर अथवा युद्ध जैसी परिस्थितियों में नेता प्रतिपक्ष सहित अलग-अलग संपूर्ण विचार धारा मानने वाले लोगों को राष्ट्र सर्वोपरि के सिद्धांत पर चलते दिखाई देना चाहिए। पर ऐसा हो न सका। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि लोग चाहते थे कि आतंकवादियों के सिर में गोली मारी जाए और ऐसा ही हुआ। तीनों आतंकवादियों के सुरक्षाकर्मियों ने सिर में ही गोली मारी। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुहार लगाई। घुटनेटेके। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह वक्तव्य राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हो रही विशेष चर्चा के समय दिया।

# प्रभु का संदेश

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकसित करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

अंतर्दृष्टि

# इन रिश्तों को कोई नाम न दो

व्यंग्यलोक

दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाशनी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है।



डॉ. प्रदीप उपाध्याय

बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो !

## आपकी बात

### खत्म होता नक्सलवाद

हाल के वर्षों में नक्सलवाद पर कठोर प्रहार के कारण अब यह अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। जिस तरह सरकार नक्सलवाद का सफाया कर रही है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत से नक्सलवाद अतीत की बात हो जायेगा। लेकिन कई जगहों पर अभी भी नक्सलवाद बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे डि-फ्यूज, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही या अनदेखी कैसे हुई इसकी जांच-पड़ताल भी जरूरी है। दरअसल नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों पर अति सतर्कता की जरूरत है।

**धीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### हरित ऊर्जा का दौर

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ ऊर्जा बहुत जरूरी है।

**मनोज कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## पुश्तैनी जमीन को कब्रिस्तान दिखाये जाने का आरोप

**अयोध्या।** ग्राम प्रधान और लेखपाल द्वारा मड़ना उपरहार में पीड़ितो की पुश्तैनी जमीन को कब्रिस्तान दिखाए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने नायब तहसीलदार नगर को ज्ञापन सौंपा। डॉ अंबेडकर युवा संगठन के संस्थापक निर्मल बौद्ध ने बताया कि कई बार पीड़ितों द्वारा शिकायत करने के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ निर्मल बौद्ध ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़ितों की पुश्तैनी जमीन मढ़ना उपरहार में है।

लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा पीड़ितों की पुश्तैनी जमीन पर पैमाइश करने लगे तो पीड़ितों ने मना किया लेकिन लेखपालों प्रधान ने जबरन उनकी पक्की खतौनी की जमीन पर खूंटा गढ़वा कर चले गए और बोले कि यह तुम लोगों की खतौनी फर्जी है और अब इसे मुस्लिम समाज को दिया जा रहा है। और मुस्लिम समाज के लोग इस कब्रिस्तान बनाकर उपयोग करेंगे। जब पीड़ितों द्वारा ग्राम प्रधान और लेखपाल से अपनी जमीन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा विस्तार



- अब जिले की सीएचसी-पीएचसी पर झटपट पहुंचेंगी दवाएं
- आधुनिक ड्रग वेयर हाउस तैयार, बीकापुर से जिले भर में सप्लाई होगी दवा
- तकरीबन 9 करोड़ की लागत से एक हजार वर्ग मीटर में बनाया गया
- वैक्सीन स्टोरेज के लिए है अलग से व्यवस्था

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बीकापुर में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में आधुनिक ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कराया गया है। यह जिले का पहला अत्याधुनिक वेयर हाउस है, जहां वैक्सीन स्टोरेज की व्यवस्था अलग से की गई है। इसके निर्माण के साथ दवाओं के देरी से पहुंचने की शिकायत भी समाप्त हो जाएगी। क्योंकि यह जिले की 13 सीएचसी दो दर्जन से अधिक पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तत्वावधान में बीकापुर की पुरानी पीएचसी के स्थान पर अक्टूबर 2023 में इस अत्याधुनिक ड्रग वेयरहाउस का निर्माण शुरू कराया गया था। पहले जिले में दवाओं का भंडारण और वितरण दर्शननगर में एक किराए के भवन से किया जाता था, जो अपर्याप्त सुविधाओं और सीमित स्थान के कारण कई चुनौतियों का सामना करता था। नया ड्रग वेयरहाउस इन समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीकापुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने इस ड्रग वेयरहाउस के निर्माण का स्वागत किया है। स्थानीय निवासी रामप्रकाश वर्मा ने कहा कि पहले दवाओं की कमी के कारण हमें कई बार परेशानी होती थी। अब इस नए वेयरहाउस से उम्मीद है कि स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं समय पर उपलब्ध होंगी।यह ड्रग वेयरहाउस अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें दवाओं के भंडारण के लिए एक बड़ा हॉल बनाया गया है, जिसमें तीन से चार अतिरिक्त कक्ष भी शामिल हैं। इन कक्षों का उपयोग दवाओं को व्यवस्थित करने और विभिन्न श्रेणियों में भंडारण के लिए किया जाएगा। विशेष रूप से वैक्सीन स्टोरेज के लिए अलग से व्यवस्था की गई है, ताकि टीकों को उचित तापमान पर सुरक्षित रखा जा सके। यह सुविधा वैक्सीन की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बनाए रखने में मदद करेगी।योगी सरकार द्वारा इस ड्रग वेयरहाउस से जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों में दवाओं की आपूर्ति की जाएगी। बीकापुर में स्थित होने के कारण यह केंद्र रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जिले के विभिन्न हिस्सों में आसानी से दवाएं पहुंचाने में सक्षम होगा। दवाएं कारपोरेशन के माध्यम से इस वेयरहाउस में आएंगी, जहां से इन्हें व्यवस्थित रूप से सीएचसी, पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इससे दवाओं की कमी की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी और मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सकेगा।इस ड्रग वेयरहाउस को और अधिक उन्नत बनाने की योजना है। भविष्य में डिजिटल इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि दवाओं की उपलब्धता और वितरण को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सके।इससे दवाओं की बबार्दी को कम करने और जरूरतमंद मरीजों तक तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। सीएमओ डॉ सुशील कुमार बानियान ने बताया कि वेयर हाउस कि सुविधा से न केवल दवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि भंडारण और वितरण प्रणाली में भी पारदर्शिता आएगी।

## सैनिक सम्मेलन आज, तिरंगा यात्रा कल

**अयोध्या।** अगस्त क्रांति की याद में नगर निगम अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगवाई में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन कर स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों को याद करेगा। यह जानकारी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को शाम चार बजे सर्किट हाउस में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा और उनकी समस्याओं का भी निदान किया जाएगा। आगामी 13 अगस्त को नगर निगम से मंगल पांडेय चैक तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 14 अगस्त को अयोध्या में सायं चार बजे क्षीरेश्वर नाथ मंदिर से लता मंगेशकर चैक होते हुए रामकीपैड़ी तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण भी शामिल होंगे। महापौर ने अयोध्या वासियों से तिरंगा यात्रा में भागीदारी कर स्वतंत्रता आंदोलन के अमर सपूतों को नमन करने का आह्वान किया है।

## भारत के शौर्य, संकल्प, राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है तिरंगा यात्राः उपेन्द्र सिंह रावत



**बाराबंकी।** जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के मण्ड़ल मसौली ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व स्वतंत्रता दिवस को लेकर पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व मे विशाल तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत बड़ागांव से शुरू होकर कस्बा बांसा, भूलीगंज, मसौली होते हुए मसौली चैराहे पर समाप्त हुई। इस मौके पर पूर्व सांसद श्री रावत ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं। बल्कि भारत के शौर्य, संकल्प और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है. यह हमारे जवानों के प्रति कृतज्ञता और देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सार्वजनिक प्रदर्शन है। इस मौके पर अरुण सिंह, संदीप गुप्ता, आशुतोष अवस्थी, रंजीत सिंह वर्मा, केवल प्रसाद वर्मा, दिनेश चन्द्र रावत, प्रवीर मिश्रा, डॉ0 कमलेश चैहान, श्रीकांत, उमाकांत, अनिल वर्मा, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय और बैरक का उद्घाटन



**बाराबंकी।** थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चैकी मोहद्दीपुर कार्यालय व बैरक का पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने चैकी परिसर मे वृक्ष रोपित कर पर्यावरण को स्वच्छ एंव संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। उद्घाटन अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/भवन संगम कुमार, प्रभारी निरीक्षक सतरिख धीरेन्द्र कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## कृमि मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ



**बाराबंकी।** कृमि मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मे मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश वर्मा ने छात्राओ को एलबेंडाजोल खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डी0 के0 श्रीवास्तव ने कृमि मुक्त भारत अभियान के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टर लव भूषण गुप्ता ने द्वारा छात्रों को साफ सफाई रखने एंव डॉक्टर नासिर कमल ने फल-सब्जियों को धोकर खाने को लेकर जागरुक किया। तो वही छात्रा लक्ष्मी मौर्या, इल्मा मोइन, सलोनी द्वारा रंगोली एंव आंचल वर्मा, नंदिनी दुबे द्वारा भाषण की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर पंकज, डॉक्टर अवधेश, डीटीओ डॉ0राजेश टंडन, प्रधानाचार्य नंदिता सिंह, रचना चैधरी, सपना चावला, प्राची शुक्ला, मीनुबाला मौजूद रही।

## पूजा स्थल पर तोड़फोड़ के मामले में छह हिरासत में

बहराइच। जिले में एक पूजास्थल में तोड़फोड़ करने के संबंध में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में ले लिया। पूजास्थल में तोड़फोड़ की खबर फैलने के बाद सोमवार सुबह सैकड़ों की संख्या में नाराज ग्रामीण एकत्र हो गए हालांकि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।पुलिस ने इस मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके छह लोगों को हिरासत में लिया है।पुलिस ने बताया कि यह घटना महसी तहसील के रामगांव थानाक्षेत्र के पड़ोहिया गांव में हुई।पुलिस के मुताबिक, गांव में 10 और 11 अगस्त की दरमियानी रात असामाजिक तत्वों ने गावट माता के स्थान पर तोड़फोड़ की और पूजास्थल के निकट कुछ पेड़ों को काट दिया तथा भगवान हनुमान के झंडे को उल्टा कर दिया। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक सुरेश्वर सिंह ने नाराजगी जताते हुए शरारती तत्वों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्वाई की मांग की।

सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि पहोड़िया गांव में गावट देवी माता का स्थान है, जिसे बीती रात कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया, पूजास्थल के निकट नीम के चार बड़े पेड़ काट दिये और भगवान हनुमान के झंडे को उल्टा कर दिया।उन्होंने कहा कि स्पष्ट होता है कि सनातन को ठेस पहुंचाने व धार्मिक भावनाएं आहत करने के उद्देश्य से ये सब किया गया। विधायक ने कहा कि दोषी पाये जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बताया कि अंकुर वाजपेयी नाम के किसान के खेत में कुछ लोगों द्वारा पेड़ काटने, माता के चबूतरे को क्षतिग्रस्त करने व झंडे को उल्टा लटकाने की घटना के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पैथोलॉजिस्ट के सहारे चल रही अस्पताल की आपातकालीन सेवा

- एक दर्जन से अधिक डॉक्टरों की अस्पताल में तैनाती के बावजूद पैथोलॉजिस्ट की लगा दी जाती है इमरजेंसी ड्यूटी
- सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में स्वास्थ्य सेवाएं चौपट

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से चैपट हो चुकी है। अस्पताल की इमरजेंसी सेवाएं विगत 6 माह से पैथोलॉजिस्ट के सहारे चल रही है अस्पताल प्रशासन की नजर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बना नियम कानून कोई मायने नहीं रखता है। बताते चलें कि जिले में पिछड़े क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमा स्थित कुमारगंज से 2 किलोमीटर दूरी पर 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय स्थापित किया गया है जहां अब अतिरिक्त रूप से 35 बेड वाले हाल निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। अस्पताल में महिला चिकित्सकों सहित एक दर्जन से अधिक डॉक्टरों की तैनाती भी है। विगत 5 माह पूर्व अस्पताल में पैथोलॉजिस्ट के पद पर प्रशांत कुमार की नियुक्ति भी हो गई है। अस्पताल के सीएमएस डॉ रवि पांडे ने अस्पताल में आकस्मिक सेवा पटल पर विगत कई चक्र में इमरजेंसी चिकित्सक के रूप में डॉक्टरों का रोस्टर जारी कर दिया जिसके तहत उन्होंने पैथोलॉजिस्ट को भी अस्पताल के इमरजेंसी की ड्यूटी थमा दी। आठ - आठ घंटे का रोस्टर जारी कर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा इमरजेंसी के डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जा रही है। ऐसे में अस्पताल की आपातकालीन सेवा अब पैथोलॉजिस्ट प्रशांत भी संभाल रहे हैं। इसका खुलासा बीते रविवार को उसे वक्त हुआ जब मीडिया कर्मी प्रमुख सचिव द्वारा अस्पताल कार्यालय खोले जाने का आदेश दिए जाने के बावजूद भी अस्पताल कार्यालय में ताला बंद होने



की जानकारी के बाद अस्पताल पहुंचे थे। जहां पैथोलॉजिस्ट प्रशांत अस्पताल के इमरजेंसी में मरीज का उपचार करते मिले। उनसे इमरजेंसी ड्यूटी करने के संबंध में सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा कि हमारी ड्यूटी इमरजेंसी में लगाई नहीं जानी चाहिए। किंतु जब ड्यूटी लग ही रही है तो उसे करना ही पड़ेगा। इस प्रकार से क्षेत्रवासी मरीजों के साथ अस्पताल की जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। अस्पताल में अपने परिजन का इलाज कराने आए तीन तेधा निवासी राजू पासी ने कहां की अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से बदहाल है। अस्पताल में 11:00 बजे से ही रक्त जांच पाताल बंद कर दिया जाता है। जबकि ओपीडी का समय 2:00 बजे तक है। यदि चिकित्सक जांच की सलाह देते हैं तो जांच पटल बंद हो जाने के चलते उनकी जांच नहीं हो पाती और उन्हें निराश होकर अपने घरों को लौटना पड़ता है।

## बाढ़ पीड़ितों को राहत किट व पशुओ के लिए भूसा बांटा गया



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** सरयू नदी के तटवर्ती क्षेत्र पूरेडलई के ग्राम गुनौली, ढेमा टिकरी और कोयलावर मे राजस्व टीमो द्वारा बाढ़ पीड़ितो को राहत किट व पशुओ के लिये भूसा पहंचाने का कार्य जारी है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एडीएम अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लेखपाल कौशलेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, कपिल देव सिंह, अमित कुमार की 4 टीमो ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर राहत किट व पशुओ के चारे को बाढ़ पीड़ितो मे वितरण किया। लेखपाल कपिल देव सिंह ने बताया कि सरयू का जलस्तर अब काफी कम हो गया है।

## आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने सौंपा ज्ञापन



- हिन्दू, सिख व बौद्ध की भाति दलित मुस्लिम-ईसाई को अनुसूचित जाति में सम्मिलित किये जाने की मांग

**बाराबंकी।** कांग्रेस से ज्यादा भेदभाव की राजनीति शायद ही किसी ने की हो और अंग्रेजों की तर्ज पर फूट डालो और राज करो इनका मूल मंत्र रहा। वरना आज दलित मुसलमान व ईसाई भी अनुसूचित जाति में शामिल होकर समानता के अधिकार का डंका बजा रहा होता। उक्त उद्गार आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने हिन्दू, सिख व बौद्ध की भाति दलित मुस्लिम व ईसाई को भी अनुसूचित जाति में सम्मिलित किये जाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि काग्रेस का दलित मुस्लिम विरोधी चेहरा उजागर हो गया। उसे सिर्फ विदेशी अशराफ मुस्लिम हमेशा रास आते रहे। विशुद्ध दलित मुसलमान को उनके हक से वंचित रखा गया। आर्टिकल 341/3 बोर्ड में सात लोग थे जिसमें पाँच विदेशी मुसलमान थे।

इसीलिए पसमांदा मुसलमानों के साथ ये नइंसाफी हुई। श्री राईन ने कहा कि मांगों की प्रतिपूर्ति राष्ट्रपति के स्वविवेक पर आधारित है। इसे स्वीकार किये जाने से सभी पसमांदा समाज के नागरिकों की सच्ची समाजवादी सहानुभूति एवं विचारों का प्रकटीकरण होगा साथ ही दलित मुसलमानों और दलित दलित ईसाइयों की तरक्की का रास्ता खुलेगा। इसलिए उक्त मांग की स्वीकृति एवं संस्तुति प्रदान की जाए। इस अवसर पर हाजी नूरुल हसन अंसारी, जावेद राईन, मोहम्मद सादाब, कारी मकबूल, नदीम राईन, रऊफ राईन, गुफरान राईन, अब्दुल्ला राईन, गुलजार कुरैशी, अनीस राईनअंसारी, मोहम्मद अयाज अंसारी, कुतुबुद्दीन राईन, शफीक राईन, जावेद जमाल मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रभावी कदम उठायें अधिकारीः डीएम

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** डीआरडीए सभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अधिकारी प्रभावी कदम उठाने, पूर्व में हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा कर उनकी पुनरावृत्ति पर रोक लगाने, दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हाकिंत कर उन स्थानों पर संकेतक लगाने, असेनी मोड़ पर कई घटनाएं होने के चलते विशेष सतर्कता बरतने, गोल्डन ब्लॉसम से असेनी मोड तक मार्ग पर कुछ गड्ढे को ठीक कराने, दारापुर कट दुर्घटना बाहुल्य पर आवश्यक उपाय करने, केवाडी मोड़ से सफेदाबाद तक दुर्घटना होने के चलते केवाड़ी मोड़ कट को बंद कराने समेत रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित, रसौली व लक्षबरबजहा में भी जरूरी आवश्यक कार्यवाही, दुर्घटना बाहुल्य स्थानों असेनी मोड़, दारापुर मोड़, सफेदाबाद, रसौली मोड़, सफदरगंज मोड़, दादरा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, प्रतापगंज मोड़, बभौरा मोड़, आदि स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर दुर्घटनाओं के रोकने के विशेष प्रयास किये जायें तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बैठक मे जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न कार्यों को समय पर न करने वाले संबंन्धित ठेकेदार पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क के किनारे स्थित पेड़ों के समीप मिट्टी की कटाव न होने पाये को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंधित अधिकारी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने तेजगति वाहनों का चालान करने सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को लेकर सख्त निर्देश दिये। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, सीओ यातायात, एआरटीओ अंकिता शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## 33 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली गयी



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार गत वर्ष के भांति इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा दिनांक 10/8 /2025 से 11 और 12 अगस्त तक जनपद के सभी 33 मंडलों में स्वच्छता अभियान शहीद स्मारक पर करके तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मंडल कटका गंडारा अयोध्या मंडल चित्तौरा फखरपुर नवाबगंज में व हुजूरपुर में भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व मोर्चो के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने सभी जिला पदाधिकारी को मंडल स्तर पर लगाया है।

## आर.टी.सी. प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण



**बहराइच।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी ट्रेनिंग ) पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0 प्र0 महोदय द्वारा पुलिस लाइन बहराइच का निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने आरटीसी-2025 के प्रशिक्षण का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय उपस्थित रहे व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

महोदय द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न स्थलों का गहन निरीक्षण किया गया जिसमें भवन, लाइब्रेरी, बैरक, मेस, शौचालय, स्नानागार, जिम्नेजियम और क्लासरूम शामिल रहे । महोदय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और आवश्यक निर्देश भी दिए। क्लासरूम के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए हैं । भवन, मनोरंजन हाल और बैरकों, शिक्षण कक्षों आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया ताकि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान महोदय ने साफ-सफाई, विद्युत, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को देखा और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच आरटीसी-2025 के लिए -596 प्रशिक्षुओं की आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिसकी महोदय द्वारा सराहना की गयी है।

महोदय द्वारा प्रशिक्षुओं के साथ गोष्ठी कर संवाद कर अहम पहलुओं पर चर्चा की गयी । निरीक्षक के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक



**बहराइच।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीगणेश चतुर्थी पूजा, चेहल्लुम व अन्य त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि बुजुर्गों द्वारा कायम की गई साम्प्रदायिक सौहार्द की परम्परा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छे संस्कार, विचार एवं आचरण के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी समाज के बुजुर्गों एवं धर्म गुरूओं की है।

डीएम श्री त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि आसन्न त्यौहारों को साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखते हुए हंसी खुशी के साथ मनायें। जिला प्रशासन की ओर से बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किये जायेंगे। डीएम ने कहा कि बैठक के दौरान संभ्रान्तजनों एवं आयोजकों की ओर से जो भी सुझाव प्राप्त हुए उनका अनुपालन कराया जायेगा। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजकों के साथ भ्रमण कर त्यौहार से जुड़े धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गों इत्यादि का भ्रमण कर आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करा दें। डीएम ने कहा कि जिले के अम्नों अमान व कानून व्यवस्था को बनाये रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि त्यौहार के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था से जुड़े अधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए यदि किसी व्यक्ति द्वारा प्रयास किया जाता है तो जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही करने से भी नहीं हिचकेगा।

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि त्यौहार के दौरान गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसा कार्य न करें कि जिससे एक दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत हों। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने त्यौहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी से सहयोग प्रदान करने तथा पारम्परिक मार्गो पर ही जुलूस का संचालन किये जाने की अपील की है। इससे पूर्व बैठक के दौरान राजेन्द्र गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, तेजे खॉ, राकेश श्रीवास्तव, कल्बे अब्बास, बिजली पानी, सड़कों एवं मार्गों की मरम्मत इत्यादि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने किया।

## दिव्यांगजन व स्वैच्छिक संस्थानों से आमंत्रित किये गये प्रस्ताव

**बहराइच ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि दिव्यांगजनों के हितार्थ शासन द्वारा ज्य निधि मद अन्तर्गत 08 श्रेणियों में वित्तीय सहायता हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश के दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के आयोजन, ऐसे दिव्यांगजन जिनका खेल, ललितकला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर एवं साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है।इसी प्रकार दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बेंच मार्क दिव्यांगता (80 प्रतिशत या इससे अधिक) के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (हाई सपोर्ट नीड इन्स्ट्रूमेन्ट) का क्रय किये जाने, ऐसे दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों ।

## अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप

**बहराइच।** जिले के धानेपुर में एक युवक पर छांगुर के सहयोग से करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने का सनसनीखेज आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने आइजी देवीपाटन परिक्षेत्र को पत्र भेजकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं, आरोपित युवक ने इन आरोपों का खंडन करते हुए इसे रंजिश का परिणाम बताया है। आइजी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। धानेपुर नगर पंचायत निवासी हसन मोहम्मद ने आइजी देवीपाटन मंडल को पत्र भेजकर मोहम्मद मकसूद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि मकसूद, जो छांगुर का रिश्तेदार बताया जाता है, दो वर्ष पहले दो कमरे के मकान में रहता था। लेकिन छांगुर की मदद से उसने कथित तौर पर अवैध तरीके से करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली। शिकायतकर्ता के अनुसार, मकसूद के पास अब धानेपुर बाजार में पक्का मकान, इनोवा कार, पांच बाइकें, ट्रैक्टर-ट्राली, और बेटे व पत्नी के नाम कई प्लॉट हैं। इसके अलावा, आवास विकास कॉलोनी में मकान और लखनऊ में दो प्लॉट भी खरीदे गए हैं। हसन ने आरोप लगाया कि मकसूद ने मतांतरण के जरिए यह संपत्ति हासिल की है और इसकी जांच कर कार्रवाई की जाए। वहीं, मोहम्मद मकसूद ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता हसन उनके फूफा हैं और बच्चों के आपसी विवाद में हुई मारपीट के बाद से रंजिश रखते हैं। मकसूद के अनुसार, नगर पंचायत के एक व्यक्ति के बहकावे में आकर हसन ने फर्जी शिकायत की है।

# वेतन न मिलने से नाराज मजदूरों ने फैक्ट्री गेट पर किया प्रदर्शन

## हिंदुस्तान व एक्मी कंपनी के ठेकेदारों पर कर्मचारियों ने लगाया शोषण का आरोप




लालगंज रायबरेली। त्योहारी सीजन के दौरान भी पिछले तीन माह से रेलकोच फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों को उनका वेतन नहीं दिया गया। जिससे नाराज होकर सैकड़ो की संख्या में मजदूरों ने काम छोड फैक्ट्री के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्षन किया है।

मार्डन कोच फैक्ट्री के मुख्य गेट में उस समय हंगामा शुरू हो गया जब वहां कार्यरत हिंदुस्तान फाईवर ग्लास वर्क्स व एक्मी इंडिया लि. के सैकडो कर्मचारियो ने तीन माह से वेतन न मिलने का आरोप लगाते हुए प्रदर्षन षुरू कर दिया। कर्मचारी नीलेष कुमार ने बताया कि ठेकेदार ने उनका पिछले तीन माह से अधिक समय बीतने के बाद भी वेतन नही दिया है। जिससे उनके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। दिनेष पाल ने बताया कि वेतन न मिलने से वे अपने बच्चों की फीस भी नहीं जमा कर पा रहे जिससे उनकी षिक्षा बाधित हो रही है। कर्मचारी राजेष ने बताया कि ठेकेदार मनमानी कर रहे है। अधिकारियों से मिलकर छोटे कर्मचारियों को पैसा हजम किया जा रहा है। जब भी वेतन की मांग की जाती है तो उन्हे कोरा आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। कर्मचारियों ने ठेकेदारों व कंपनी के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे अनिष्चितकालीन धरना प्रदर्षन करेंगें।

# आरएसएस धर्म जागरण ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव



लालगंज रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धर्म रक्षाबंधन उत्सव को बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संघ के धर्म जागरण विभाग के द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर समाज और राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लिया।

धर्म जागरण आरएसएस के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि आरएसएस के लिए धर्म रक्षाबंधन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और विभेदकारी तत्वों से समाज को बचाने के लिए कटिबद्ध रहने का अवसर प्रदान करता है। धर्म जागरण के जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला और खंड सहसंयोजक चंदन त्रिवेदी ने कहा कि रक्षाबंधन आपसी सदभाव बढ़ाने और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने वाला उत्सव है। जिला संस्कृति प्रमुख कैलाश वाजपेई ने कहा कि रक्षाबंधन संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा के संकल्प का पर्व है। इस मौके पर आरएसएस के स्वयंसेवकों ने रक्षाबंधन उत्सव के दौरान समाज और राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और विभेदकारी तत्वों से समाज को बचाने के लिए कटिबद्ध रहने का संदेश दिया गया। जिला संस्कृति प्रमुख कैलाश जी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे, जिला सह संस्कृति प्रमुख चंद्र प्रकाश, नगर सह संयोजक राजेन्द्र यादव, देवेश, महेश, राधे मोहन, गोलू गुप्ता, मंटू बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन आदि अनेकों धर्म प्रेमी लोगों ने सहभागिता किया।

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसियों ने धरना देकर किया विरोध प्रदर्शन

रायबरेली। वोट चोरी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष के नेताओं को चुनाव आयोग कार्यालय जाने से जबरन रोकने एवं नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सहित कांग्रेस कार्यकताओं ने भारी बारिष के बीच भीगते हुए दीवानी कचेहरी के सामने सड़क पर धरना देकर विरोध प्रदर्षन किया और भाजपा सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि रायबरेली सांसद राहुल गांधी की आवाज को गति देने व उनके संघर्ष को समर्थन देने के लिए कांग्रेसजनों ने धरने पर बैठकर राहुल गांधी की आवाज से आवाज मिलाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कड़े षब्दों में चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए कहा कि एक तो चोरी, ऊपर से सीना जोरी, ऐसा नहीं चलेगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में देष का पूरा विपक्ष एकजुट है और वोट चोरों के खिलाफ बड़े आन्दोलन को तैयार है।

## युवक पर बांके से हमला, हालत गंभीर

जगदीशपुर , अमेठी ।कहासुनी के दौरान हुई तूतू मैमै मे विपक्षी ने बांके से हमला कर दिया चीखपुकार सुनकर दौडे आसपास के लोगो के आने पर हमलावर मौके से रफू चक्कर हो गया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल मे भर्ती कराया जहाँ हालत गंभीर देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत निहालपुर गांव निवासी जहीर जो आपसी किसी बात को लेकर गांव के बगल हो रही प्लाटिंग पर गांव के ही रहने वाले अलाउद्दीन के बीच कहासुनी होने लगी मामला इतना तूल पकड लिया कि अलाउद्दीन ने बांके से प्रहार कर जहीर को लहूलुहान कर दिया आसपास के लोग चीखपुकार सुनकर जबतक मौके पर पहुँचते तबतक हमलावर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि परिजनो की तहरीर पर मामला दर्ज कर छानबीन जारी है।

## ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत

जगदीशपुर, अमेठी। तेज रफ्तार आ रहे ट्रेलर की चपेट मे आकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेजा। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित रानीगंज बाजार के निकट घटना उस वक्त घटी जब पूरे जालिम मजरे मडवा गांव नवासी रंजीत उम्र 32 वर्ष जो बाइक द्वारा किसी कार्यवश जा रहा था जिसकी तेज रफ्तार आ रहे ट्रेलर की चपेट आकर दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजने के उपरांत वाहन को कब्जे मे लेकर चालक की तलाश जारी है।

## विशाल भंडारा संपन्न

भेटुआ, अमेठी। क्षेत्र के टिकरी गाँव मे शिवभक्तो ने श्री केदारनाथ धाम यात्रा कर सकुशल वापसी के बाद सावन माह के आखरी दिन बीते रविवार को ॐ नमः शिवाय का जप शुरू किया जो चौबीस घंटे तक चला। जप समाप्त होने के बाद हवन पूजन व भगवान भोले नाथ की आरती संपन्न हुई। इसी दिन शाम पांच बजे से विशाल भण्डारा शुरू किया गया जिसमे हजारों लोगो ने पुरी सब्जी ,नुक्ती आदि का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर. अमेठी विधायक प्रतिनिधि अनिल प्रजापति, दिलीप कुमार अग्रहरि, शुभम कुमार, जिला पंचायत सदस्य सूबेदार यादव, छोटे यादव, सोनू अग्रहरि , महेन्द्र कुमार,रमेश कुमार,पुन्नू,राम लाल,बनवारी ,जिलेदार ,दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



तिलोई ,अमेठी ।सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया यात्रा शहीद स्मारक ब्लाक सभागार सिंहपुर से शुरू हुई अहोरवा भवानी शहीद स्मारक पर जाकर सम्पन्न हुई तिलोई अमेठी सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया यात्रा शहीद स्मारक ब्लाक सभागार सिंहपुर से शुरू हुई यह अहोरवा भवानी शहीद स्मारक पर जाकर सम्पन्न हुई यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम्के नारे लगाए इन नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य मौजूद थे शक्ति केन्द्र संयोजक शक्ति केन्द्र प्रभारी और बूथ अध्यक्ष भी शामिल हुए महिला मोर्चा युवा मोर्चा और विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अमेठी सुधांशु शुक्ला ने हिस्सा लिया उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी ज़िला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंह अनिल पांडे मिंटू सिंह दीपू मिश्रा अनिरुद्ध तिवारी गौरव श्रीवास्तव राहुल पाठक आदि तमाम लोग मौजूद थे'

### संक्षेप

## नैया नाले में गिरे बाइक सवार दंपती

हरचंदपुर रायबरेली ।विकासखंड के दूलमपुर में एक नव निर्मित पुल पर ठेकेदार की लापरवाही से एक बड़ा हादसा हो गया। देर रात बड़ा पूरा से बछरावां जा रहे एक दंपति की बाइक नाले में गिर गई। घटना कुंदनगंज जोहवाशर्की रोड पर हुई, जहां पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। संपत्ति नाम के व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। नाले के दोनों तरफ सावधानी के बोर्ड नहीं लगे होने और रोड खुला होने के कारण वे नाले में गिर गए। बाइक सवार अनुज निवासी बड़ापुरा ने बताया कि हम लोग बछरावां जा रहे थे यहां पर कोई भी बैरिकेडिंग या ऐसा कोई चेतावनी व सुरक्षा उपाय के कोई इंतजाम नहीं थे। अचानक से नैया (नाला) सामने आया तो गाड़ी नाले में चली गई हम लोग कुछ दूर तक बहते गए किसी तरह हम और हमारी पत्नी दोनों की जान बच पाई है और मेरी बाइक बैग और मोबाइल इस पानी में बह गए हैं। हादसे के बाद दंपति कुछ दूर तक पानी में बहते गए। इस दौरान उनकी बाइक, बैग और मोबाइल फोन पानी में बह गए और लापता हो गए। दंपति ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जोहवाशर्की निवासी अरनव गुप्ता, बिन्देश निवासी पहराखेड़ा बिन्देश का कहना है कि इस मार्ग पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

## तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन

रायबरेली। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली का भव्य आयोजन विकासखंड दिशागौरा में किया गया। रैली विकासखंड कार्यालय से प्रारम्भ होकर ग्राम पंचायत गौरा हरदो के प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय होते हुए विकासखंड परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा रैली में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह पर स्थानीय लोगों ने तिरंगा रैली का स्वागत किया।

# एक से 19 साल की आयु के 5.87 लाख बच्चों ने खायी एल्बेंडाजोल

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ आयोजन

जिला संवाददाता

**रायबरेली।** जनपद में शहरी क्षेत्र और 10 ब्लाक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित हुआ जिसके तहत एक से 19 साल की आयु के बच्चों को पेट से कीड़ें निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाकर किया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बच्चों के पेट में कीड़े होने से न केवल उनका शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इसलिए साल में दो बार फरवरी और अगस्त में अभियान चलाकर पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाती है। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों से कहा कि सभी बच्चों को दवा खिलाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के नोडल और जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र और 10 ब्लॉक छतोह, रोहनियां, अमावां, डलमऊ, दीन शाह गौरा, जगतपुर, लालगंज, सरेनी, शिवगढ़ और ऊंचाहार के एक से 19 साल की आयु के 8.27 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य है बाकि आठ ब्लाक में सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के तहत यह दवा खिलायी जायेगी। जो बच्चे दवा खाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें 14 अगस्त को मॉप अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी। इस अभियान में शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं सूचना विभाग ही सहयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही कस्तूरबा विद्यालयों, बाल सुधार गृह, में भी दवा खिलाई गयी। आयोजित दिवस पर 5.87 लाख बच्चों ने एल्बेंडाजोल का सेवन किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एसके श्रीवास्तव, नोडल अध्यापक आरबी वर्मा, शहरी नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार यादव, उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजलि सिंह, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पाण्डेय उप प्रधानाचार्य राजेश त्रिपाठी, कंचन लता, अंकित शुक्ला सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# बच्चों को खिलायी गयी एल्बेंडाजोल टैब्लेट



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल टेबलेट बच्चों को खिलाने के लिए एक कैंप लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने-अपने पाल्यों को दवा खिलवाई। विद्यालय कैम्पस में भारी तादाद में अभिभावकों ने इस सरकारी योजना का लाभ उठाते हुए इसे बच्चों के हित में विद्यालय द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताया। यह दिन भारत में बच्चों में परजीवी कृमि संक्रमण के चक्र को तोड़ने के लिए मनाया जाता है। सरकार के इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने स्वयं स्कूल के बच्चों को दवा खिलाई। उन्होंने कहा कि यह दवा खासतौर से पेट में कीड़े के उपचार के लिए इस्तेमाल की जाती है। यह एक एंटीबायोटिक दवा है, जो कई तरह के परजीवी संक्रमणों के खिलाफ कारगर है। इसके लेने से बच्चों के पेट के कीड़े खत्म हो जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय कूरेभार से भाजपा कार्यकताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा अयोध्या-प्रयागराज हाइवे होते हुए कूरेभार गीता मंदिर तक पहुँची। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम्के नारों से कस्बा गुंजायमान हो उठा।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. आर. ए. वर्मा व कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह उर्फ सोनू ने किया। भाजपा का यह अभियान लोगों में राष्ट्र प्रेम, सद्भावना और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर नवनीत सिंह उर्फ सोनू ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक है, इसे हर घर पर फहराना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आर.ए. वर्मा के साथ पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, पूर्व जिला महामंत्री शशिकान्त पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष राजमणि मौर्य, जिला मंत्री विवेक सिंह विपिन, जिला महामंत्री भाजयुमो गौरव मौर्य, अजीत यादव, पन्नालाल जायसवाल, सुभाष सिंह, अरविन्द वर्मा, सुशील पाण्डेय, रामप्रवेश वर्मा, संदीप मौर्य, भईया राम यादव, विजय पाण्डये, चंद्रप्रकाश सिंह, राजेंद्र वर्मा, अभिषेक सिंह, विनय विश्वकर्मा, राम रूप वर्मा, हनुमान अग्रहरी, सुरेश कसौधन समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# चोरों ने विद्यालय में लगायी सेंध



सुलतानपुर (वीओएल)। प्राथमिक विद्यालय सरवन कूरेभार में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सोमवार सुबह जब विद्यालय की प्रधानाध्यापक रश्मि बाला सिंह विद्यालय पहुंचीं तो उन्होंने देखा कि रसोईघर की दीवार बाहरी ओर से तोड़ी गई है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। प्रधानाध्यापक ने तुरंत विद्यालय का ताला खोलकर स्थिति की जांच की, जिसमें अधिकांश महत्वपूर्ण सामग्री सुरक्षित पाई गई। हालांकि रसोईघर से ह्लदो बोरी चावल व गेहूं, गैस भट्ठी, रेगुलेटर, कड़ाही, ह्लजगह्ल सहित कुछ छोटे-मोटे रसोई संबंधी सामान गायब मिले। घटना की सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी उदयराज मौर्य, ग्राम प्रधान शैलेन्द्र सिंह और पुलिस 112 को तत्काल अवगत कराया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। ग्राम प्रधान ने भी द्वारिकागंज पुलिस चैकी प्रभारी से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया। चैकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को चिह्नित किया और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रधानाध्यापक रश्मि बाला सिंह ने चैकी प्रभारी से अपील की कि सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों के हित में चलाई जा रही योजनाएं बाधित न हों। प्रशासन की तत्परता और प्रधानाध्यापक की सूझबूझ से यह मामला गंभीरता से लिया गया है, जिससे शीघ्र निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## डीएम ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बगाही का किया स्थलीय निरीक्षण



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को विकास खंड जगदीशपुर के अंतर्गत संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, बगाही का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा एवं साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए केयर टेकर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में बताया गया कि आश्रय स्थल में 200 से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों की जानकारी लेते हुए पता चला कि वर्तमान में 2 गोवंश बीमार हैं, जिनका उपचार पशु चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सक समय-समय पर आकर आवश्यक चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। उन्होंने हरे चारे की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में गौशाला में भूसा एवं 22 बोरी पशु आहार उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा, पशु आहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही श्री चौहान ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर एवं केयर टेकर के भुगतान संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया और इन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर एवं बीमार गोवंशों की देखभाल पर ध्यान देने और गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी प्रदान किए।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

अमेठी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को कृमि से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बचाव एवं लक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक एल्बेंडाजॉल खिलाने से पहले खांसी, बुखार, सांस फूलना आदि लक्षणों की जांच कर लें और लाभार्थियों के कांटेक्ट हिस्ट्री के बारे में जान ले। जो बच्चे बीमार है या कोई दवाई ले रहे हैं उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई नहीं खिलाई जाएगी। जब बीमार बच्चे ठीक हो जाएगें तब उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई खिलाई जाएगी। दवा खिलाने से पहले अपने हाथ साबुन और पानी से नियमित तौर पर अच्छी तरह धोएं। एल्बेंडाजॉल की खुली हुई दवाई को न छुएं और बच्चों को स्वयं खिलाएं, शिक्षक दवाई अच्छी तरह चबाकर खाने का निर्देश दें। साफ पीने का पानी साथ रखें। बिना चूरा किए या बिना चबा कर खायी गयी एल्बेडाजॉल दवाई का प्रभाव कम हो सकता है।

## भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

अमेठी ।सोमवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल अमेठी के द्वारा निकाली गयी तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' शामिल होकर देश के प्रति शहीद हुए नौजवानों को नमन किया। साथ में काशी प्रसाद तिवारी , अजय तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष अमेठी, गिरजा शंकर शुक्ल , रामशंकर जायसवाल मंडल अध्यक्ष अमेठी, मनोज तिवारी निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमेठी, भूपेंद्र मिश्र ,देव प्रकाश पांडेय रवि सिंह, दिनेश तिवारी जी,शरद मिश्र जी, एवं विवेक मिश्र सहित तमाम पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

# मुख्य आरोपी सचिन यादव गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल कार बरामद

## चंदन शर्मा हत्याकांड



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बहुचर्चित चंदन शर्मा हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल आला कत्ल कार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी पर पहले से डेढ़ दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उस पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही भी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार, सचिन यादव के खिलाफ जयसिंहपुर, कूरेभार और गोसाईंगंज थानों में कई मामले दर्ज हैं। घटना की रात तीनों आरोपी भाईकृअमित यादव, पिंटू यादव और सचिन यादवकृकार में सवार थे, जिसे सचिन चला रहा था। हत्या के बाद तीनों भाइयों ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर रुककर घटना की जानकारी ली। जब उन्हें चंदन शर्मा की मौत की खबर मिली तो वे करीब तीन घंटे बाद अलग-अलग दिशाओं में फरार हो गए। इसके बाद सचिन यादव कार को लेकर आजमगढ़ गया, जहां उसकी मरम्मत कराई, फिर अयोध्या जिले के बीकापुर थाना क्षेत्र में स्थित लता केमिकल प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में खड़ी कर छिपा दी। वह इस दौरान अलग-अलग ठिकानों पर छिपता रहा। पुलिस ने रविवार शाम को जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करमदासपुर अंडरपास से सचिन यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस के पास हत्याकांड के दौरान भागते समय कार का सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। जानकारी के मुताबिक, 1 अगस्त की रात जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बझना गांव निवासी बीमा अभिकर्ता चंदन शर्मा का एक जेसीबी चालक से विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी विवाद के बाद आरोपियों ने आक्रोशित होकर सुनियोजित तरीके से कार से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पहले आरोपी अमित यादव ने एक अन्य मामले में न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। दूसरा आरोपी पिंटू यादव शनिवार दोपहर पीढ़ी टोल प्लाजा, सेमरी रोड के पास से गिरफ्तार हुआ और जेल भेजा गया। सोमवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन यादव को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## पीड़ित परिवारों की मांगों को लेकर सामाजिक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)। करियर बझना निवासी मृतक चंदन के परिवार को न्याय दिलाने और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद् ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मयंक मिश्र और क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार को सौंपा। परिषद् ने चंदन के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। परिषद् के जिलाध्यक्ष अंकुर पांडेय ने बताया कि चंदन की मृत्यु से उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। वह एलआईसी एजेंट के रूप में कार्य कर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। ऐसे में सरकार को संवेदनशील रुख अपनाते हुए पीड़ित परिवार की मदद करनी चाहिए। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने भी परिवार की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। परिषद् के जिला सचिव आशीष पांडेय ने बताया कि बरौला निवासी सोनू तिवारी को सोशल मीडिया पर न्याय की आवाज उठाने के कारण झूठे आरोपों में फंसाने की कोशिश की जा रही है, जिसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही परिषद् ने आरोप लगाया कि जयसिंहपुर थानाध्यक्ष की कार्यशैली अत्यंत लापरवाह है, इसलिए उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए। परिषद् ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वृजेंद्र मिश्र, प्रज्वल मिश्र, राजू मिश्र (भगवा आर्मी), हर्षित मिश्र, प्रदीप मिश्र, आशीष पांडेय, अमित तिवारी (परशुराम युवा मिशन वाहिनी अध्यक्ष) सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में जले वृद्ध की आगरा में मौत

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र के गांव खुशीपुरा में गुरुवार को खांडसारी सहकारी समिति की जमीनी विवाद में बुजुर्ग सत्यभान की संग्दिध परिस्थितियों में आग लगने के कारण बीती रात्रि आगरा के एस.एन. मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आज दोपहर गांव के श्मशान घाट पर उनका पुलिस की मौजूदगी परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया। गौरतलब हो कि खांडसारी सहकारी समिति की जमीन पर मृतक सत्यभान का परिवार पिछले 40 वर्षों से विवादित जमीन पर रह रहा था। दो मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। प्रशासनिक दबाव में राजस्व विभाग की टीम ने बिना आदेश के जेसीबी चलवा दी। इसी दौरान हुये बबाल में बुर्जग की संग्दिध परिस्थितियों में आग लगने से झुलस गया था। सुसर को आग से बचाने को आयी पुत्रवधु ललितेश भी झुलस गयी थी। मृतक के बेटे कानूनगो राजेन्द्र राणा, सत्यप्रकाश की तहरीर पर लेखपाल कपिल उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चेतन मलिक, राजकुमार और विश्वेन्द्र उर्फखिलाफ हत्या, साजिश और अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# जंग जीतने के लिए जिंदा रहना जरूरी है: हेमा

जिला संवाददाता

- सांसद ने दिया आश्वासन जैत में बनेगा एलिवेटेड ब्रिज
- पंचायत के बाद सांसद से मिले ग्रामीण



मथुरा। यूपी के बेस्ट टूरिज्म विलेज जैंत में काफी लंबे समय से चली आ रही एलिवेटेड फ्लाईओवर ब्रिज की मांग को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अनदेखा किया जाने से व्यथित समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार चंद्र प्रकाश बृजवासी द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस को आत्महत्या किए जाने के दृढ़ संकल्प से बेचैन ग्रामीणों ने पौराणिक स्थल जयकुंड के सामने पोला वाली बगीची में पंचायत का आयोजन किया।पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि रिंग रोड और बाईपास बनाए जा सकते हैं सड़कों का जाल बिछाया जा सकता है तो जैंत पर एलिवेटेड ब्रिज क्यों नहीं बनाया जा सकता, आखिर क्यों हो रही है जैंत की उपेक्षा? औसतन जैंत में हर रोज अकाल मौत हो रही हैं, लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जिम्मेवार लोग मौन साधे हुए हैं धृतराष्ट्र बने हुए हैं।

पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों ने हाईवे अथॉरिटी की असंवेदनशील प्रणाली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इस मुहिम को गति देने के साथ-साथ क्षेत्रीय सांसद से मिलने का निर्णय लिया। वृंदावन में ओमेक्स सिटी स्थित सांसद आवास पर ग्रामीणों ने पहुंचकर सांसद हेमा मालिनी से मुलाकात की और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जैंत की उपेक्षा करने से आहत सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार चंद्र प्रकाश बृजवासी की अटल प्रतिज्ञा से अवगत कराया। सांसद हेमा मालिनी ने ग्रामीणों को पूर्णतया आश्वासत करते हुए कहा है कि जिंदा रहकर ही जंग जीती जाती है, मरने से नहीं। जंग जीतने के लिए जिंदा रहना बहुत जरूरी है। सुसाइड का ख्याल बिल्कुल दिमाग से निकाल दें, मैं आपके साथ हूं। जैंत में एलिवेटेड ब्रिज बनवाने के लिए राजमार्ग एवं सड़क मंत्रालय के केबिनेट मंत्री नितिन गडकरी जी के सामने जोरदार तरीके से इस समस्या को रखूंगी।इस अवसर पर अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं समाज कल्याण संस्थान के मुख्य सचिव दीवान सिंह राजपूत, किसान सभा के प्रहलाद सिंह सैंगर, एमएलसी प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, सुभाष प्रधान, ओमप्रकाश पप्पू, जीतेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मसिंह बंका, नारायण प्रताप सिंह लाखन, मोहन सिंह बिंदाबनिया, केशव सिंह राजावत, मनोहर लाल गौतम, नत्थी भगत, राजवीर सिंह, राजन सिंह जैतवाल, करन सिंह धनगर, ओमवीर सिंह, रतन सिंह, गजेंद्र सिंह गुड्डू, भगवान सिंह नगाड़ा, तेज सिंह, रमेश राजावत, ओमी ठाकुर, दीनदयाल गौतम एडवोकेट, हेमेंद्र सिंह एडवोकेट, कंचन सिंह एडवोकेट, ओमप्रकाश, प्रहलाद सिंह, सूरजमल, हरिओम राजपूत, सुनील कश्यप आदि सैकड़ों ग्रामीण ग्रामीण उपस्थित थे।

### ..... अभी चैन से नहीं बैठेंगे

पर्यटक ग्राम जैत में एलिवेटेड ब्रिज की मांग को जोरदार तरीके से उठाने वाले वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश बृजवासी ने कहा है कि हम सांसद जी के आश्वासन से पूर्णतया संतुष्ट हैं परंतु समस्या का समाधान न होने तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

## मंडी चौराहा-सौंख रोड पर नगर निगम ने की कार्रवाई

मथुरा। आगामी 16 अगस्त को मनाई जाने वाली भव्य और दिव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए शहर को साफ-सुथरा और यातायात के लिहाज से सुगम बनाने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने मंडी चैराहा और सौंख रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर आयुक्त जग प्रवेश के नेतृत्व में निगम की टीम और थाना हाईवे पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे और फुटपाथ पर जमे अतिक्रमण को हटवाया।

अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से दुकानों के आगे रखे गए तख्त, तीन साइड तिरपाल और अवैध ढांचे को गिराया गया।

निगम ने मौके से कुछ सामान को जब्त भी किया। नगर आयुक्त ने बताया कि बार-बार अपील के बावजूद कुछ व्यापारी अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं थे, जिससे मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ी।

जग प्रवेश ने कहा,ह्नजन्माष्टमी के दौरान लाखों श्रद्धालु मथुरा आएंगे। उनकी सुविधा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है।

## मां शारदे सेवा समिति ने बैठक कर नवीन कार्यकारिणी गठित की



टूंडला। मां शारदे सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक नगर की विधा सम्बिर्दनी धर्मशाला में आयोजित हुई, बैठक में कमेटी द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों व आय व्यय का लेखा जोखा सभी के सम्मुख रखा गया साथ ही आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई, और नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें आलोक उपाध्याय को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया, सोम शर्मा, मनीष यादव, अभिषेक प्रताप सिंह प्रमोद चक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रिंकू लवानिया को महामंत्री, हरिओम शर्मा को कोषाध्यक्ष, प्रशांत शर्मा सह कोषाध्यक्ष विनय शर्मा सुरक्षा व्यवस्था प्रमुख, सुनील पाठक किशनस्वरूप राजन सिंह प्रसाद व्यवस्थापक, अनमोल कपूर पूजा व्यवस्था प्रमुख, प्रसार प्रचार प्रमुख मोहित दुबे वरुण जैन, सम्मान कार्यक्रम प्रमुख मनीष गुप्ता मनोज जैन, पूरन सिंह देवेंद्र बेनीवाल अल्पना शर्मा, राजेश अग्रवाल, चबूतरा व्यवस्था बी.पी यादव, सहित दुर्गा पूजा की सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर जिम्मेदारी सौंपी गई, और कमेटी द्वारा आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों व कार्य योजना की जानकारी दी गई। कमेटी के सभी नवीन पदाधिकारियों का पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन दीपक चौधरी ने किया। इस अवसर पर कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## संस्कृति विवि का दिव्य और भव्य दीक्षांत समारोह आज




मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का भव्य और दिव्य आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान में 12 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हस्तियों के सानिध्य में होगा। इसके तुरंत बाद सनातन धर्म संवाद आयोजित किया जाएगा जिसमें देश के प्रतिष्ठित संतजन को सुनने का अवसर भी मिलेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस प्रतिष्ठापूर्ण दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के विशेष शैक्षणिक कीर्तिमान स्थापित करने वाले 46 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 44 विद्यार्थियों को रजत पदक और 39 विद्यार्थियों को कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों को 21 पीएचडी और स्नातक एवं स्नातकोत्तर करने वाले कुल 2045 विद्यार्थियों को डिग्रियां देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिक्षक, न्यूमरोलॉजिस्ट एवं मेंटर डा. जेसी चैधरी को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

दीक्षांत समारोह में फिल्म कलाकार, कवि, लेखक एवं वक्ता आशुतोष राणा, अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य, पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभराजी, पुंडरीक महाराज, पुराण मनीषी कौशिकजी महाराज, चिन्मयानंद बापूजी, सुधांशु जी महाराज, आचार्य मनीष जी ( आयुर्वेद ), जगद्गुरु हिमांगी सखी, आचार्य प्रमोद कृष्णम्, डा. नलिनाक्ष एस व्यासजी, भारतीय विवि संघ के अध्यक्ष एवं कानपुर विवि के कुलपति विनय पाठक, गोल्डी ग्रुप के संदीप गोयनका, शारदापीठ शंकराचार्य अनंतश्री स्वामी अमृतानंद देव तीर्थजी आदि हस्तियां भाग लेने आ रही हैं।

# ऑनलाइन मण्डलायुक्त ने की मंडलीय समीक्षा

जिला संवाददाता

मथुरा। मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज सोमवार को कर करेत्तर राजस्व वसूली की ऑनलाइन मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आगरा मण्डल में वाणिज्य कर में मथुरा में अच्छी वसूली की गयी, अन्य जिलों में वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गये। स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन में आगरा में प्रति अमीनवार वसूली इस माह भी सबसे कम रही। आयुक्त महोदय द्वारा मांग धनराशि के सापेक्ष वसूली करने एवं पोर्टल पर अंकित मांग वसूली कम दिखाए जाने पर एक बार जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शासन स्तर से सभी जिलों में भेजी गयी पुरानी आरसी के सापेक्ष भी वसूली किए जाने के निर्देश दिए। परिवहन मद में मथुरा की प्रगति अच्छी रही। विद्युत में आगरा में मांग के अनुसार वसूली करने, खनिज मद में आगरा में हुई वसूली के डेटा को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। ओवरऑल वसूली की समीक्षा में मथुरा की सबसे अच्छी प्रगति एवं आगरा में मांग के अनुसार वसूली प्रगति कम रही। मथुरा और फिरोजाबाद में भी वसूली पर ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा की गयी। आगरा में सबसे ज्यादा लंबित प्रकरण होने पर निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों में नियमित निस्तारण की प्रक्रिया चलती रहे, कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। धारा 24 में आगरा और फिरोजाबाद की रैंकिंग में गिरावट दर्ज हुई। 6 माह व एक वर्ष से अधिक लंबित वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनपदवार जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए कि सभी राजस्व न्यायलयों में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायाब तहसीलदार द्वारा नियमित सुनवाई की जाए। जहां पर भी वकीलों द्वारा हड़ताल की जा रही है, वहीं वकीलों से बातचीत कर समस्या का हल निकाला जाए। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी माह में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार के साथ बैठकर वाद निस्तारण की समीक्षा करें। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, जिलाधिकारी मथुरा सी पी सिंह, जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मैनपुरी जिलाधिकारी अंजनी सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त आगरा श्रीमती शुभांगी शुक्ला सहित सभी अपर जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी व तहसीलदार मौजूद रहे।

## भाजपाईयों ने तिरंगा यात्रा, सैकड़ों लोग हुए शामिल

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे के नेतृत्व में आज जनपद के विभिन्न मण्डल शहीद हेमराज, अनोडा, व राया मंडल में सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे मौजूद रहे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ये यात्राएं गांव से लेकर शहर तक और हर ब्लॉक में आयोजित की जा रही हैं। यह यात्रा सेना के सम्मान में और देश के शहीद वीर सपूतों के सम्मान में निकाली गई है। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा देश तैयारियों में जुटा है। यात्रा के दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम और इंकलाब जिंदाबाद के जयकारे लगाए गए। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया 10 तारीख से 12 तारीख तक भव्य तिरंगा यात्रा हमारे पदाधिकारियों द्वारा पूरे जनपद में निकली जा रही है जिसकी तैयारी संपूर्ण हो चुकी है। कार्यक्रम में पंकज प्रकाश, जिला महामंत्री सत्यपाल चैधरी आदि है।

## 2 सटोरिए और 5 जुआरी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरव दीक्षित द्वारा जनपद में जुआरियों सटोरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्र से दो सटोरिए सट्टे की खाड़ी बाई करते हुए व 5 जुआरी जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किए गए। सोमवार को थाना वसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 02 अभियुक्तगण अन्शु पुत्र रामवीर निवासी नई आबादी सोफीपुर थाना बसई मौहम्मदपुर को सट्टे की खाई बाडी करते हुए एक डायरी, 430 रुपए व पेन सहित वर्मा जी की मूर्ति के पास से व अभियुक्त राहुल पुत्र केसरीलाल निवासी वन विभाग आफिस के सामने छारबाग थाना बसई मौहम्मदपुर को सट्टे की खाई बाडी करते हुए एक डायरी, एक पेन व 460 रुपए सहित फायरिंग रेंज नगला वीना के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर हसमत नगर थाना रामगढ़ फिरोजाबाद स्थित बंद मकान में जुआ खेलते 05 अभियुक्तगणों शानू उर्फ शान मोहम्मद पुत्र अजीज, बोबी पुत्र दीन मौहम्मद, आदिल पुत्र अजीज, मूबीन पुत्र वसीम जमील पुत्र सरफुद्दीन को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों के कब्जे से कुल 10,050 रुपए 02 मोबाइल फोन एवं 52 ताश पत्तों की एक गड्डी बरामद हुए, पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## मंदिर तोड़ मजार बनाये जाने पर हिंदू संगठनों ने तहसील में दिया धरना




टूंडला। ब्लॉक टूंडला क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर पंचायत रामगढ़ उम्मरगढ़ में पूर्व कालीन सरकार में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा काली मंदिर को तोड़कर मजार बनाए जाने को लेकर धर्म रक्षा संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न हिंदू संगठनों ने तहसील परिसर में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान धर्म रक्षा संघर्ष समिति पदाधिकारियों ने बताया कि टूंडला ब्लॉक के गांव सिकंदरपुर ग्राम पंचायत रामगढ़ उम्मरगढ़ में 2012 में सपा सरकार के दौरान समुदाय विशेष के कट्टरपंथियों ने गाटा संख्या 765 में सैकड़ों वर्ष पुराने काली माता मंदिर को तोड़कर एक छोटी सी मजार बना दी थी। अब तक उसका बहुत विस्तार हो चुका है। जिसके संबंध में खेत स्वामी हिंदुओं द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं। माह फरवरी 2022 में हिंदू जागरण मंच के माध्यम से उप जिला मजिस्ट्रेट टूंडला को ज्ञापन सौंप अवगत कराया गया था। तीन वर्ष व्यतीत होने के बावजूद अभी तक वहां पर किसी भी तरह की कोई भी कार्यवाही भू-माफियाओं के विरुद्ध न होने व उक्त जमीन अतिक्रमण मुक्त न होने के कारण कट्टरपंथी समुदाय विशेष के होंसले बुलंद हो गए हैं। जिससे वह लोग क्षेत्र में उक्त जमीन के पैरोकारों से आए दिन झगडा करने पर उतारु रहते हैं । जिससे क्षेत्र में माहौल खराब होने की संभावना है।ऐसी स्थिति में उक्त गाटा सं0 765 से मजार को हटाकर खेत के स्वामियों को सौपते हुए मंदिर बनाने की अनुमित प्रदान की जाए। जिस पर एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को 15 दिन में जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया, जिस पर प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान संजय प्रताप सिंह महेंद्र बघेल योगेश कुमार ललित कुमार वरुण सारस्वत भीष्म पाल सिंह जादौन राजीव मल्होत्रा यादवेंद्र सिंह जादौन वीरेंद्र प्रताप सिंह प्रिंस सिंह मुनेश पाल संजय सिंह बघेल आदि मौजूद रहे।

## मथुरा के पूर्व जिला जज आशीष गर्ग का हार्ट अटैक से निधन

मथुरा। मथुरा में जिला जज रहे आशीष गर्ग का सोमवार को यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हर्निया ऑपरेशन के बाद हार्ट अटैक से निधन हो गया। रविवार को हुए ऑपरेशन के बाद उनकी हालत स्थिर थी लेकिन सोमवार सुबह बाथरूम में अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना से शोक की लहर है। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आशीष गर्ग मूल रूप से मुजफ्फरनगर नगर के रहने वाले थे।

मूलरूप से मुजफ्फरनगर निवासी आशीष गर्ग वर्तमान में बीते 30 अप्रैल से गाजियाबाद के जिला जज के पद पर तैनात थे। इससे पहले वह मथुरा में जिला जज के पद पर कार्यरत थे। अप्रैल 2024 में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक से मथुरा का जिला जज बनाया गया था। उनके पिता रामेश्वर स्वरूप गर्ग भी करीब 10 वर्ष पूर्व गाजियाबाद में अपर जिला सत्र न्यायाधीश रह चुके थे।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा




मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निर्देशों के क्रम में जनपद मथुरा में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में कार्यक्रम तथा तिरंगा रैली आयोजित की जा रही है। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ तिरंगा रैली में प्रतिभाग किया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान 2025 को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि आप सभी अपने अपने घरों में तिरंगा लगाए। उन्होंने सभी दुकानदारों, प्रतिष्ठाओं, पेट्रोल पंपों, होटलों, आश्रमों, कारखानों, फैक्ट्रियों, इंडस्ट्रियों, रेस्टोरेंटों, थानों, चैकियों, कोतवालियों, कार्यालयों, बस स्टैंडो, रेलवे स्टेशनों आदि स्थानों पर दिनांक 13 से 16 अगस्त 2025 तक तिरंगा लगाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत गवर्नमेंट हाई स्कूल भदाया गंगाधर के छात्र-छात्राओं के मध्य तिरंगा पतंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सम्पन्न। छात्र छात्राओं द्वारा सुंदर सुंदर पतंगे बनाई गई। हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत पी0एम0 श्री स्कूल पी0एस0 सिहोरा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय अनूपनगर, प्राथमिक विद्यालय गढ़ी रौसू, प्राथमिक विद्यालय धाना शमसाबाद, उच्च प्राथमिक विद्यालय खप्परपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला सीता आदि में तिरंगा रैली निकाली गई।

## तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपाइयों में चले लात-घूंसे

मथुरा। मथुरा में भी तिरंगा यात्रा निकालने के दौरान बवाल हो गया। भाजपाई आपस में ही भिड़ गए। इस दौरान पहले धक्कामुक्की और उसके बाद जमकर लात-घूंसे चले। पूरा मामला फोटो खिंचवाने को लेकर हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। भाजपापाइयों के इस तरह से भिड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। महानगर अध्यक्ष ने धक्का-मुक्की की बात स्वीकार करते हुए कहा कि सुलह करा दी गई है।गौरतलब हो कि रविवार को महोली रोड पर धौली प्याऊ मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जा जा रही थी।

तिरंगा यात्रा में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

इसी दौरान पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के साथ फोटो खिंचवाने को लेकर दो गुटों में तकरार हो गई। शुरूआती कुछ मिनटों तक यह सिर्फ जुबानी जंग रही, मगर गुस्से में उबलते कार्यकर्ता एक-दूसरे पर टूट पड़े।

## डॉ.चमन प्रकाश जैन को दी श्रद्धांजलि



टूंडला। समाज सेवा और चिकित्सा क्षेत्र में अपनी अमूल्य सेवाएँ देने वाले प्रख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ प्रो.डॉ.चमन प्रकाश जैन को सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. जैन टूंडला के वर्धमान पुरम नगर पालिका के पास के निवासी थे। आगरा यूनिवर्सिटी आगरा उत्तर प्रदेश से गोल्ड मेडलिस्ट थे और चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता तथा मानव सेवा के प्रति समर्पण के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। डॉ.जैन केवल एक डॉक्टर नहीं थे, बल्कि वे धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी विशेष रुचि रखते थे।

उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए अनेक कार्य किए और हमेशा जरूरतमंदों की मदद को तत्पर रहे।

टूंडला स्थित विद्या संबंधी धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। धर्मशाला में स्थापित उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी ने नम आँखों से उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की। श्रंद्धाजलि सभा में आदिश्वर प्रकाश आदि प्रकाश अमित प्रकाश राहुल जैन अन्ना जैन विशाल जैन बसंत जैन, जसवीर प्रसाद जैन अनिल जैन मनोज जैन, सचिन जैन दीपक जैन और समाज की महिला पुरुष शामिल रहे।

## जन्माष्टमी से पूर्व भंडारा लगाने वाले निगम से लें अनुमति

मथुरा। नगर आयुक्त द्वारा योगीराज भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव (जन्माष्टमी) के महापर्व पर नगर निगम द्वारा इच्छुक व्यक्ति/संस्थाओं को नियमानुसार शुल्क जमा कराकर भण्डारा लगाये जाने की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये कि जो भी इच्छुक व्यक्ति/संस्था भण्डारा आयोजित करना चाहते है वह नगर निगम के भूतेश्वर जोन स्थित कार्यालय के ग्राउण्ड फ्लोर कक्ष सं0 12 में आवेदन प्रस्तुत कर नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर भण्डारा आयोजित कर सकते है। बिना अनुमति के भण्डारा आयोजित किये जाने पर रू0 10,000/- जुमार्ना वसूल किया जायेगा।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शुरू

मथुरा। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजीव यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू हो गया। अभियान का शुभारंभ पुलिस मॉडर्न पब्लिक स्कूल सिविल लाइन में पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज यादव द्वारा उपस्थित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।

जो बच्चे किसी कारणवश दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है। कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को 10 फरवरी को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईंट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रा के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी।

# क्राइस्ट द किंग स्कूल में बच्चों से राखी तुड़वाने की सूचना पर प्रदर्शन

जिला संवाददाता



टूंडला। नगर के क्राइस्ट द किंग स्कूल में बच्चों से राखी तुड़वाने की सूचना पर भाजपा नेताओं एबीवीपी कार्यकताओं और करनी सेना के पदाधिकारियों ने सोमवार को स्कूल का घेराव करते हुए स्कूल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। सूचना पर एसडीएम टूंडला अनुराधा सिंह सीओ एबीएसए थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कराया जहां बच्चों से राखी तुड़वाने जैसी कोई फुटेज न मिलने पर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। नगर के आगरा रोड स्थित क्राइस्ट द किंग स्कूल के बाहर सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। एबीवीपी भाजपा और करणी सेना के पदाधिकारियों ने स्कूल प्रशासन पर बच्चों की राखी तोड़ने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि शुक्रवार को राखी बांधने के बाद विद्यालय की सिस्टर ने कक्षा सात के बच्चों की राखी तोड़ दी थी। जिसको लेकर भाजपा के जिला महामंत्री दीपक चौधरी और एबीवीपी के पदाधिकारियों ने सोमवार को धरने की चेतावनी दी थी, जिसको लेकर प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर नारेबाजी की और विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही एसडीएम अनुराधा सिंह सीओ अमरीश कुमार थाना प्रभारी अंजीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।प्रदर्शनकारियों की मांग पर अधिकारियों ने स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई। फुटेज में राखी तोड़े जाने जैसी कोई फुटेज नहीं मिली और न ही इस बात का कोई प्रमाण मिला, जिस पर अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन समाप्त कर दिया। मामले को लेकर एसडीएम अनुराधा सिंह ने बताया कि क्राइस्ट द किंग स्कूल के किसी बच्चे ने अपने घर पर स्कूल में राखी तुड़वाने की बात कही जिस पर यह बात नगर में फैल गई, जिसको लेकर आज अभिभावक और सामाजिक संगठनों के लोगों ने स्कूल परिसर में पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, सूचना पर वह खुद व सीओ टूंडला पुलिस बल के साथ स्कूल परिसर पहुंचे प्रदर्शनकारियों की मांग पर स्कूल के सभी सीसीटीवी चेक कराए जहां राखी तुड़वाने जैसा कोई प्रमाण नहीं मिला जिस पर प्रदर्शनकारियों को शांत करा प्रदर्शन समाप्त कराया गया।




# वेस्टइंडीज ने पाक को पांच विकेट से हराया

## पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाये

एजेंसी



तारूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)। रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स की उपयोगी पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। बारिश के व्यवधान के कारण वेस्टइंडीज के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 35 ओवर में 181 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया।

चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा। त्रिनिदाद और टोबैगो के तारूबा स्थित ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज का स्कोर 18 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन था, जो 24 ओवर में पांच विकेट पर 111 रन हो गया। इसमें शेरफेन रदरफोर्ड का विकेट भी शामिल था, जिन्होंने 33 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर 26 रन) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हसन नवाज ने एक बार फिर पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 30 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। उन्होंने पहले वनडे में नाबाद 63 रन बनाए थे। हसन की रविवार की पारी में तीन छक्के शामिल थे। इनमें से दो छक्के उस ओवर में लगे जो बारिश के बाद पाकिस्तान की पारी का आखिरी ओवर साबित हुआ। हुसैन तलत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाए। पाकिस्तान के अधिकतर बल्लेबाजों में धीमी बल्लेबाजी की। इनमें कप्तान मोहम्मद रिजवान भी शामिल थे जिन्होंने 38 गेंद पर 16 रन बनाए। पाकिस्तान ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया था। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में खेली गई पिछली टी-20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

### भारतीय सेना जीत के बावजूद डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूकी

जमशेदपुर। भारतीय सेना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद 134वें डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में शानदार वापसी करते हुए। लद्दाख एफसी को 4-2 से शिकस्त दी। टीम हालांकि इस जीत के बावजूद टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में नाकाम रही। इस जीत के साथ उनके छह अंक हो गए। लेकिन उनका प्लस 2 गोल अंतर छह ग्रुप में प्रत्येक के दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में शीर्ष दो में नहीं है। पी कमलेश ने मैच के 22वें मिनट में। लद्दाख एफसी का खाता खोला जबकि विग्नेश ने इसके 14 मिनट बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। सामा ने हेडर की मदद से भारतीय सेना के लिए पहला गोल किया जबकि अभिषेक ने मध्यांतर से पहले गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। मध्यांतर के बाद भारतीय सेना के खेल में बेहतर तालमेल दिखा। मैच के 51वें मिनट में क्रिस्टोफर केमाई ने स्पॉट किक को गोल में बदल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी। इसके चार मिनट के बाद ही राहुल रामाकृष्णन ने गोल कर टीम को 4-2 से आगे कर दिया। सेना की टीम मैच के आखिर तक इस बढ़त को बनाये रखने में सफल रही।

# एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहा भारत, रीतिका ने जीता स्वर्ण



बैंकॉक। रीतिका ने महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत ने सोमवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर -22 वर्ग के पदक तालिका में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया। भारतीय अंडर-22 टीम ने कुल 13 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जबकि अंडर-19 मुक्केबाजों ने कुल 14 पदक (तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य) के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकी। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाकस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रही। यात्री पटेल को महिला 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में चीन की यू तियान को जोरदार टक्कर देने के बावजूद प्रिया को 2-3 के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

नीरज को पुरुष 75 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकतजोन बोल्टायेव से हार का सामना करना पड़ा। ईशान कटारिया 90 किग्रा के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हार गए, जिससे दोनों भारतीय पुरुष मुक्केबाजों ने रजत पदक हासिल किया।

### आईजीयू ने मिड-अमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी

तांगेरांग (इंडोनेशिया)। भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ (एपीजीसी) और इंडोनेशिया गोल्फ संघ द्वारा आयोजित पहली मिड-अमेच्योर चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जो एक आयु सीमा (ज्यादातर देशों में 25 साल) को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय मिड-अमेच्योर चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गार्डिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन चार आयु वर्गों में किया जाएगा।

## संक्षेप

### अहलावत स्कॉटलैंड में 25वें स्थान पर रहे

एबेरडीन (स्कॉटलैंड)। भारतीय गोल्फर वीर अहलावत नेक्सो चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद यहां ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ लिंक्स में संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर रहे। अहलावत का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। पिछले साल पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर रहने के कारण डीपी वर्ल्ड टूर में खेल रहे अहलावत ने चौथे और आखिरी दौर में तीन बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। मौजूदा सत्र में डीपी वर्ल्ड टूर में यह सिर्फ तीसरा मौका है जब अहलावत शीर्ष 25 में रहे हैं। वह हीरो इंडियन ओपन में संयुक्त 17वें और ऑस्ट्रियन अल्पाइन ओपन में संयुक्त 13वें स्थान पर रहे थे। स्कॉटलैंड के ग्रांट फॉरेस्ट ने चार शॉट की बड़ी बढ़त के साथ डीपी वर्ल्ड टूर का अपना दूसरा खिताब जीता। उन्होंने चौथे दिन पार 72 के कार्ड के साथ कुल आठ अंडर का स्कोर किया।

### इंटर मियामी की करारी हार

ऑरलैंडो। इंटर मियामी को सुपरस्टार लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति में मेजर लीग सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच में ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा। मेसी दाहिने पैर में चोट लगने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए और मियामी को उनकी बड़ी कमी खली। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को यह चोट दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में लगी थी। मेसी ने अपने क्लब के 23 मैचों में से 18 मैच में खेलते हुए 18 गोल किए हैं। ऑरलैंडो सिटी की तरफ से लुइस मुरील ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया जबकि मार्टिन ओजेडा ने एक गोल करने के अलावा एक गोल में मदद की। मुरील ने ओजेडा की मदद से दूसरे मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, जो केवल तीन मिनट तक कायम रही। यानिक ब्राइट ने अपने 40वें मैच में अपना पहला गोल करके इंटर मियामी को बराबरी पर ला दिया। ऑरलैंडो सिटी ने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद मुरील के आठवें गोल की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली।

### कोठारी और आरोड़ा क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू (चीन)। भारत के सौरव कोठारी और शिवम अरोड़ा सोमवार को यहां विश्व खेलों में अपनी-अपनी क्यू खेल स्पर्धाओं के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। कोठारी अपने अंतिम लीग मैच में ग्रेट ब्रिटेन के डेरिल हिल के खिलाफ l-2 से हार गए। हार के बावजूद भारतीय खिलाड़ी ने तीन खिलाड़ियों के बीच टाई के बाद बेहतर फ्रेम औसत (1) के साथ अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया।

# ओलंपिक की मेजबानी के लिए आईओसी से चल रही बातचीत

एजेंसी



नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चल रही है। संगरूर से आम आदमी पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के एक प्रश्न के उत्तर में मांडविया ने कहा कि पूरी बोली प्रक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) संभाल रहा है।

मंत्री ने निचले सदन में कहा आईओए ने आईओसी को आशय पत्र सौंप दिया है। बोली अब आईओसी के भावी मेजबान आयोग के साथ निरंतर बातचीत चरण में है। मंत्री ने हालांकि हेयर के इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या भारत कई स्थानों पर ओलंपिक की मेज़बानी के लिए बोली लगा रहा है। हेयर ने पूछा कि क्या प्रस्तावित योजना में भुवनेश्वर में हॉकी, भोपाल में नौकायन, पुणे में कैनोइंग कयाकिंग और मुंबई में क्रिकेट का आयोजन करना शामिल हैं। मांडविया ने कहा भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की जिम्मेदारी है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) विस्तृत चयन प्रक्रिया से गुजरकर ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार सौंपती है। भारत ने हालांकि अपनी बोली में किसी शहर का नाम नहीं दिया है लेकिन गुजरात सरकार इसमें काफी दिलचस्पी दिखा रही है।

उसके खेल मंत्री हर्ष संघवी उस भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसने पिछले महीने बोली पर चर्चा करने के लिए लुसाने स्थित आईओसी मुख्यालय का दौरा किया था। निरंतर बातचीत के चरण में आइओसी मेजबानी के दावेदारों की तैयारी का व्यावहारिक आकलन करती है। आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने फिलहाल मेजबान चयन प्रक्रिया को रोक दिया है।

# क्रिस्टल पैलेस ने पेनल्टी शूटआउट में कम्युनिटी शील्ड जीती

एजेंसी

लंदन। क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना स्वप्निल अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेम्बली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, यह अविश्वसनीय है।

लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था। उसके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं और उनकी टीम मजबूत है। हमने तीन महीने के अंदर दो ट्रॉफी जीती हैं। यह अविश्वसनीय है। एफए कप में जीत के साथ पैलेस ने अपने इतिहास में पहली बड़ी ट्रॉफी जीती थी और अब कम्युनिटी शील्ड जीतकर उसने साबित कर दिया कि उसकी पिछली जीत महज संयोग नहीं थी।




### एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य था, हमने इसे हासिल किया: भारत अंडर-20 महिला कोच

नयी दिल्ली। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने कहा कि भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम का हाल ही में एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने से राष्ट्रीय अंडर-20 टीम को इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए अतिरिक्त प्रेरणा मिली। भारत ने रविवार को यंगून में अपने अंतिम ग्रुप डी क्वालीफाइंग मुकाबले में मेजबान म्यांमार का 1-0 से हराकर दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। पिछले साल दिसंबर से टीम को ट्रेनिंग दे रहे एलेक्जेंडरसन ने कहा, यह लड़कियों के लिए बहुत खास है। वे कई महीनों से तैयारी कर रही थीं और सीनियर महिला टीम ने इतने शानदार तरीके से क्वालीफाई किया जिसे देखकर उन्हें अतिरिक्त प्रेरणा मिली।

उन्होंने कहा, उनका जज्बा शानदार था। जब हम म्यांमार पहुंचे थे तब एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा एकमात्र लक्ष्य था और अब हमने इसे हासिल कर लिया है। पूजा ने थुवुन्ना स्टेडियम में 27वें मिनट में निर्णायक गोल दागा जिससे भारत सात अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा और थाईलैंड में होने वाले 2026 के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई। एलेक्जेंडरसन ने कहा सच कहूं तो दूसरा हाफ हमारे खेल के स्तर के लिहाज से सबसे अच्छा नहीं था लेकिन तीसरी बार विरोधी टीम को गोल करने से रोकना और एक टीम के तौर पर इतनी मेहनत करना, इन खिलाड़ियों के शानदार मनोबल को दर्शाता है। मैदान पर जश्न के बाद स्वीडन के इस कोच ने खिलाड़ियों और स्टाफ को भावुक भाषण दिया और कहा कि वे मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के हकदार हैं। उन्होंने कहा यह मेरे लिए बहुत भावुक पल है क्योंकि मैंने देखा कि आपने वहां कितनी मेहनत की। लेकिन चुनौतियों के बावजूद आपने खेल में जो मेहनत की वह जबरदस्त थी। हमने बहुत संघर्ष किया, अपना सब कुछ झोंक दिया। हमने दिखाया कि हम एशियाई कप में जगह बनाने के हकदार हैं और इसीलिए हम यहां हैं। भारतीय टीम का सोमवार सुबह नयी दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

यह अतीत से उबरने के बारे में भी था। 2023 में अंडर-20 टीम क्वालीफायर के पहले दौर में वियतनाम से गोल अंतर के आधार पर बेहद कम अंतर से पिछड़ गई थी। विंगर नेहा उन कुछ खिलाड़ियों में से एक थीं जो दो साल पहले वियतनाम से निराश होकर लौटी थीं और इस बार म्यांमार में टीम को सफलता हासिल लगी। पूजा के गोल में मदद करने वाली नेहा ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मैंने आखिरकार पहली बार ऐसा कर दिखाया। पिछली बार वियतनाम में हम क्वालीफायर में सिर्फ एक गोल से चूक गए थे। लेकिन इस बार मुझे गर्व है। यह हमारा अब तक का सबसे अच्छा मैच था। मैं अपने पिता का आभार व्यक्त करना चाहती हूं। मैच से पहले उन्होंने मुझे कहा था, बेटा, आज टीम इंडिया के लिए कुछ करना। इसलिए मुझे बहुत गर्व हो रहा है। कप्तान शुभांगी सिंह ने पहले मैच में इंडोनेशिया के साथ गोलरहित ड्रॉ के बाद निराशा व्यक्त की थी लेकिन रविवार के परिणाम के बाद वह बेहद खुश थीं।

# आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध : हरमनप्रीत

एजेंसी



मुंबई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी।

इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है जिसमें भारत उपविजेता रहा था। हरमनप्रीत ने वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कहा हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत की टीम की साथी स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और हमें इससे अपनी स्थिति का पता चलता है। यह श्रृंखला (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे) हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं। हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रन की जोरदार पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी।

उस पारी की यादें अब भी उनके जेहन में ताजा हैं। उन्होंने कहा वह पारी मेरे और महिला क्रिकेट के लिए वाकई बहुत खास थी। उस पारी के बाद मेरे लिए बहुत कुछ बदल गया। हम भले ही फाइनल में हार गए थे लेकिन जब हम वापस लौटे तो बहुत सारे लोग हमारा इंतज़ार कर रहे थे और हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मैं उसे याद करके आज भी रोमांचित हो जाती हूं। वनडे विश्व कप 2011 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे युवराज ने कहा कि खिलाड़ियों को यह विश्वास रखना होगा कि वे देश के लिए मैच जीत सकते हैं। उन्होंने कहा मैं कहूंगा कि परिस्थिति के अनुसार खेलें, अपेक्षा के अनुसार नहीं और वर्तमान में बने रहें। युवराज ने कहा यह इतिहास रचने का शानदार मौका है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप शुरू से ही चैंपियन बनने के बारे में सोचने लग जाओ। आपको इस पूरी प्रक्रिया को महसूस करना होगा कि हमने कड़ी मेहनत की है और परिणाम हमारे अनुकूल रहेंगे।

आपको खुद पर भरोसा रखना होगा और यह विश्वास बनाए रखना होगा कि आप देश के लिए मैच जीत सकते हैं। रोड्रिग्स और मंधाना दोनों ने कहा कि तैयारियों के मामले में टीम के रवैये में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। रोड्रिग्स ने कहा मेरी तैयारी और मानसिकता में बहुत कुछ बदल गया है। अच्छी तैयारी से मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। मंधाना ने कहा, हमारी पूरी टीम उस दिशा में बढ़ रही है जहां हमें पता है कि हमें मैदान के बाहर बहुत मेहनत करनी होगी और जब हम मैदान पर उतरते हैं, तो हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिताली ने कहा कि 2017 विश्व कप महिला क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण मोड़ था। उन्होंने कहा विश्व कप 2017 ने वास्तव में न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर महिला क्रिकेट को बदल दिया क्योंकि सोशल मीडिया अपेक्षाकृत नया था (और) आईसीसी ने बड़े पैमाने पर प्रचार करने में अपनी भूमिका निभाई थी। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा कि 30 सितंबर से शुरू होने वाला यह विश्व कप महिला क्रिकेट को नई उंचाइयों पर ले जाएगा। गुप्ता ने कहा यहां एक बड़ी तस्वीर है जो इस बात से जुड़ी है कि देश के लिए इसका क्या मतलब है। महिला क्रिकेट का विकास कई मायनों में देश की प्रगति का प्रतिबिंब है।

# जूनियर पुरुष हॉकी में 30 टीमें लेंगी भाग

एजेंसी



नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी। नया प्रारूप इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है। भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन ए में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। डिवीज़न बी में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष पर रहने वाली दो टीम अगले साल डिवीज़न ए में खेलेंगी जबकि अंतिम दो स्थान पर रहने वाली दो टीम डिवीज़न सी में खिसक जाएंगी। इस डिवीजन के मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे। डिवीजन सी के मैच भी लीग प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें टीमों को चार-चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। इसमें शीर्ष दो टीम अगले साल डिवीजन बी का हिस्सा होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, जूनियर टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। युवा खिलाड़ी इस प्रारूप में खेलकर बहुत कुछ सीखेंगे क्योंकि हमें सभी डिवीजनों की टीमों के बीच एक अलग स्तर की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

### जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मोंडो ट्रैक एक सितंबर तक तैयार हो जायेगा : झझारिया

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने सोमवार को कहा कि विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियां तय कार्यक्रम के अनुसार चल रही हैं और प्रतियोगिता स्थल और प्रशिक्षण क्षेत्र में मोंडो ट्रैक बिछाने का काम एक सितंबर तक पूरा हो जाएगा। भारत 27 सितंबर से पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है और चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए मुख्य स्टेडियम और आस-पास के प्रशिक्षण स्थल पर ट्रैक फिर से बिछाए गए हैं। झझारिया ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा हमने मुख्य स्टेडियम और प्रशिक्षण क्षेत्र के अंदर मोंडो ट्रैक बिछाने का 95 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। बेस बिछाने में काफी समय लगता है लेकिन बेस को मोंडो से ढकने में ज्यादा समय नहीं लगता। उन्होंने कहा बेस का काम पूरा हो गया है, ऊपर मोंडो बिछाने का काम शुरू हो गया है। एक सितंबर तक सब कुछ पूरा हो जाएगा। यह पूछे जाने पर कि ट्रैक को शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त घोषित करने के लिए विश्व एथलेटिक्स से प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कितना समय लगेगा तो झझारिया ने कहा ट्रैक बिछाने का काम पूरा होते ही विश्व एथलेटिक्स के विशेषज्ञ आ जाएंगे।

# सदन को बंधक नहीं बनाया जा सकता : नड्डा

## हंगामे के बीच रास में विधेयक पारित हो रहे : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी




नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच तीन विधेयकों को ध्वनिमत से मंजूरी दिए जाने पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने विरोध जताते हुए कहा कि लोकतंत्र में ऐसा नहीं होता। वहीं सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा जरूर होनी चाहिए लेकिन सदन को बंधक भी नहीं बनाया जा सकता। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे उच्च सदन की बैठक पुनः शुरू होने पर मणिपुर बजट तथा मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 को और वाणिज्यिक पोत परिवहन विधेयक को मंजूरी ध्वनिमत से मंजूरी दी गई।

जब सदन में मणिपुर बजट तथा मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 पर संक्षिप्त चर्चा हो रही थी तब विपक्षी सांसद चाहते थे कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने दिया जाए। ये सदस्य बिहार में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ हंगामा और नारेबाजी कर रहे थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर के बजट का विरोध करने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विपक्ष मणिपुर के बारे में तो बोलता है, लेकिन जब उसके बजट और जीएसटी विधेयक पर चर्चा हो रही होती है, तो वह न केवल किसी अन्य मुद्दे पर विरोध कर रहा होता है, बल्कि उसके खिलाफ मतदान भी करता है। विधेयक पर ध्वनिमत से हुए मतदान के दौरान विपक्षी सांसदै नहीं कहते सुने गए। इसके बाद पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2025 को चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया। इसी बीच आसन की ओर से खरगे को बोलने की अनुमति दी गई। खरगे ने कहा कि सदन में व्यवस्था नहीं है, हंगामा हो रहा है फिर भी महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में ऐसा नहीं होता। इस पर सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए।

बेशक होनी चाहिए। लेकिन सदन को बंधक भी नहीं बनाया जा सकता। नड्डा ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति में विधेयक पारित करने की सहमति जताने वाले विपक्ष ने इसमें बाधा डाली। उन्होंने कहा कि दो साल से मणिपुर में शांति लाने के प्रयास किए जा रहे हैं और आज जब मणिपुर के दो विधेयकों पर सदन में चर्चा हुई तो विपक्ष का आचरण देख कर हैरानी हो रही है। नड्डा की इस बात पर विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और हंगामा तेज हो गया। पीठासीन अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नागर ने दो बज कर 50 मिनट पर बैठक को तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। तीन बजे जब बैठक पुनः शुरू हुई तो आसन की अनुमति से खरगे ने अपनी बात रखना शुरू किया।

# न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगें वादी और वकील : उच्चतम न्यायालय



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश इस शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों से किसी भी तरह से कमतर नहीं हैं। इसी के साथ उच्चतम न्यायालय ने एक वादी और उसके वकीलों को तेलंगाना उच्च न्यायालय के उन न्यायाधीश से बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया, जिनके खिलाफ उन्होंने अपमानजनक आरोप लगाए थे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा हमने देखा है कि आजकल वकीलों के बीच अकारण उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों के न्यायाधीशों की आलोचना करना एक चलन बन गया है।

यह भी एक चलन बन गया है कि जब भी मामले में कोई राजनीतिक व्यक्ति शामिल होता है, तो यह माना जाता है कि याचिकाकर्ता को न्याय नहीं मिला है और वह स्थानांतरण की मांग करता है। (लेकिन) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के समान ही छूट प्राप्त है। पीठ ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों से किसी भी तरह से कमतर नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने कहा हालांकि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के निर्णयों को संशोधित कर सकते हैं, लेकिन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर उसका (उच्चतम न्यायालय का) कोई प्रशासनिक नियंत्रण नहीं है। उच्चतम न्यायालय संबंधित विषय का स्वतः संज्ञान लेकर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप अवमाननापूर्ण हैं और उन्हें माफ नहीं किया जा सकता।

## संक्षेप

### ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने को लेकर चीन पर शुल्क लगाने पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया : वेंस

न्यूयॉर्क। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा है कि उनके देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने को लेकर चीन पर शुल्क लगाने के बारे में अभी तक कोई फैसला नहीं किया है क्योंकि चीन के साथ अमेरिका के संबंध ऐसी कई चीजों को प्रभावित करते हैं जिनका रूसी स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। वेंस ने फॉक्स न्यूज संडे से कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि वह इस बारे में सोच रहे हैं लेकिन उन्होंने अभी तक कोई ठोस फैसला नहीं लिया है। वेंस से पूछा गया था कि ट्रंप भारत जैसे देशों पर रूसी तेल खरीदने के लिए भारी शुल्क लगा रहे हैं तो क्या अमेरिका चीन पर भी इसी तरह के शुल्क लगाएगा क्योंकि चीन भी रूस से तेल खरीदता है। वेंस ने कहा जाहिर है कि चीन का मुद्दा थोड़ा अधिक जटिल है क्योंकि चीन के साथ हमारे रिश्ते कई ऐसी अन्य चीजों को प्रभावित करते हैं जिनका रूसी स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रंप अपने विकल्पों की समीक्षा कर रहे हैं और निश्चित रूप से वह उचित समय पर इस पर निर्णय लेंगे। अमेरिका ने शुरुआत में भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था। इसके बाद ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद के लिए दिल्ली पर पिछले सप्ताह 25 प्रतिशत का और शुल्क लगा दिया जिससे भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है।

# मुनीर ने अमेरिका में एक बार फिर भारत विरोधी राग अलापा

न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत विरोधी राग अलापते हुए कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया है। मुनीर ने फ्लोरिडा के टेम्पा में पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने पानी के अधिकारों की हर कीमत पर रक्षा करेगा। पहलगाम हमले से कुछ हफ्ते पहले मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को नहीं भूलेगा और उन्होंने दावा किया था। यह हमारे गले की नस (बेहद महत्वपूर्ण) है। भारत ने उनके इस बयान को खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था, किसी भी विदेशी चीज का गले की नस से क्या संबंध हो सकता है? यह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान से इसका एकमात्र संबंध यह है कि पड़ोसी देश अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करे।

अपने संबोधन में मुनीर ने कहा कि हाल में भारत के साथ हुए संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने दृढ़ता एवं प्रबलता से प्रतिक्रिया दी और इस्लामाबाद ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की ओर से किसी भी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# पीओके के गिलगित-बाल्टिस्तान में बाढ़ से तबाही

एजेंसी



पेशावर। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित क्षेत्र में बाढ़ से क्षतिग्रस्त दरिया की मरम्मत के दौरान भूस्खलन में दबकर नौ स्वयंसेवकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात दान्योर नाले पर घटी जब भारी मात्रा में मिट्टी श्रमिकों पर गिर गयी और मलबे के नीचे दबने से कई लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा स्थानीय निवासियों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया।

अस्पताल के अधिकारियों ने नौ मौतों की पुष्टि की और चेतावनी दी है कि और लोग फंसे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। एक अलग घटना में, पिछले शुक्रवार को शीशपर ग्लेशियर से बनी एक झील के तटबंध टूटने से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अचानक आई बाढ़ के चलते पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाले काराकोरम राजमार्ग का एक हिस्सा बह गया। द डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ ने सुरक्षात्मक दीवारों को नष्ट कर दिया, कृषि भूमि को नुकसान पहुंचाया तथा 50 से अधिक घरों को खतरा पैदा हो गया। अधिकारियों ने कहा कि यह 2018 के बाद से हसनाबाद दरिया में आई सबसे भीषण बाढ़ थी, जिससे अलीबाद और आसपास के गांवों की सिंचाई और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था क्षतिग्रस्त हो गई और हुंजा की अधिकांश आबादी का मुख्य सड़क संपर्क टूट गया।

# चीन की योजना वास्तविक नियंत्रण रेखा तक रेल नेटवर्क बनाने की

एजेंसी



बीजिंग। चीन शिनजियांग प्रांत को तिब्बत से जोड़ने के लिए सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजना पर काम कर रहा है और इसका एक हिस्सा भारत के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक से गुजरेगा। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के मुताबिक इस साल विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाओं में से एक पर काम शुरू होने की उम्मीद है।

इसके लिए एक सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी की स्थापना की जाएगी जो शिनजियांग के होटन को तिब्बत के ल्हासा से जोड़ने वाली रेल परियोजना के निर्माण और संचालन की देखरेख करेगी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने शंघाई सिक्योरिटीज न्यूज के हवाले से दी गई खबर में कहा कि शिंजियांग-तिब्बत रेलवे कंपनी (एक्सटीआरसी) को औपचारिक रूप से 95 अरब युआन (13.2 अरब अमेरिकी डॉलर) की पूंजी के साथ पंजीकृत किया गया है और परियोजना के निर्माण के लिए इसका पूर्ण स्वामित्व चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप के पास है। हुबेई स्थित हुआयुआन सिक्योरिटीज ने शुक्रवार को एक शोध पत्र में कहा, इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य 2035 तक ल्हासा केंद्रित 5,000 किलोमीटर लंबा पठारी रेल ढांचा स्थापित करना है। अखबार में शनिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक परियोजना की पंजीकृत पूंजी प्रारंभिक वित्तपोषण को दर्शाती है, न कि कुल परियोजना लागत को। उदाहरण के लिए, 1,800 किलोमीटर लंबे सिचुआन-तिब्बत रेलवे के निर्माण पर 320 अरब युआन (45 अरब अमेरिकी डॉलर) लागत आने की उम्मीद है। खबर में कहा गया है, रेल मार्ग के कुछ हिस्से चीन-भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से भी गुजरेंगे, जो दोनों देशों के बीच मौजूदा सीमा है।

इसके मद्देनजर यह शेष चीन की तुलना में कम बुनियादी ढांचे वाले सीमांत क्षेत्र में सामरिक महत्व रखता है। इस क्षेत्र में चीन ने कई विशाल अवसंरचना परियोजनाओं पर काम किया है जिनमें शिंजियांग-तिब्बत राजमार्ग, जिसे जी219 राजमार्ग के नाम से भी जाना जाता है, विवादित अक्साई चिन क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो 1962 के युद्ध में एक प्रमुख विवाद बिंदु था। खबर में कहा गया कि शिंजियांग-तिब्बत रेलवे तिब्बत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए प्रस्तावित चार रेल मार्गों में से एक है, जबकि अन्य सेवाएं पश्चिमी क्षेत्र को किंघई, सिचुआन और युन्नान प्रांतों से जोड़ती हैं। इसमें कहा गया है कि किंघई-तिब्बत लाइन चालू है, जबकि अन्य दो पर निर्माण कार्य जारी है। चीन का तिब्बत क्षेत्र हवाई, सड़क और रेल नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।

# लोकसभा ने नये आयकर विधेयक को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने सोमवार को आयकर संबंधी उस नए विधेयक को स्वीकृति प्रदान कर दी, जो आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। यह नया विधेयक लोगों को निश्चित समय के अंदर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाने पर भी टीडीएस रिफंड का दावा करने की अनुमति प्रदान करेगा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों की नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर (संख्यांक 2) विधेयक, 2025 लोकसभा में पारित करने के लिए पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से अनुमोदित किया।

इस विधेयक में प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशों को शामिल किया गया है। यह विधेयक मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा, जिसमें बीते कुछ साल में कई संशोधन किए गए हैं। यह वर्तमान अधिनियम के मूल कर प्रावधानों को बरकरार रखता है और मुख्य रूप से भाषा को सरल बनाने और अनावश्यक प्रावधानों को हटाने का प्रावधान करता है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है, प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं। इसके अलावा, हितधारकों से ऐसे बदलावों के बारे में सुझाव प्राप्त हुए हैं जो प्रस्तावित कानूनी अर्थ को और अधिक सटीक रूप से व्यक्त करेंगे। सरकार ने गत 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति ने इसमें कुछ बदलाव की सिफारिश की थी। उक्त विधेयक को शुक्रवार को सदन में वापस ले लिया गया।

प्रवर समिति ने सुझाव दिया था कि सरकार को उन लोगों के लिए टीडीएस दावों से संबंधित प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए जो तय समयसीमा तक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल नहीं कर पाते। संशोधित विधेयक के अनुसार, लोगों को मूल आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए प्रदान की गई वैधानिक समयसीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने की स्थिति में टीडीएस रिफंड का दावा करने की अनुमति होगी। विधेयक के कथन में कहा गया है।

मसौदे की प्रकृति, वाक्यांशों के संरेखण, परिणामी परिवर्तनों और परस्पर संदर्भों में सुधार किए गए हैं। इसलिए, सरकार ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेने के लिए आयकर (संख्यांक 2) विधेयक, 2025 तैयार किया गया है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'बागी 4' टीजर, टाइगर की दहाड़ या 'एनिमल' की गूंज?



मुंबई। टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बागी 4' का टीजर जारी कर दिया गया है। 1 मिनट 49 सेकंड के इस टीजर में टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त का खतरनाक अवतार देखने को मिल रहा है।

यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज होगी। टीजर की शुरूआत में बैकग्राउंड में टाइगर श्रॉफ की आवाज सुनाई देती है, जिसमें वह कहते है

> दर्शकों को आई रणबीर की फिल्म की याद, लेकिन टाइगर श्रॉफ संजय दत्त की खूनी जंग दमदार

'जरूरत और जरूरी में फर्क होता है। अलीशा तेरी जरूरत थी और मेरे लिए जरूरी।' स्क्रीन पर फिल्म के विलेन संजय दत्त और हीरो टाइगर श्रॉफ को दिखाया जाता है। टीजर में न सिर्फ टाइगर और संजय दत्त के बीच, बल्कि हरनाज संधू और सोमन बाजवा के बीच भी जबरदस्त एक्शन और खून-खराबा देखने को मिलता है। 'बागी 4' के टीजर को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हर कोई टाइगर श्रॉफ के दमदार एक्शन और संजय दत्त के खतरनाक विलेन अवतार की तारीफ कर रहा है।

हालांकि अब सोशल मीडिया पर इस टीजर को लेकर एक बहस भी शुरू हो गई है कि क्या यह रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की हूबहू कॉपी है? क्योंकि टीजर के बैकग्राउंड म्यूजिक से लेकर उसमें दिखाए गए गाने और खून-खराबे वाले सीन लोगों को 'एनिमल' की याद दिला रहे हैं। फिल्म बागी 4, 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है।

इसमें टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है, जबकि इसके निमार्ता साजिद नाडियाडवाला हैं। 'बागी 4, बागी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त है, जो पहले से कहीं ज्यादा दमदार एक्शन के साथ लौट रही है।

### एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं प्रियंका

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा को रविवार को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। इस दौरान वो बेटी मालती को सूटकेस में बैठाकर ले जाती नजर आईं। वहीं शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी मूवी डेट के बाद मुंबई में स्पॉट हुई हैं। ब्लैक आउटफिट में प्रियंका चोपड़ा का बेहद कंफी और कूल लुक दिखा। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रियंका अपना बैग एयरपोर्ट स्टाफ को थमा रही हैं, हालांकि ठीक इसी समय बैग उनकी बेटी के सिर से टकरा जाता है। प्रियंका बीते कुछ दिनों से काम के सिलसिले में हैदराबाद में ठहरी हुई थीं, जिसके बाद वो मुंबई आई थीं। मूवी डेट से लौटते हुए सुहाना खान का भी एक वीडियो सामने आया है। उनके साथ बेस्टफ्रेंड अनन्या पांडे और भाई अबराम भी मौजूद था।

# 8 साल पहले छोड़ा था तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो : असित मोदी



मुंबई। टेलीविजन के पॉपुलर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन का किरदार निभाकर देशभर में पॉपुलर हुईं दिशा वकानी ने हाल ही में शो के प्रोड्यूसर से मुलाकात की है। उन्होंने रक्षाबंधन के खास मौके पर असित मोदी के घर पहुंचकर उन्हें

> असित मोदी के घर पहुंचीं दयाबेन उर्फ दिशा वकानी: प्रोड्यूसर ने छुए पैर, रक्षाबंधन मनाया

राखी बांधी, जिसके बाद प्रोड्यूसर ने उनके पैर छुए। इस खास मौके पर दिशा वकानी की बेटियां भी मौजूद रहीं। प्रोड्यूसर असित मोदी ने दिशा वकानी के साथ रक्षाबंधन मनाते हुए एक वीडियो शेयर कर इमोशनल पोस्ट शेयर की है। उन्होंने लिखा है, कुछ रिश्ते किस्मत बुनती है, खून का नहीं, दिल का नाता होता है। दिशा वकानी सिर्फ हमारी 'दया भाभी' नहीं, बल्कि मेरी बहन हैं। सालों से हंसी, यादें और अपनापन बांटते हुए ये रिश्ता स्क्रीन से कहीं आगे बढ़ चुका है। इस राखी पर, वही अटूट भरोसा और वही गहरा अपनापन फिर से महसूस हुआ।

# जैस्मिन भसीन के साथ हुआ था कास्टिंग काउच



**मुंबई**। बिग बॉस 14 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन ने हाल ही में कास्टिंग काउच से जुड़ा अनुभव शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक निर्देशक ने ऑडिशन के बहाने उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश की। हालांकि, जैस्मिन ने स्थिति को समय रहते समझ लिया और वहां से बाहर निकल गईं। द हिमांशु मेहता शो में बातचीत के दौरान जैस्मिन ने कहा, मैं बॉम्बे ऑडिशन देने आई थी और जुहू के एक होटल में एक मीटिंग थी। जहां कई लड़कियां और एक्ट्रेसेज लॉबी में इंतजार कर रही थीं। साथ में कई कोऑर्डिनेटर भी मौजूद थे, तो वहां सब मीटिंग के लिए आए हुए थे। जब मैं उस मीटिंग रूम में गई, तो वहां एक आदमी शराब पीते हुए ऑडिशन की बातें कर रहा था, जिसे देखकर मैं डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। शुरूआत में मैं बहुत घबरा गई थी। फिर उस आदमी ने मुझसे कहा कि तुम्हें यह सीन परफॉर्म करना है।

> ऑडिशन के बहाने बुलाकर होटल रूम में बंद किया, गलत तरह से छूने की कोशिश की

मैंने जवाब दिया था सर मैं सीन तैयार करके कल आऊंगी। लेकिन उसने जोर देकर कहा नहीं, अभी करना होगा। तो मैंने डर के मारे वो सीन कर दिया। जैस्मिन ने आगे कहा, उसने कहा नहीं ऐसे नहीं। असल में वो मुझे खड़ा करके एक सीन समझा रहा था, जैसे कि तुम्हारा प्रेमी जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना है। मैंने वो सीन एक्ट किया। लेकिन उसने फिर कहा नहीं, ऐसे नहीं। इसके बाद उसने कमरा अंदर से बंद कर दिया। वो कुछ गलत हरकत करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन फिर मैंने अपनी स्किल्स का इस्तेमाल किया और वहां से भाग गई। उस दिन के बाद से मैंने फैसला किया कि मैं आज के बाद अपनी जिंदगी में कभी कोई मीटिंग होटल के कमरे में नहीं करूंगी।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com